www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 18 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –213 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



मोदी जनता से किए वादे पूरे करते तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता: शर्मा पृष्ठ 2

अभिमत ■ मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे पृष्ठ 6

■ शेख हसीना ने बीएनपी, जमात से कहा, माफी मांगें और चुनाव में हिस्सा लें पृष्ठ 7

हार को पचा पाना मुश्किल है : तेम्बा बावुमा पृष्ठ 11

# सुबह से शाम तक लंबी कतारें, 68 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

## प्रदेश में मामूली हिंसा के साथ शांतिपूर्ण मतदान, तीन दिसंबर को आएगा परिणाम



**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में आज दूसरे चरण के लिए शांतिपूर्ण मतदान हुआ। अब तक 68.15 प्रतिशत वोटिंग होने की खबर गई।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने चुनाव होने के बाद पत्रकार वार्ता में बताया दूसरे चरण के लिए शाम 5 बजे तक 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले पहले चरण में डेढ़ प्रतिशत की बढ़त हुई है। उन्होंने बताया कि इस बार दूरस्थ और कम से कम मतदाताओं वाले क्षेत्रों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे।मतदान के दौरान 1962 सेक्टर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारीपूर्ण निभाई।18833 मतदान केंद्रों में से 9 हज़ार से ज़्यादा मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की गई थी. ।वहीं मतदान के दौरान मशीन एक से दो प्रतिशत खराबी हुई है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टी के वापस लौटते समय हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह आई डी ब्लास्ट में शहीद हो गए, इसके अलावा सभी पोलिंग पार्टियां सुरक्षित वापस लौट चुकी हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 8 बजे से शुरू हुआ। वोट डालने मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई है। वहीं अपने मतों का प्रयोग करने प्रत्याशी भी पहुंचे हैं। जहां वे वोटर्स के साथ लाइन में लगे नजर आए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

दूसरे चरण के 70 सीटों में वोटिंग हुई। जहां कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री अनिला भेड़िया, भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू, कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू, बीजेपी प्रत्याशी नारायण चंदेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा और उनके पिता सत्यनारायण शर्मा, ताम्रध्वज साहू, भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी, मंत्री अमरजीत भगत ने मतदान किया है। ➤➤शेष पृष्ठ 7 पर➤

### धमतरी जिले में सबसे अधिक मतदान, रायपुर में सबसे कम

निर्वाचन आयोग ने 5 बजे तक के वोटिंग के आंकड़े जारी किया है। जिसमें पूरे 70 सीटों में 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें से धमतरी जिले में सबसे अधिक मतदान हुआ है। वहीं रायपुर जिले में सबसे कम मतदान हुआ है। हालांकि ये अंतिम आंकड़े नहीं है। वोटिंग परसेंटेज में और बढ़ोतरी हो सकती है।

### मतदान करने लाइन में खड़ी महिला की मौत

**कसडोल।** कसडोल विधानसभा क्षेत्र से एक बुरी खबर सामने आई है, जहां मतदान केंद्र क्रमांक 76 मल्दा में मतदान करने के लिए लाइन में खड़ी 58 वर्षीय सहोदरा की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। रिटर्निंग अधिकारी भूपेंद्र अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की है।

### लंबी लाइन में खड़े होकर सीएम बघेल ने किया मतदान, बोले- अबकी बार 75 पार



दूसरे चरण का मतदान जारी है। पाटन के कुरूदडीह के प्राइमरी स्कूल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वोट दिया। इस दौरान लल्लूराम डॉट कॉम से बातचीत करते हुए भूपेश बघेल ने जीत का दावा करते हुए कहा, अबकी बार 75 पार। इतना ही नहीं अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी के लिए भूपेश बघेल ने चुटकुले अन्दाज़ में कहा कि, रिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं। आगे सीएम बघेल ने यह भी कहा, हमने किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, मज़दूरों के लिए जो गारंटी दी है। उस गारंटी का नतीजा है कि, बूथों में लोग बढ़-चढ़कर आ रहे हैं।

### आईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। नक्सलियो द्वारा लगाए गए आईडी बम के ब्लास्ट होने से एक जवान शहीद हो गया है। एएसपी डीसी पटेल ने इसकी पुष्टि की है। घटना गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक के बड़े गोबरा के पास हुई है। मतदान के बाद मतदाल डाल वापस लौट रहा था इस दौरान बम ब्लास्ट हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल ने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद बड़े गोबरा से मतदान दल सुरक्षा बलों के जवान के साथ वापस लौट रहा था। इस दौरान नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट किया। जिससे एक जवान शहीद हो गया। घटना के बाद मृतक जवान का पार्थिव शरीर मैनपुर अस्पताल लाया गया। वही सपोर्टिंग बल के मदद से मतदान दल सकुशल गरियाबंद पहुंच गया है। दल से कोई हताहत नहीं है। एसपी अमित कांबले ने भी पुष्टि की है।

### मध्यप्रदेश में 72 फीसदी मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान खत्म हो गया। मध्य प्रदेश में लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से कम से कम 72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्राय: शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गई। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। मतों की गिनती का कार्य तीन दिसंबर को होगा। मप्र में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है।

### 4 जगहों पर ईवीएम में आई खराबी नहीं डल पाया है एक भी वोट

दूसरे चरण का मतदान शुरू होते ही ईवीएम में खराबी की जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, 4 जगहों पर ईवीएम मशीन खराब हो गई है। जिसकी वजह से मतदान अब तक शुरू नहीं हो पाया है। मशीन को जल्द से जल्द सुधारने की कोशिश हो रही। अभनपुर के बेंद्री मतदान केंद्र के ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है। भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के गृह ग्राम है बेंद्री। भाजपा प्रत्याशी तकनीकी खराबी के चलते मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। ➤➤शेष पृष्ठ 7 पर➤

### कहां कितना रहा मतदान का प्रतिशत

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुरुद- | 82.60 | सीतापुर- | 68.40 |
| खरसीया- | 81.43 | आरंग- | 68.60 |
| पाली-तानाखार- | 79.35 | अभनपुर- | 60.13 |
| संजारी बालोद- | 79.63 | महासमुंद- | 68.16 |
| धमतरी- | 78.80 | प्रेमनगर- | 68.05 |
| गुण्डरदेही- | 78.27 | अकलतरा- | 67.97 |
| सिहावा- | 78.20 | भरतपुर सोनहत- | 67.94 |
| सारंगढ़- | 78.04 | भटगांव- | 67.50 |
| लैलुंगा- | 76.42 | कसडोल- | 67.19 |
| पाटन- | 75.54 | बिल्हा- | 66.39 |
| डौण्डीलोहारा- | 75.01 | मुंगेली- | 65.89 |
| भाटापारा- | 74.27 | कोरबा- | 65.83 |
| बैकुंठपुर- | 73.56 | कोटा- | 65.69 |
| बेमेतरा- | 73.44 | रामानुजगंज- | 65.50 |
| नवागढ़- | 72.73 | अंबिकापुर- | 65.05 |
| सोनपुरी- | 72.66 | लोरमी- | 64.48 |
| साजा- | 72.62 | प्रतापपुर- | 63.46 |
| धरमजयगढ़- | 72.36 | चंद्रपुर- | 62.50 |
| बलौदाबाजार- | 72.00 | सरायपाली- | 61.12 |
| धरसींवा- | 71.86 | तखतपुर- | 61.50 |
| कटघोरा- | 71.63 | जैजैपुर- | 60.70 |
| मरवाही- | 71.20 | पामगढ़- | 60.20 |
| पत्थलगांव- | 71.25 | बेलतरा- | 59.08 |
| रायगढ़- | 71.23 | मस्तुरी- | 59.50 |
| राजिम- | 71.23 | बिलासपुर- | 56.28 |
| बिन्द्रानवागढ़- | 71.02 | रायपुर ग्रामीण- | 53.08 |
| रामपुर- | 70.34 | रायपुर पश्चिम- | 54.68 |
| खल्लारी- | 70.69 | रायपुर उत्तर- | 54.05 |
| जशपुर- | 70.47 | रायपुर दक्षिण- | 52.11 |
| लुण्ड्रा- | 70.50 | दुर्ग ग्रामीण- | 69.00 |
| बसना- | 70.30 | दुर्ग शहर- | 62.80 |
| सामरी- | 70.04 | भिलाईनगर- | 63.54 |
| मनेन्द्रगढ़- | 69.90 | वैशालीनगर- | 53.00 |
| बिलाईगढ़- | 69.18 | अहिवारा- | 67.77 |
| सक्ती- | 68.90 | | |
| जांजगीर चांपा | 68.63 | **कुल मतदान** | **68.15** |

## सार संक्षेप

### नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ का हुआ आगाज

**नई दिल्ली/पटना।** पूर्वांचल के लोगों का महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का पर्व या कहें प्रकृति पर्व, सूर्योपासना के पर्व की शुरुआत हो चुकी है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का समापन सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा। वैसे तो यह बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों का प्रमुख पर्व है, लेकिन समय के साथ दूसरे प्रदेश के लोग भी अब इस महापर्व को मनाने लगे हैं। खासकर दिल्ली और एनसीआर में देश के विभिन्न हिस्से के लोग एक साथ एक ही घाट पर यह पर्व करते देखे जा सकते हैं।

### केरल ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या छह हुई

**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम में 29 अक्टूबर को ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई। घटना के वक्त दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि 50 घायल हुए थे। बाद में 30 अक्टूबर, 6 नवम्बर, 11 नवम्बर और 16 नवम्बर को चार और लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई। पुलिस ने इस ब्लास्ट के आरोपी डोमिनिक मार्टिन को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। कोर्ट ने आरोपी मार्टिन को 29 नवम्बर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 54 केस दर्ज किए हैं। सबसे अधिक 26 मामले मलप्पुरम जिले में दर्ज किए गए, इसके बाद एर्नाकुलम में 15 और तिरुवनंतपुरम में पांच मामले दर्ज हुए।

### जगन्नाथ मंदिर के नटमंडप की मरम्मत करेगा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

**पुरी।** ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के 'नटमंडप' का मरम्मत काम शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। एसजेटीए से मिली इस मंजूरी से एक दिन पहले उड़ीसा हाईकोर्ट ने एएसआई को इस मंदिर के नटमंडप का मरम्मत कार्य गुरुवार से शुरू

## पश्चिम एशिया में हुई घटनाओं से उभर रहीं नई चुनौतियां : मोदी



नई दिल्ली,17 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दूसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया क्षेत्र की घटनाओं से नई चुनौतियां उभर रही हैं। भारत ने सात अक्तूबर को इस्राइल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। हमने संयम भी बरता है। हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हम इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष में नागरिकों की मौत की भी कड़ी निंदा करते हैं। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात करने के बाद हमने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भी भेजी है। यह वह समय है जब ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एकजुट होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के लिए एक ग्लोबल केंद्र का उद्घाटन किया, जिसका नाम दक्षिण रखा। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस केंद्र का प्रस्ताव उन्होंने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के पहले चरण यानी जनवरी में रखा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र में कहा कि मैंने पहले सम्मेलन के दौरान ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव दिया था। मोदी ने कहा कि वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती हुई दुनिया का सबसे अनूठा मंच है। भौगोलिक रूप से ग्लोबल साउथ हमेशा से रहा है, लेकिन उसे इस प्रकार से आवाज पहली बार मिल रही है। ये हमारे साझा प्रयासों से हो पाया है।

### कांग्रेस का तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी

## मतदाताओं से छह गारंटियों का वादा

**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के शुक्रवार 17 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में 6 गारंटी 'अभय हस्तम' देने का वादा किया है। पार्टी ने महिलाओं और किसानों पर फोकस करते हुए कई योजनाओं को मैनिफेस्टो में शामिल किया है। कांग्रेस ने बेघरों और छात्रों को 5 लाख रुपए देने का वादा किया है। साथ ही महिलाओं हर महीने ढाई हजार रुपए और फ्री बस यात्रा की सुविधा देने की बात कही है। वहीं राज्य के सभी किसानों के लिए 15 हजार देने की घोषणा की है। इस मौके पर टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और नेता प्रतिपक्ष बट्टी विक्रमार्का हैदराबाद के गांधी भवन में मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान या बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। कर्नाटक की महिलाएं राज्य में आज कहीं भी जा सकती हैं। बस में मुफ्त यात्रा के कारण कर्नाटक में महिलाएं विभिन्न मंदिरों में जा रही हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी को लागू करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि आज, मैं चुनौती दे सकता हूं और कह सकता हूं कि मोदी और केसीआर मिलकर जो भी प्रयास करें, कांग्रेस निश्चित रूप से सत्ता में आएगी। उन्होंने तेलंगाना के लोगों को दी गई पार्टी की छह गारंटियां भी गिनाईं।

- हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री
- किसानों को 15 हजार, विद्यार्थियों-बेघरों को पांच लाख
- महिलाओं को हर माह दिए जाएंगे 2500 रुपए

### कांग्रेस में शामिल हुई अभिनेत्री विजयशांति



तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद व मशहूर अभिनेत्री विजयशांति ने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विजयशांति ने 2009 में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और बीआरएस (तब टीआरएस) के टिकट पर मेडक लोकसभा सीट से सांसद चुनी गईं थीं। बाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के साथ मतभेदों की वजह से वे कांग्रेस में शामिल हो गईं थीं और उसी निर्वाचन क्षेत्र से उन्होंने फिर से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### तेलंगाना में आएगा कांग्रेस का तूफान : राहुल



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के समर्थन का तूफान आने वाला है और सत्तारूढ़ बीआरएस बुरी तरह हारेगी। खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना है और उसके बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को बाहर किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि केसीआर को पता चल गया है कि तेलंगाना में कांग्रेस का तूफान आने वाला है... ऐसा तूफान आने वाला है कि केसीआर और उनकी पार्टी तेलंगाना में नजर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने क्या किया है। मुख्यमंत्री साहब, आपने जिस स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई की.. उसे कांग्रेस ने ही बनाया। जिन सड़कों पर आप यात्रा करते हैं, कांग्रेस ने उन सड़कों को बनाया।

## जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ढेर

**जम्मू,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में पिछले 36 घंटों में 9 आतंकी ढेर किए जा चुके हैं। इनमें से चार को उड़ी में एलओसी पार करते हुए मार डाला गया तो पांच को शुक्रवार सुबह कुलगाम में ढेर कर दिया गया। इस बीच जम्मू मंडल के राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में भी समाचार लिखे जाते समय तक मुठभेड़ जारी थी। कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्करे तौयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का आप्रेशन जारी रहा। आईजीपी कश्मीर विके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था। तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। लश्करे तौयबा के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। बाद में सेना के जवानों ने जिस घर में आतंकी छिपे थे, उसे राकेट लान्चर से उड़ा दिया। आतंकी पांच थे और उन्होंने दो अलग अलग मकानों में ठिकाना बना रखा था।

- 36 घंटों की मुठभेड़ में कुलगाम में पांच व उड़ी में चार आतंकी मारे गए

## बिहार में 75 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ

**पटना,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने आरक्षण संशोधन बिल 2023 को मंजूरी दे दी है। बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। एससी-एसटी, ओबीसी-ईबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा। इस संदर्भ में बिहार का सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से गजट प्रकाशन करेगा। उसके बाद यह लागू हो जाएगा। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में सर्वसम्मति से बिल पारित हुआ था। आरक्षण का दायरा 50 से 65 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद जोड़कर यह 75 प्रतिशत हो जाएगा।

अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत, अति पिछड़ा जाति को 25 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण मिल सकेगा। वहीं, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग वाले लोगों को पहले की तरह 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

- राज्यपाल ने आरक्षण संशोधन बिल को दी मंजूरी

## उत्तरकाशी टनल की ड्रिलिंग में चट्टान बनी मुसीबत

**उत्तरकाशी,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में शुक्रवार दोपहर को ड्रिलिंग कर रही ऑगर मशीन के सामने भारी पत्थर आ जाने से रेस्क्यू स्पीड काफी कम हो गई है। ऑगर मशीन के जरिए मलबे में रास्ता बनाकर भेजे जा रहे पाइप इंच-दर-इंच आगे बढ़ रहे हैं। इस बीच 6 दिन से फंसे 40 मजदूरों में से 2 की तबीयत भी शुक्रवार दोपहर को खराब हो गई। लैंडस्लाइड में टनल में मलबे के साथ बड़े बोल्डर भी फंसे हुए हैं। 30 फीट की ड्रिलिंग के बाद इनके मशीन के सामने आने से ऑगर मशीन को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोपहर 12 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन भी करीब दो घंटे के लिए रोकना पड़ा था। गुरुवार रात और शुक्रवार के दिन ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन को फिलहाल रेस्ट दिया गया है। अब ड्रिलिंग का काम शुरू किया जाएगा। ड्रिलिंग के काम में लगी अमेरिकन हैवी ऑगर्स मशीन के रास्ते में चट्टान आने से दोपहर 12 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन 2 घंटे तक बंद रहा। इसके बाद फिर से शुरू किया। हालांकि, ड्रिलिंग में चट्टान मुसीबत बनी हुई है। चट्टान से रेस्क्यू की स्पीड धीमी हो गई।

### मौसम — बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'मिधिली'

## बंगाल, ओडिशा समेत आठ राज्यों में होगा असर, अलर्ट जारी

**भुवनेश्वर/कोलकाता,17 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र साइक्लोन का रूप ले रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, इस साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है। शनिवार 18 नवम्बर की सुबह यह पश्चिम बंगाल के सुंदरवन के पास से गुजरते हुए बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक तट से तूफान टकराएगा।**

*इस दौरान इसकी रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटा रहेगी। भारत के 8 राज्यों में इसका असर देखा जाएगा। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, नागालैंड और मेघालय शामिल हैं। आईएमडी ने इन राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

*बंगाल के तटीय इलाकों में सबसे ज्यादा असर होगा*

*आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र में मिधिली का असर सबसे ज्यादा होगा। इनमें पूर्वी मेदनीपुर, कोलकाता, हावड़ा, नादिया, पूर्वी बर्दमान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। इनके अलावा 20 नवम्बर तक तामिलनाडु और केरल के कुछ इलाकों में इसके कारण हल्के से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडीने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव क्षेत्र नॉर्थ और नॉर्थ-ईस्ट में अभी मौजूद है। इसकी लोकेशन पश्चिम बंगाल के दीघा से 460 किमी साउथ और साउथ वेस्ट में ट्रेस की गई है। आगे बढ़कर ये दबाव साइक्लोन में तब्दील होगा। पश्चिम बंगाल के राज्य सचिवालय नबन्ना की कहा गया कि राज्य के तीन तटीय क्षेत्रों में साइक्लोन के बारे में पहले से चेतावनी दी जा चुकी है। साथ ही मिधिली से निपटने के लिए सभी उपाय करने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ ही मछुआरों को 16 से 18 नवम्बर के बीच मछली पकड़ने और समुद्र में जाने से मना किया गया है। साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है जो कि मालदीव की ओर से दिया गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के चक्रवातों से प्रभावित देश बारी-बारी से एक क्रम में चक्रवातों के नाम देते हैं।*

# देश

**उवाच**



"तेलंगाना में मतदाताओं को कांग्रेस, भारत राष्ट्रसमिति (बीआरएस) और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के गुप्त गठबंधन के खिलाफ आगाह किया। ये तीनों पार्टियां विधानसभा चुनाव में राज्य के लोगों को गुमराह करने तथा उनकी आंखों में धूल झोंकने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं:- तरूण चुग, राष्ट्रीय महासचिव भाजपा

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.2 | 12.0 |
| मुंबई | 34.8 | 21.6 |
| कोलकाता | 27.7 | 22.9 |
| चेन्नई | 27.2 | 25.1 |

तेलंगाना विस चुनाव

# कांग्रेस ने छह गारंटी समेत 37 सूत्री घोषणापत्र जारी किया



**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 30 नवंबर को होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ शुक्रवार को यहां छह गारंटी समेत 37-सूत्रीय पार्टी का घोषणापत्र 'अभय हस्तम' जारी किया। कांग्रेस ने यहां गांधी भवन में 42 पन्नों का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें छह गारंटी और नौकरी कैलेंडर शामिल है। कांग्रेस ने कहा है कि तेलंगाना के उन लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए घोषणापत्र तैयार किया गया है , जो पिछले साढ़े नौ वर्षों से टीआरएस/बीआरएस सरकार के कार्यकाल में पीड़ित हैं ।

घोषणापत्र में कहा गया है कि यह 'बंगारू तेलंगाना के सपने को साकार करना' सुनिश्चित करेगा। चुनावों में जीत हासिल कर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद पहले ही साल में लोक सेवा आयोग और एक विशेष विभागीय भर्ती मिशन के माध्यम से दो लाख नौकरियां भरी जायेंगी तथा आवेदकों को किसी भी आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी जायेगी। श्री खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के लोगों को सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और बेलगाम प्रगति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस मौक् पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष डी श्रीधर बाबू ने कहा, 'हम इस घोषणापत्र को तेलंगाना के लोगों को समर्पित कर रहे हैं जो विभिन्न समुदायों, नागरिक समाजों और व्यक्तियों से परामर्श करने और उनकी समस्याओं का विश्लेषण करने के बाद तैयार किया गया है। तेलंगाना के विविध समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए एक जीवंत, टिकाऊ और समृद्ध राज्य के लिए यह घोषणापत्र प्रस्तुत किया गया है। हम पूरे तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करते हैं कि एक बार कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी तो निश्चित रूप से इस घोषणापत्र के हर वादे को लागू किया जायेगा और राज्य के लोगों के भविष्य को सुनहरे रास्ते पर ले जाएंगे।'

कांग्रेस ने समृद्ध राज्य के लिए घोषणापत्र जारी किया

इस मौक पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष डी श्रीधर बाबू ने कहा कि हम इस घोषणापत्र को तेलंगाना के लोगों को समर्पित कर रहे हैं जो विभिन्न समुदायों, नागरिक समाजों और व्यक्तियों से परामर्श करने और उनकी समस्याओं का विश्लेषण करने के बाद तैयार किया गया है।

तेलंगाना के विविध समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए एक जीवंत, टिकाऊ और समृद्ध राज्य के लिए यह घोषणापत्र प्रस्तुत किया गया है। हम पूरे तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करते हैं कि एक बार कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी तो निश्चित रूप से इस घोषणापत्र के हर वादे को लागू किया जाएगा और राज्य के लोगों के भविष्य को सुनहरे रास्ते पर ले जाएंगे।

# मोदी जनता से किए वादे पूरे करते तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होताः शर्मा



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिएः-आनन्द शर्मा**

**जयपुर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनन्द शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर वह जनता से किए 15 लाख रूपए देने एवं दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने के वादे पूर्ण किये होते तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। श्री शर्मा शुक्रवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किये गये वादे ही पूर्ण नहीं हुये, किन्तु प्रधानमंत्री अब विधायक के लिये वोट मांगते हुये उसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं, क्या प्रधानमंत्री विधायक और मुख्यमंत्री का भी काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो 15 लाख रूपये देने का, दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था, यदि पूर्ण किया होता तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कथनी और

करनी में अंतर है, यह समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो कहा है वो प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काम करते हैं और कुछ लोग प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार ने जो कल्याणकारी कार्य किये हैं वे सर्वविदित है।

उन्होंने कहा कि जरूरी है कि देश तेजी से आगे बढ़े, किन्तु यह भी सत्य है कि मोदी शासन से पहले भी देश सोया हुआ नहीं था। देश पहले भी मजबूत था और मोदी के प्रकट होने से पहले भी परमाणु शक्ति बन चुका था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब देश की अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर की थी जब हमने सरकार छोड़ी, 2004 में 480 बिलियन डॉलर जीडीपी थी देश की, इतने कम समय में अथक् मेहनत एवं सही नीतियों से देश का विकास करने से यह सम्भव हो सका।

**सार संक्षेप**

## तेलंगाना के मंत्री पर पैसे की पेशकश करने का मामला

महबूबाबाद। तेलंगाना पुलिस ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान कथित तौर पर महिलाओं को पैसे की पेशकश करने के आरोप में महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुश्री राठौड़ महबूबाबाद जिले के कोंगरागिद्दर गांव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार शंकर नाइक के समर्थन में प्रचार कर रही थी। इसी दौरान उन पर 'मंगला हरथी' अनुष्ठान में भाग लेने वाली महिलाओं को 4000 रुपए की पेशकश करने का आरोप है। फ्लाइंग क्वाड टीम (एफक्यूटी) की ओर से दायर शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गुडूर पुलिस ने सुश्री राठौड़ के खिलाफ चुनाव नियमों के उल्लंघन के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के साथ ही धारा 171-ई और 171-एच के तहत मामला दर्ज किया है।

## माणिक सरकार ने भाजपा पर ड्रग डीलरों को शरण देने का लगाया आरोप

अगरतला। त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर (भाजपा) पर असामाजिक तत्वों, ड्रग डीलरों और सीमा पार अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाया है। माकपा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेता प्रशासन के साथ अपनी घनिष्ठता का दुरुपयोग कर अपने अवैध व्यापार को अंजाम दे रहे हैं हालांकि, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि ऐसे बयान प्रेरित और अपमानजनक हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा कभी किसी तरह के अपराध में शामिल नहीं रही और अपराधियों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। लेकिन अगर कुछ अपराधी अपने निजी उद्देश्यों के लिए भाजपा का नाम लेते हैं, तो पार्टी इसकी जिम्मेदारी नहीं उठा सकती।

## एमपी के छतरपुर में कांग्रेस पार्षद की हत्या

भोपाल। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में मतदान से पहले शुक्रवार तड़के भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के दौरान एक पार्षद की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान खजुराहो के मंजूर नगर गांव के निवासी सलमान खान के रूप में हुई, जिसे कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और उनके समर्थकों से जुड़े वाहनों ने कुचल दिया था। घटना के वक्त पीड़ित के साथ छतरपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा भी थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना राजनगर विधानसभा क्षेत्र में रात करीब 2 बजे हुई।

# बीआरएस के दस साल के शासन में एक दिन भी कर्फ्यू नहीं लगाः केसीआर



**करीमनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को करीमनगर में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पचास वर्षों के दौरान पुराने करीमनगर जिले में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं खुला। लेकिन बीआरएस शासन के दौरान चार सरकारी मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं। इसी दस वर्षों के शासन में तेलंगाना प्रति वर्ष दस हजार डॉक्टर पैदा करने की क्षमता तक पहुंच गया है। बीजेपी ने तेलंगाना को एक भी नवोदय स्कूल नहीं दिया है। लोगों को भाजपा को एक भी वोट नहीं देना चाहिए जिसने एक भी मेडिकल कॉलेज या एक नवोदय विद्यालय नहीं दिया। बीआरएस सरकार के दस साल तक शासन में एक दिन के लिए भी कर्फ्यू नहीं लगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने तेलंगाना राज्य आंदोलन का नेतृत्व करते समय 400 लोगों की हत्या कर दी थी। 2004 में कांग्रेस राज्य में तेलंगाना देने के लिए चुनाव में हमारे साथ गठबंधन करके केंद्र और राज्य में सत्ता में आई और तेलंगाना नहीं देकर धोखा दिया। मुझे अलुगुनूर चौराहे पर गिरफ्तार कर लिया गया और खम्मम जेल ले जाया गया। करीमनगर की धरती तेलंगाना आंदोलन में सबसे आगे थे।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि जब बी विनोद कुमार सांसद थे तो इसी करीमनगर कस्बे को स्मार्ट सिटी बनाया गया था। इन पांच सालों में वर्तमान बीजेपी सांसद ने क्या किया? देश में बेरोजगारी, गरीबी है, दलित, आदिवासी और बीसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बीआरएस सरकार ने एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यकों के लिए 1019 आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं। उन्हें जूनियर कॉलेज बना दिया गया है। गुरुकुलों के बच्चों को नीट, मेडिकल और आईआईटी में सीटें मिल रही हैं। लोगों को उन लोगों पर ध्यान देना चाहिए जो राज्य को प्रगतिशील तरीके से प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। इस बार करीमनगर में मेरा अनुरोध है कि विकास अवरोधकों को हटा दिया जाए। बीआरएस सरकार में जिस तरह बथुकम्मा और दशहरा त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह हम रमजान त्योहार भी मना रहे हैं।

# भाजपा ने बीआरएस, कांग्रेस, एआईएमआईएम के गुप्त गठबंधन के खिलाफ मतदाताओं को किया आगाह

**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने शुक्रवार को तेलंगाना में मतदाताओं को कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति( बीआरएस) और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के गुप्त गठबंधन के खिलाफ आगाह किया। श्री चुघ ने अपने बयान में कहा कि ये तीनों पार्टियां विधानसभा चुनाव में राज्य के लोगों को गुमराह करने तथा उनकी आंखों में धूल झोंकने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं। यह एक धोखा है कि तीनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। दरअसल उनके पास भाजपा को किनारे रखने और राज्य के मतदाताओं को गुमराह करने की साझा योजना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीआरएस सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उनमें से एक सीट तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने खाली की है, जोकि स्पष्ट रूप से दोनों पार्टियों के बीच मिलीभगत को दर्शाती है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे एआईएमआईएम ने विभाजन के बाद के दिनों में हिंदुओं के खिलाफ विभाजनकारी भूमिका निभाई थी और अब उसी पार्टी ने राज्य में हिंदू विरोधी ताकतों से हाथ मिला लिया है। उन्होंने जनता आह्वान किया कि वे इस खेल को समझें और भाजपा को भारी वोट देकर अपना समर्थन दें।

# राजस्थान में मोदी को नहीं मिल रहा है जनता का समर्थनः पायलट



**टोंक,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा है कि विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। टोंक से कांग्रेस प्रत्याशी श्री पायलट ने शुक्रवार को मीडिया से रूबरू होते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का नेतृत्व अब कर रहा है चिंता, क्योंकि भाजपा का स्थानीय नेतृत्व के कैम्पन में दम नहीं रहा है। दिल्ली के नेता आ रहे है, सब मंत्री-सन्तरी प्रधानमंत्री भी आ रहे हैं, फिर भी उन्हें जनता का कोई समर्थन नही मिल रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिएः-आनन्द शर्मा**

उन्होंने कहा उन्हें पूरा विश्वास है पब्लिक पर पूरा भरोसा है, इस बार फिर कांग्रेस पार्टी की राजस्थान में सरकार बनेगी। मध्यप्रदेश में चुनाव के दौरान हिंसा की खबरों पर श्री पायलट ने कहा कि निर्वाचन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंसा की कोई जगह नही है, हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि राजस्थान में बहुत अच्छे माहौल में चुनाव सम्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हमारे देश मे एक पर्व की तरह होता है, सबको अधिकार है वोट डालने का, शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो, हार-जीत जनता तय करती है।

# भारत को वैश्विक महाशक्ति और अत्मनिर्भर बनाने का सपना केवल भाजपा ही कर सकती है पूराः गडकरी

**जयपुर,** 17 नवंबर (वार्ता) केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा करते हुए कहा है कि देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने और आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है। श्री गडकरी ने शुक्रवार को जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करते हुए वह देश के हर एक नागरिक की मजबूती के लिए काम करती है। इसलिए इस चुनाव से ना केवल राजस्थान का बल्कि भारत का भी भाग्य बदलने वाला है। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की। कर्नल राठौड़ ने आज हाथोज, माचवा, चम्पापुरा, रूंझया मोड़, इंदिरा कॉलोनी, भरत अपार्टमेंट, टैगोर नगर, करणी पैलेस, सिरसी मोड़, सिवार, बिन्दायका, मुकुंदपुरा, नटलालपुरा, श्रीरामपुरा, मीणा वाला, धाभास में जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एक और जहां केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार लगातार देश को मजबूत बनाने का काम कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के चलते सरकार ने जनता की मेहनत की कमाई को जमकर लूटा, प्रदेश में विकास कार्य ठप रहे, भ्रष्टाचार से बनी सड़के पहली बरसात में ही बह गई और प्रदेश की जनता तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पाया।

# मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ आ रही है सत्ता में : राहुल गांधी



**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (दूसरे चरण) में मतदान के साथ, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी दोनों राज्यों में भारी बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है और उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है। अपने घरों से बाहर निकलें, आज भारी संख्या में मतदान करें और ऐसी कांग्रेस सरकार चुनें जिस पर गरीब, किसान, महिलाएं और युवा भरोसा करें।' उन्होंने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वादों पर एक मिनट का वीडियो भी शेयर की। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश की जनता घोटालों, झूठ, लोगों को आपस में लड़ाने की साजिशों और कुर्सी को जागीर समझने की मानसिकता को कड़ा सबक सिखाएगी।' उन्होंने कहा, 'लोग हमें बेहद प्यार और समर्थन दे रहे हैं।' मुझे राहत है कि अठारह साल का कुशासन खत्म होने वाला है और मध्य प्रदेश में सच बोलने वाली, जनता की बात सुनने वाली, प्रेम और शांति के रास्ते पर चलने वाली कांग्रेस सरकार आने वाली है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन आपके प्यार का आकलन साधारण बहुमत से नहीं होगा। हमारी सरकार को एक विशाल और व्यापक जनादेश की आवश्यकता है, जिसकी प्रतिध्वनि आपके प्यार और उत्साह से ही हो रही है। आज अपने मन के तूफान को वोट में बदल दीजिये। हमें इतनी सीटें जिताकर विधानसभा में भेजें कि कोई हमारी सरकार चुराने या हाईजैक करने का सपने में भी न सोच सके।

## मोदी झूठ का जगतगुरुः रमेश



**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठ का जगतगुरु करार दिया है। श्री रमेश ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है और भाजपा के घोषणा पत्र में कम से कम 20 झूठ हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव चेहरे का नहीं बल्कि विरोधी विचारधारा का चुनाव है। उन्होंने राज्य में गहलोत सरकार 500 रूपए में सभी को सिलेंडर उपलब्ध करा रही है जबकि भाजपा के घोषणा पत्र में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 में सिलेंडर दिये जाने की बात कही गई जो गुमराह करती है। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं के लिये भी भाजपा अब 'मोदी गारंटी' का सहारा ले रही है जबकि राजस्थान की गहलोत सरकार 'नई सात गारंटी' के साथ चुनावी मैदान में है और इन गारंटी को सरकार बनने के पहले ही दिन से लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याण योजना और गारंटी राहत के दम पर जनादेश मांगा जा रहा है और दावा है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनेगी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर ध्रुवीकरण करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं कांग्रेस से घबरा रहे हैं, बौखला रहे हैं और मतदान का बटन फांसी की सजा मिलने की तरह दबाने का बयान दे रहे हैं।

# मतदान के प्रति बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह, 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर किया मतदान

**भोपाल,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान में बुजुर्गो में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा की 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर उत्साह से फोटो भी खिचवायी। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई थी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए। मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया। मतदान केंद्रों पर बैठक व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं भी की गयी।

## मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैंः चुनाव आयोग

भोपाल। 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा में एकल चरण के चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान जारी है।चुनाव आयोग ने कहा, 'बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैं।' मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जो सीहोर जिले के अपने गृह नगर बुधनी से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपनी पत्नी साधना सिंह और बेटे कार्तिकेय चौहान के साथ वोट डाला। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी पत्नी आशा विजयवर्गीय के साथ इंदौर-1 में वोट डाला। विजयवर्गीय इंदौर-3 सीट से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वह 10 साल बाद चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, जो क्रमशः दतिया और नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, ने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, जो अपने गढ़ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपने बेटे और छिंदवाड़ा-इंदवारा सांसद नकुल नाथ के साथ वोट डाला।

निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाए की गयी।

मतदान केन्द्रों पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर मतदाता मतदान के बाद सेल्फी ले रहे हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गयी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए।



मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया।

देवास जिले के बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद खातेगांव के पोलिंग बूथ 176 मंडी प्रांगण में जाकर 103 वर्षीय मांगीलाल बेनीवाल ने मतदान किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की दिमनी विधानसभा में फर्जी मतदान और उपद्रव की शिकायत

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान और उपद्रव किए जाने की शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ज्ञापन में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा है कि मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी मुरैना को विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान और उपद्रव की शिकायत की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने मतदान केंद्रों पर उपद्रव करने व फर्जी मतदान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अक्षरा सिंह का छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह छठ व्रत की लोकधुन को पिरोते हुए गीत छठी मईया करिहा दुलार लेकर आई हैं, जिसे प्रजक्ता शुक्रे ने कंपोज किया है। छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि मैंने अब तक कई छठ गीत गाएं हैं, लेकिन ये कुछ नया और अलग है। इसलिए मैं अपने फैंस और चाहने वालों से कहना चाहूंगी कि आप मेरे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसमें आपको अक्षरा की आवाज आपकी दिल की आवाज जैसी महसूस होगी। इस गाने में छठी मां की महिमा का अभूतपूर्व प्रस्तुति है, जो हर किसी के छठ पूजा को यादगार कर देगा।

### निर्बाध यात्रा अनुभव और सुविधा के लिए एनसीआरटीसी की पहल

# आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी वन-टैप टिकट बुकिंग

**गाजियाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल ऐप के माध्यम से 'वन-टैप टिकटिंग' की सुविधा मिल रही है। जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आज़ादी देगा।



- आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आजादी देगा
- ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी, जो केवल 100 रुपए होगी

एनसीआरटी सी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने हेतु न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की ज़रूरत है। सिर्फ ऐप में वन टैप बूकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकिट जेनेरेट हो जायगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे। यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने हेतु ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर, ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता।

इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी जो केवल 100 रुपए होगी। इसके साथ ही यात्रियों को इस ऐप का उपयोग करते समय अपने मोबाइल फोन की लोकेशन सेवाओं को एक्टिव करना होगा, ताकि ऐप टिकट बुक करते समय ऐप यात्रा के लिए प्रयुक्त आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को आसानी से पहचान सके। यह सेटअप एक बार की प्रक्रिया है जो भविष्य की सभी नमो भारत यात्राओं के लिए वन-टैप टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा।

इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद, आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन पर एक टैप के साथ क्यूआर कोड जनरेट हो जाएगा, जिसकी मदद से यात्री आरआरटीएस स्टेशन में क्यूआर कोड स्कैन करके प्रवेश कर सकेंगे और कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन पर उसी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी यात्रा समाप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन के जरिए यात्री द्वारा की गई यात्रा के लिए गंतव्य स्टेशन के एएफसी गेट से बाहर निकलते समय निर्धारित राशि ऑटोमैटिक रूप से ई-वॉलेट से कट जाएगी।

# फ्लू से होने वाली मौतों के जोखिम को कम करती हैं एंटीवायरल दवाएं

- लोगों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों वाले लोग शामिल

**श्रीनगर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में फ्लू के मामलों की संख्या में वृद्धि के साथ डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डाक) ने शुक्रवार को डॉक्टरों से फ्लू के रोगियों के लिए एंटीवायरल दवाएं लिखने का आग्रह किया। इन्फ्लूएंजा विशेषज्ञ एवं डाक के अध्यक्ष डॉ. निसार उल हसन ने कहा कि एंटीवायरल दवा फ्लू से होने वाली मौतों के जोखिम को कम करती है। एक बड़े अध्ययन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एंटीवायरल दवा से शुरुआती इलाज से फ्लू से होने वाली मौतों का खतरा 60 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

डॉ. हसन ने कहा कि चिकित्सकों को फ्लू के मरीजों को यथाशीघ्र एंटीवायरल दवा लिखनी चाहिए और प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए क्योंकि देरी घातक हो सकती है। उन्होंने कहा कि फ्लू एंटीवायरल उपचार के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं जब उन्हें बीमारी की शुरुआत के दो दिनों के भीतर शुरू किया जाता है। हालांकि, उन्हें बाद में शुरू करना अभी भी मददगार हो सकता है।

डाक अध्यक्ष ने कहा कि पुष्टि किए गए या संदिग्ध फ्लू वाले किसी भी मरीज के लिए एंटीवायरल उपचार की सिफारिश की जाती है जो अस्पताल में भर्ती है या गंभीर प्रगतिशील बीमारी है या फ्लू से संबंधित जटिलताओं के विकसित होने का अधिक खतरा है। जटिलताओं के उच्च जोखिम वाले लोगों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों वाले लोग शामिल हैं। जिन लोगों को गंभीर बीमारी का खतरा नहीं है, उनके लिए क्लिनिकल निर्णय के आधार पर एंटीवायरल पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, ओसेल्टामिविर सभी परिसंचारी फ्लू वायरस के लिए सबसे प्रभावी एंटीवायरल दवा है जिसमें एच1एन1, एच3एन2 और इन्फ्लूएंजा बी वायरस शामिल हैं। यह दवा गर्भवती महिलाओं और दो सप्ताह तथा उससे अधिक उम्र के शिशुओं को सुरक्षित रूप से दी जा सकती है। डॉ. निसार ने कहा कि हालांकि एंटीवायरल फ्लू दवाएं जान बचाती हैं, लेकिन दुर्भाग्य से वे निर्धारित सीमा से कम हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक आमतौर पर फ्लू के मरीजों को एंटीबायोटिक्स लिखते हैं जो न केवल अनुचित है बल्कि इससे मरीजों को एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा भी होता है।

# यामी गौतम ने अनटाइटल फिल्म की शूटिंग की पूरी

## रैप-अप शेड्यूल से शेयर की फोटो



**मुंबई,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड फिल्मों 'विक्की डोनर', 'उरी', 'ओएमजी 2' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने करियर की 'सबसे महत्वपूर्ण फिल्म' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली अनटाइटल फिल्म के रैप-अप शेड्यूल से एक तस्वीर साझा की। वह मेपल का पत्ता पकड़े हुए मुस्कुराते हुए नजर आ रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। पूरी डायरेक्शन, प्रोडक्शन टीम और बी62 स्टूडियो में हमारे अद्भुत क्रू को धन्यवाद। कश्मीर के स्थानीय लोगों, सुरक्षा बलों और अधिकारियों को धन्यवाद, जिन्होंने पूरे शेड्यूल के दौरान हमारी इतनी अच्छी देखभाल की। उन्होंने आगे कहा कि तुलमुल्ला में दिव्य माता खीर भवानी का आशीर्वाद लेने का भी सौभाग्य मिला। आशा है कि हम इस फिल्म के साथ अपने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सक्षम होंगे। घोषणा जल्द ही होगी। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर मंदिर की यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया। इससे पहले, अक्टूबर में यह खबर आई थी कि एक्ट्रेस अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए 50 दिनों के लिए उत्तर भारतीय शहर में रुकी थीं।

# जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगेगा कोहली का वैक्स स्टेचू

**जयपुर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। जयपुर के नाहरगढ़ किले के वैक्स म्यूजियम में स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह फैसला क्रिकेट वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत की जीत और विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में 50 शतक पूरे करने के बाद लिया गया। जयपुर वैक्स म्यूजियम के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यटक लंबे समय से विराट कोहली की वैक्स की मूर्ति की मांग कर रहे थे। अब इससे बेहतर मौका क्या हो सकता है, जब कोहली विश्व क्रिकेट में उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही भारत एक बार फिर विश्व कप ट्रॉफी के बेहद करीब है।

वैक्स की प्रतिमा का फर्स्ट लुक यानी मिट्टी का मॉडल तैयार है और अगले एक महीने में पूरी प्रतिमा बनाकर म्यूजियम में स्थापित कर दी जाएगी।




श्रीवास्तव ने कहा कि विराट कोहली की छवि एक आक्रामक क्रिकेटर की है। इसलिए, प्रतिमा के लिए भी आक्रामक लुक चुना गया है। उन्होंने कहा कि विराट की प्रतिमा मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा के साथ स्थापित की जाएगी। जिन्हें विराट अपना आदर्श और भगवान मानते हैं। वैक्स का पुतला युगल मूर्तिकार गणेश और लक्ष्मीनारायण द्वारा तैयार किया जा रहा है जबकि पोशाकें बॉलीवुड डिजाइनर बोध सिंह द्वारा बनाई जा रही हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं

## भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान की संभावना

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। एआई रेटिंग सिस्टम से यह बात सामने आई है कि स्नैपचैट के माई एआई डेल और स्टेबल डिफ्यूजन जैसे लोकप्रिय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। इससे भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। रेटिंग प्रणाली को एआई उत्पादों के नैतिक उपयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए बच्चों और परिवारों के लिए अग्रणी वकालत समूह कॉमन सेंस मीडिया द्वारा डिजाइन किया गया है। एआई विशेषज्ञों की एक श्रृंखला से इनपुट के साथ विकसित एआई रेटिंग प्रणाली सामान्य ज्ञान एआई सिद्धांतों के एक सेट के आधार पर उत्पादों का मूल्यांकन करती है। पांच-बिंदु पैमाने पर 10 लोकप्रिय ऐप्स की समीक्षा करने की प्रक्रिया में कॉमन सेंस ने आज के एआई परिदृश्य के बारे में निम्नलिखित अंतर्दृष्टि निकाली जो नीति निर्माताओं, शिक्षकों, माता-पिता और उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी होगी। 5 के पैमाने पर चैटजीपीटी और बार्ड को 3 की रेटिंग मिली, जबकि स्नैपचैट के माई एआई, डेल और स्टेबल डिफ्यूजन को सिर्फ 1-2 रेटिंग मिली। कॉमन सेंस मीडिया के संस्थापक और सीईओ जेम्स पी. स्टेयर ने कहा कि उपभोक्ताओं को एआई उत्पादों के लिए एक स्पष्ट पोषण लेबल तक पहुंच होनी चाहिए जो सभी अमेरिकियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों की सुरक्षा और गोपनीयता से समझौता कर सकती है। रेटिंग बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने और इन नए उत्पादों के रचनाकारों से बढ़ी हुई पारदर्शिता पर जोर देने के लिए नए विधायी और नियामक प्रयासों की जानकारी देगी।



कॉमन सेंस मीडिया एआई के वरिष्ठ सलाहकार ट्रेसी पिज्जा फ्रे ने कहा कि एआई हमेशा सही नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य के आधार पर कि मॉडलों को भारी मात्रा में इंटरनेट डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, सभी जेनरेटर एआई विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, नस्लीय, सामाजिक-आर्थिक, ऐतिहासिक और लैंगिक पूर्वाग्रहों की मेजबानी करते हैं और यह वही है जो हमने अपने मूल्यांकन में पाया है।

# मतदान का बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह



**भोपाल,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर बुजुर्गों में गजब का उत्साह नजर आया। यही कारण है कि यह बुजुर्ग अपने नाते रिश्तेदारों के साथ मतदान केंद्र तक पहुंचे, जिन्हें चलने फिरने में दिक्कत है वे अन्य साधनों के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचे। सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा की 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर उत्साह से फोटो भी खिंचवाई। इसी तरह देवास जिले के बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद खातेगांव के पोलिंग बूथ 176 मंडी प्रांगण में जाकर 103 वर्षीय मांगीलाल बेनीवाल ने मतदान किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई थी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए। मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया गया। मतदान केंद्रों पर बैठक व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं भी की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाए की गई।

# पोकेमॉन मेले में पिकाचू ने मचाई धूम

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। डीएलएफ़ मॉल्स और The Pokémon Company मिलकर दिल्ली और नोएडा में पहली बार लेकर आ रहे हैं पोकेमॉन मेला। इस मेले का आयोजन नवम्बर और दिसम्बर में तीन सप्ताहान्त के लिए किया जाएगा। बच्चे और बड़े सभी इस मेले को भरपूर आनंद ले सकते हैं। पोकेमॉन के इस अभूतपूर्व उत्सव में लोगों को पिकाचू से मिलने, विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और पोकेमॉन के उपहार घर ले जाने का अवसर मिलेगा। पहला पोकमॉन मेला 17, 18 और 19 नवम्बर को डीएलएफ मॉल आफ़ इंडिया (नोएडा) में आयोजित होगा। उसके बाद 2 और 3 दिसम्बर को डीएलएफ़ एवन्यू साकेत तथा 8 और 9 दिसम्बर को डीएलएफ़ प्रोमिनाड वसंत कुंज में इस आयोजन की धूम मचेगी। तीनों जगह अलग-अलग मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएँगे जिससे मॉल में आने वाले लोग अनूठे अनुभव का आनंद ले सकें।

कार्यक्रम सूची में सबसे बड़ा आकर्षण है पिकाचू के डांस शो और परेड जिनका भारत में आम जनता के लिए पहली बार प्रदर्शन हो रहा है। डीएलएफ़ के रीटेल विभाग की सीनियर



एस्ज़ेक्युटिव डायरेक्टर व प्रमुख पुष्पा बेक्टर ने डीएलएफ़ मॉल ऑफ़ इण्डिया से शुरू हो रहे इस अद्भुत आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें बेहद खुशी है कि पोकेमॉन मेला श्रृंखला की शुरूआत डीएलएफ़ मॉल ऑफ़ इण्डिया से हो रही है। यह अनूठा आयोजन मॉल में आने वाले ग्राहकों के अनुभव को और भी मज़ेदार और मनोरंजक बनाएगा।

# मुम्बई के जैन समाज के नाम होने जा रहा है एक अद्भुत रिकॉर्ड

**मुम्बई,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर जैन समुदाय के सभी चार संप्रदाय के सदस्य 25,500 मीटर लंबे कपड़े पर 18 भाषाओं में लिखे गए भक्तमारा स्त्रोत का 19 नवम्बर को अनावरण करेंगे। इस बड़े आयोजन का साक्षी बनने के लिए कई एजेंसियों के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। अन्य एजेंसियां जो उपस्थित रहेंगी उनमें ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूएसए, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, डब्ल्यूएसी इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, आइकन एंबेसडर बुक ऑफ वर्ल्ड शामिल हैं। रिकॉर्ड्स, यूरोपियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लायन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड्स रिकॉर्ड्स आदि भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। इस भव्य आयोजन में जैन समुदाय के चारों पंथ श्वेतांबर, दिगंबर, स्थानकवासी और थेरापंथी के श्रद्धालु बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

जैन समुदाय के आध्यात्मिक नेता आचार्य प्रणाम सागर ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए एक अनूठा अवसर है। जैन धर्म और शांति के बारे में बोलते हुए, आचार्य सागर ने कहा कि महावीर की अहिंसा की शिक्षा का भारतीय इतिहास पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम को देखें, तो हम देखेंगे कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसा के हथियार का इस्तेमाल किया था। इस रिकॉर्ड का अनावरण रविवार को मुंबई के गोरेगांव में नेस्को कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

# मुंगेर में माता सीता ने किया था पहला छठ

**मुंगेर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं, इनमें से एक यह भी है कि प्रभु श्रीराम की पत्नी माता सीता ने सर्वप्रथम छठ पूजन किया था जिसके बाद महापर्व की शुरुआत हुई। छठ को बिहार का महापर्व माना जाता है। यह पर्व बिहार के साथ देश के अन्य राज्यों में भी बड़े धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। बिहार के मुंगेर में छठ पर्व का विशेष महत्व है। छठ पर्व से जुड़ी कई अनुश्रुतियां हैं लेकिन धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता सीता ने सर्वप्रथम पहला छठ पूजन बिहार के मुंगेर में गंगा तट पर संपन्न किया था। इसके बाद से महापर्व की शुरुआत हुई। इसके प्रमाण-स्वरूप आज भी माता सीता के चरण चिह्न मौजूद हैं। वाल्मीकी रामायण के अनुसार, ऐतिहासिक नगरी मुंगेर के सीता चरण में कभी मां सीता ने छह दिनों तक रह कर छठ पूजा की थी। श्री राम जब 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे तो रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए ऋषि-मुनियों के आदेश पर राजसूय यज्ञ करने का फैसला लिया। इसके लिए मुग्दल ऋषि को आमंत्रण दिया गया था लेकिन मुग्दल ऋषि ने भगवान राम एवं सीता को अपने ही आश्रम में आने का आदेश दिया। ऋषि की आज्ञा पर भगवान राम एवं सीता स्वयं यहां आए और उन्हें इसकी पूजा के बारे में बताया गया। मुग्दल ऋषि ने मां सीता को गंगा छिड़क कर पवित्र किया एवं कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सूर्यदेव की उपासना करने का आदेश दिया। यहीं रह कर माता सीता ने छह दिनों तक सूर्यदेव भगवान की पूजा की थी। ऐसी मान्यता है कि माता सीता ने जहां छठ पूजा संपन्न की थी, वहां आज भी उनके पदचिह्न मौजूद हैं। कालांतर में जाफर नगर दियारा क्षेत्र के लोगों ने वहां पर मंदिर का निर्माण करा दिया। यह सीताचरण मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर हर वर्ष गंगा की बाढ़ में डूबता है। महीनों तक सीता के पदचिह्न वाला पत्थर गंगा के पानी में डूबा रहता है। इसके बावजूद उनके पदचिह्न धूमिल नहीं पड़े हैं। श्रद्धालुओं की इस मंदिर एवं माता सीता के पदचिह्न पर गहरी आस्था है। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे प्रदेशों से भी लोग पूरे साल यहां मत्था टेकने आते हैं।



## बिहार में गूंज रहे हैं छठी मैया के गीत

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं। लोकआस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो गया है। लोग छठ पर्व केअनुष्ठान की तैयारी में जुट चुके हैं। सभी जगह छठ के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल छठमय नजर आ रहा है। राजधानी छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। कहीं शारदा सिन्हा की आवाज रस बरसा रही है कि 'मोर जिया जाएला महंगा मुंगेर' तो कहीं देवी के सुर कानों में पर्व की महिमा बखान कर रही है कि 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए'। केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेडराय, आदित लिहो मोर अरगिया., दरस देखाव ए दीनानाथ., उगी है सुरुजदेव., हे छठी मइया तोहर महिमा अपार.,काच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाय., आदि छठ गीतों का धमाल है।

## सांप्रदायिक सौहार्द की पाठ पढ़ाता महापर्व छठ



लोकआस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार से शुरू हो गया। इस पर्व का पौराणिक महत्व तो है ही, इसके अलावा यह पर्व स्वच्छता, सादगी और पवित्रता का भी संदेश देता है। सबसे बड़ी बात है कि इस अनुष्ठान या पर्व में मजहब भी आड़े नहीं आता। यही कारण कहा जाता है कि यह पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द की पाठ भी पढ़ाता है। बिहार के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मुस्लिम महिलाएं और पुरुष इस छठ पर्व को पूरे सनातन पद्धति और रीति-रिवाज से करती हैं। गोपालगंज और वैशाली जिले के कई गांवों के मुस्लिम घरों में छठ के गीत गूंज रहे हैं। यही नहीं छठ पर्व में उपयोग होने वाले मिट्टी के चूल्हे, धागा (बद्धी) और अरता पात भी अधिकांश इलाकों में मुस्लिम परिवार की महिलाएं बनाती हैं। गोपालगंज जिले के संग्रामपुर गांव में मुस्लिम समुदाय 8 महिलाएं 20 वर्षों से छठी मैया का व्रत कर रही हैं।

# यूट्यूब ब्रेस्टफीडिंग संबंधी वीडियो को करेगा मोनेटाइज

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। गूगल के स्वामित्व वाला यूट्यूब ब्रेस्टफीडिंग वीडियो की अनुमति देगा। इस तरह की वीडियो में बच्चे का होना जरूरी है। साथ ही उस कंटेंट से भी प्रतिबंध हटा रहा है जो डांस मूव्स पर केंद्रित है जिसमें ट्वर्किंग, ग्राइंडिंग और अन्य शामिल है। कंपनी ने एडल्ट कंटेंट से कमाई करने के लिए नए प्रकार के कंटेंट की अनुमति देने के लिए अपने दिशानिर्देशों को अपडेट किया है। बदलाव गेमिंग वीडियो पर भी लागू होंगे। एक महिला अपने निपल्स को खुला या दृश्यमान रखते हुए अपने बच्चे को स्तनपान करा रही है और हाथ की अभिव्यक्ति या स्तन पंप के उपयोग का प्रदर्शन कर रही है, जिसमें निपल्स दिखाई दे रहे हैं और दृश्य में एक बच्चा है, अब मंच पर विज्ञापन राजस्व अर्जित कर सकते हैं।

यूट्यूब के प्रवक्ता ने टेकक्रंच को बताया कि ब्रेस्टफीडिंग पर यूजर्स के फीडबैक को देखा। कई पेरेंट्स यूट्यूब पर ब्रेस्टफीडिंग से जुड़ा कंटेंट देखते हैं और इसी को ध्यान में रखकर अब कंपनी क्रिएटर्स को पैसा ऑफर कर रही है। केवल ज्ञानवर्धक वीडियो को कंपनी मोनेटाइज करेगी। यूट्यूब उस कंटेंट पर से प्रतिबंध भी हटा रहा है जो डांस मूव्स पर केंद्रित है जिसमें ग्राइंडिंग या ट्वर्किंग शामिल है।

# अभिमत

*सबसे पहले, यह निर्णय देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 110 खरब रुपये की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। क्या यह आर्थिक रूप से टिकाऊ है? क्या मुफ्त देने के बजाय अनाज की कीमतों को थोड़ा अधिक बढ़ाया नहीं जा सकता है? यहां तक कि एनएफएसए में भी कीमतों में संशोधन की परिकल्पना की गई थी। 2015 से 2022 के दौरान औसत खाद्य मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें भी सिर्फ गेहूं की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है।*

## मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे



डॉ.अजीत रानाडे

इस महीने की शुरुआत में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के रूप में जानी जाने वाली मुफ्त भोजन योजना को पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। इस घोषणा का अनुमोदन अभी कैबिनेट में होना है। यह योजना अपने वर्तमान स्वरूप में पिछले कैबिनेट निर्णय के अनुसार दिसंबर 2023 में समाप्त होने वाली है। उम्मीद थी कि कैबिनेट के अनुमोदन के बाद यह योजना अब इसे दिसंबर से आगे पांच साल तक बढ़ा दी जाती पर खाद्य मंत्रालय का आदेश एक वर्ष की अवधि का उल्लेख करता है। इसके तहत भारत की 81.4 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन प्रदान दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई का आरंभ कोविड-19 महामारी के दौरान खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे परेशान परिवारों को आपातकालीन राहत प्रदान करने के लिए किया गया था। इसे 2013 में पारित पहले से मौजूद खाद्य सुरक्षा कानून (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के साथ जोड़ा गया था, जो पात्र परिवारों को अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्रदान करता था, जिसमें ग्रामीण भारत का दो तिहाई और शहरी भारत का आधा हिस्सा शामिल था।

खाद्य सुरक्षा कार्यकर्ताओं के एक दशक से अधिक लंबे अभियान के बाद एनएफएसए को संसद में पारित किया गया था जो भुखमरी और भूख के साथ सह-अस्तित्व वाले सरकारी अनाज भंडार में एकाधिकार खरीद योजना के कारण अनाज के बढ़ते स्टॉक से चिंतित थे। कोविड के दौरान सरकार ने एनएफएसए के तहत पात्रता को दोगुना कर दिया और दोगुना आबंटन पूरी तरह से मुफ्त कर दिया। इसलिए 'अत्यधिक सब्सिडी' में मिलने वाले यानी क्रमश: 3, 2 और 1 रुपये प्रति किलो वाले चावल, गेहूं और मोटे अनाज लाभार्थियों को पूरी तरह से मुफ्त में मिलने लगे। इस सीमा तक सरकार पर वृद्धिशील राजकोषीय बोझ कम था क्योंकि अनाज पर वैसे भी अत्यधिक सब्सिडी दी जा रही थी। यह मुफ्त अनाज योजना ही है जिसने बड़ी संख्या में परिवारों को उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से सुरक्षा दी है। यदि इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में एक निश्चित राशि दी जाती है तो खाद्यान्न की बढ़ती लागत उन्हें तेजी से अवहनीय बना देगी।

पीएमजीकेएवाई (जिसका नाम कोविड के पहले आवश्यक एनएफएसए प्लस समान आबंटन था) को चार चरणों में कई बार विस्तारित करने के बाद सरकार ने अतिरिक्त घटक (जिसने पात्रता को दोगुना कर दिया था) को बंद करने का फैसला किया और अब केवल एनएफएसए कानून द्वारा गारंटीकृत घटक देता है। लेकिन इसकी कीमत 3, 2 या 1 रुपये तय करने के बजाय यह पूरी तरह फ्री हो गई है और एनएफएसए का नाम बदलकर (शायद अनौपचारिक रूप से) पीएमजीकेएवाई कर दिया गया है। अब एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री की घोषणा के कारण इसने एक चुनावी वादे को पूरा करने की छवि हासिल कर ली है। लेकिन अगर कैबिनेट वैसे भी 'मुफ्त' योजना को पांच साल तक बढ़ाने जा रही थी तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया? ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ दल को ऐसी योजना के लिए श्रेय लेने में अनुचित लाभ मिलता है जिसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा पारित किया जाना चाहिए था।

इससे संबंधित कई मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने और बोलने की जरूरत है। सबसे पहले, यह निर्णय देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 110 खरब रुपये की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। क्या यह आर्थिक रूप से टिकाऊ है? क्या मुफ्त देने के बजाय अनाज की कीमतों को थोड़ा अधिक बढ़ाया नहीं जा सकता है? यहां तक कि एनएफएसए में भी कीमतों में संशोधन की परिकल्पना की गई थी। 2015 से 2022 के दौरान औसत खाद्य मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें भी सिर्फ गेहूं की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है। सरकार को विभिन्न प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए करीब 10 करोड़ टन अनाज की वार्षिक खरीद का प्रबंधन करना होगा। अनाज मंडी के खरीद पक्ष पर इतना बड़ा एकाधिकारवादी हस्तक्षेप स्थिति को अत्यधिक बिगाड़ने वाला साबित होगा। भंडारण और वितरण के बोझ के बारे में तो बात नहीं करते हैं। इसके अलावा गेहूं और चावल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का बोझ बढ़ता रहेगा। क्या खरीद का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है और इसे राज्यों को दिया जा सकता है? क्या कुछ योजनाओं को नकद के प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

दूसरा मुद्दा भूख और कुपोषण के बारे में है। वार्षिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स रैंकिंग में भारत को मिलने वाले खराब रैंक पर भारतीय अधिकारियों को आपत्ति है। वे शिकायत करते हैं कि सूचकांक बच्चों के शारीरिक विकास और बौनेपन को अनुचित महत्व देता है और यह कि भारत में कुपोषण की समस्या है, भूख की समस्या नहीं। शब्दार्थ को छोड़ दें तो निश्चित रूप से सरकारी नीति में केवल अनाज पर ही नहीं बल्कि सूक्ष्म पोषक तत्वों, दूध, अंडे या मांस के रूप में प्रोटीन के संतुलित सेवन और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। नीति आयोग ने बहु-आयामी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए अनुमान लगाया है कि गरीबी 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यदि ऐसा है तो फिर 58 प्रतिशत भारतीयों को मुफ्त भोजन क्यों मिल रहा है? या यहां तक कि अगर उनकी खाद्य सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करना है, तो क्या यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा बेहतर नहीं होगा?

तीसरा मुद्दा यह है कि क्या हमें खाद्य और पोषण सुरक्षा के संबंध में लक्ष्य केन्द्रीत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। एनएफएसए राशन वितरण, दुकानों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाता है और सार्वभौमिक बन गया है। वास्तव में पहले संस्करण में एनएफएसए को केवल 100 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया जाना था। इसे चुनावी हथकंडे के रूप में पूरे देश में लागू किया गया। 1960 के दशक से लागू मूल पीडीएस को 1990 के दशक के मध्य में लक्षित पीडीएस (टीपीडीएस) के साथ बदलकर सुधार करने की मांग की गई थी। लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार के संसाधनों का उपयोग करते हुए देश के कुछ (पिछड़े) क्षेत्रों का पक्ष लेने के लिए कठोर राजनीतिक निर्णयों की आवश्यकता है। चूंकि प्रमुख रूप से उत्तरी राज्यों और हिंदी बेल्ट में अधिक पिछड़ापन है इसलिए इस तरह का लक्ष्य केन्द्रित दृष्टिकोण अंतर-राज्य निष्पक्षता और संघवाद को सहकारी और निष्पक्ष तरीके का मार्गदर्शन करने जैसे जटिल मुद्दों को उठाता है। बहरहाल यह तय है कि सार्वभौमिक एनएफएसए में कुछ सुधार करने की आवश्यकता है।

चौथा मुद्दा यह है कि क्या यह खाद्य सुरक्षा प्रणाली में व्यापक आमूलचूल परिवर्तन का समय है। एकाधिकार खरीद प्रणाली का उद्देश्य तीन उद्देश्यों को पूरा करना है- किसानों को (समय-समय पर संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से) पर्याप्त मूल्य का भुगतान, गरीब परिवारों को (उनके राशन पात्रता के माध्यम से) खाद्य सुरक्षा और (कीमतों पर नीचे की ओर दबाव डालने के लिए बाजार में आवधिक थोक बिक्री के माध्यम से) खाद्य मूल्य स्थिरता। मतलब एक तीर से तीन शिकार। इसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जैसे कि पंजाब में गहन रासायनिक खेती जो अप्रत्यक्ष रूप से पराली जलाने से जुड़ी हुई है। उच्च भंडारण लागत और परिणामस्वरूप नुकसान। राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

**राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।**

### बीता सप्ताह

**11 नवंबर**
- आईसीसी, सीआरपी व साक्ष्य में बदलाव करने गृह मामलों की स्थायी समिति ने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनकड़ को सौंपी रिपोर्ट।
- पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो चुनाव कराने की घोषणा की।
- रूस में गायब हुआ ए एन-2 विमान रूस के चुकोतका में मिला।
- विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर से बढ़कर 590.8 रुपए डॉलर हुआ।

**12 नवंबर**
- भारत दुनिया के मुकाबले नवंबर 21 से अक्टूबर 23 तक तीन गुना तापमान बढ़ा। हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा।
- दीपोत्सव पर अयोध्या नगरी में 24 लाख दीए जलाए गए।
- पूर्वी इंडोनेशिया में मालकु में 6.2 रिएक्टर तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकम्प आया।
- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित की गई।

**14 नवंबर**
- मणिपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया।
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वासुदेव आचार्य का निधन हो गया।
- ब्रिटेन मंत्रिमंडल में हुआ बड़ा उलटफेर। गृहमंत्री सुएला बेवरमैन को बर्खास्त किया गया।
- पाकिस्तानी गेंदबाजी कोच मोर्ने मेर्विल ने पुरुष टीम की गेंदबाजी कोच से इस्तीफा दे दिया।

**15 नवंबर**
- देश के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पृथ्वी राज सिंह (पीआरएस) ओबेरॉय का निधन हो गया।
- दिल्ली में 42वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरु हुआ।
- संसदीय समिति पैनल ने सरकार से सिफारिश की है कि -व्यभिचार को फिर अपराध की श्रेणी में लाया जाए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सिनेटर टिम स्कॉट बाहर हो गए।

**16 नवंबर**
- जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में सड़क हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में कदम रखा।
- साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार-2023 प्रदान किया गया।
- मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले को 6 माह की जेल व न्यूनतम 25 हजार रुपए जुर्माना होगा-संसदीय समिति ने सिफारिश की।

**17 नवंबर**
- मध्यप्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ के 70 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच।
- चीन के शाक्सी प्रांत के एक इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- दक्षिण कोरिया में गैस रिसाव से एक रेस्तरां में पांच नागरिक घायल हो गए।

## प्रौद्योगिकी संस्थान में भी असुरक्षित हैं महिलाएं

■ संदीप पाण्डेय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' में इस समय तूफान बरपा हुआ है। 1-2 नवम्बर की रात डेढ़ बजे परिसर के अंदर एक छात्रा को उसके पुरुष सहपाठी से अलग कर तीन मोटरसाइकिल सवारों ने उसका चुम्बन ले उसे निर्वस्त्र कर मोबाइल पर उसकी तस्वीर खींची। छात्रा के मजिस्ट्रेट व विवेचना अधिकारी के सामने दिए गए बयान के बाद अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की धारा भी मुकदमे में जोड़ दी गई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले एक अन्य छात्रा के साथ भी ऐसी दुर्घटना हुई थी। छात्र-छात्राओं के जबरदस्त विरोध के बाद विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' की सीमा पर एक दीवार खड़ी करने की सोच रहे हैं।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र-छात्रा नाराज हैं। उनका सवाल है कि क्या विश्वविद्यालय में अन्य छात्राएं नहीं हैं जिनकी सुरक्षा की चिंता भी होनी चाहिए? फिर सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय के बाहर गांवों या वाराणसी शहर में रहने वाली लड़कियों को क्यों छोड़ा जाए? क्या इन सभी की सुरक्षा की चिंता नहीं होनी चाहिए? क्या प्रौद्योगिकी संस्थान के बाहर की लड़कियों को छेड़ने वालों के लिए छोड़ दिया जाएगा? और यह भी सवाल है कि प्रौद्योगिकी संस्थान के अंदर क्या यह सम्भव नहीं कि किसी लड़की या महिला का किसी पुरुष प्रोफेसर, कर्मचारी या छात्र द्वारा यौन शोषण हो?

'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'चिकित्सा संस्थान' में 2012 में एक प्रोफेसर को छात्रा के यौन शोषण के आरोप में समय से पहले सेवानिवृत किया गया था। इस तरह की और भी दुर्घटनाएं इस विश्वविद्यालय परिसर में हो चुकी हैं। 2017 में एक छात्रा के यौन शोषण के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लड़कियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर कुलपति गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने पुलिस से लाठी चलवाई तो उन्हें लम्बी छुट्टी पर भेजकर उन्हें सेवानिवृत किया गया। इसी वर्ष 22 मई को एक महिला दलित सहायक प्रोफेसर ने आरोप लगाया है कि उसके विभाग के ही दो प्रोफेसरों, जिनमें एक महिला है, व दो छात्रों ने उसका यौन शोषण किया जिसकी प्राथमिकी पुलिस ने 27 अगस्त को तब दर्ज की जब इस महिला ने अनुसूचित जाति आयोग, शिक्षा मंत्रालय व मुख्यमंत्री, आदि कई जगह शिकायत की।

2014 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' के सिविल अभियांत्रिकी विभाग की अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर जो विभागाध्यक्ष व डीन भी रहे, पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसे पहले परिसर स्थित मंदिर पर चाय पिलाई, फिर विश्वविद्यालय के बाहर लंका बाजार में लस्सी पिलाने के बहाने अपने नए बन रहे घर ले गए और वहां उसका चुम्बन लेने और घर के अंदर ले जाने की कोशिश की। संस्थान की 'महिला शिकायत प्रकोष्ठ' द्वारा जांच में शिकायत सही पाए जाने पर निदेशक ने इन प्रोफेसर की सेवा निवृति उपरांत नियुक्ति को रद्द किया। यानी कि प्रौद्योगिकी संस्थान की लड़कियां संस्थान में ही सुरक्षित नहीं तो दीवार बनाकर क्या होगा?

छात्राओं को सोचना होगा कि यह मामला भौतिक सुरक्षा का नहीं है। वह तो जितना किया जा सकता है, किया ही जाना चाहिए, लेकिन जब तक पुरुषों की महिलाओं के प्रति सोच नहीं बदलेगी तब तक उनके लिए यौन शोषण का खतरा बना ही रहेगा। घर के बाहर नहीं तो घर के अंदर भी अपने सगे रिश्तेदार खतरा बन सकते हैं। बेहतर होगा कि महिला सुरक्षा के लिए माहौल बनाया जाए। आखिर विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं व परिसर के बाहर रहने वाली लड़कियों का भी तो उतना ही अधिकार है कि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले। बल्कि परिसर के बाहर तो गांवों में वे महिलाएं रहती हैं जिनके परिवारों ने विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए अपनी जमीनें खाली कीं।

आप देखेंगे कि विस्तृत परिसर जिसमें खुली जगह पर्याप्त है, के चारों ओर घनी आबादी है। ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों से जमीन खाली कराकर उन्हें विश्वविद्यालय के हाशिए पर ढकेल दिया गया। जिन परिवारों ने विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कुर्बानी दी क्या हम उन्हें बाहरी मानकर उनके साथ सौतेला व्यवहार करेंगे? क्या हम विश्वविद्यालय के द्वार बंद कर गांव वालों को उनकी पुरानी जमीनों पर आने से वंचित करेंगे? याद रखें पुराने गांवों के कई पवित्र स्थान इस समय परिसर के अंदर हैं जहां गांव के लोग दर्शन करने आते हैं।

**जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा।**

हमें सभी महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सोचना होगा तभी वे सभी जगहों पर सुरक्षित रहेंगी। इसके लिए दोनों स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक तो महिला खुद सशक्त हो तथा अपनी रक्षा खुद कर सके। दूसरा, पुरुषों का नजरिया बदला जाए ताकि वे महिला को बराबर का सम्मान दें, उनके निजता के अधिकार को पहचानें और उन्हें सिर्फ भोग की वस्तु के रूप में न देखें।

ये दोनों ही प्रक्रियाएं समाज में चल रही हैं और देश में 'निर्भया कांड' के बाद काफी गुणात्मक परिवर्तन आया है। अब महिलाएं खुलकर अपने यौन शोषण के बारे में बात कर रही हैं जैसा पहले नहीं करती थीं। अब इसे कोई इज्जत बचाने के नाम पर छुपाता-दबाता नहीं है। पुरुष भी महिलाओं के प्रति पहले से ज्यादा संवेदनशील हैं और भले ही मजबूरी में, लेकिन महिलाओं को समाज में बराबरी का स्थान दे रहे हैं। इन प्रक्रियाओं को और तेज करने की जरूरत है।

सरकारों को भी इस मुद्दे पर संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। यदि महिला पहलवानों के मामले में सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती तो संदेश यही जाएगा कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए एक आरोपी को बचा रही है। ऐसी सरकार पर कौन महिला अपनी सुरक्षा के लिए भरोसा कर सकती है? अपराधी को भी संदेश जाता है कि यदि आप शासक दल के साथ हैं तो आपको कोई चिंता करने की जरूरत नहीं। यही निर्भीकता अपराधियों को 1-2 नवम्बर जैसा दुस्साहस करने की हिम्मत देता है।

जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा। जब सही मायने में पुरुष महिला को बराबरी का स्थान व सम्मान देगा तभी यौन शोषण खत्म होगा।

**(लेखक वैज्ञानिक, समाजकर्मी एवं हैं।)**

## कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

■ अरुण श्रीवास्तव

कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हें इस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके।

मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं।

उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवत: उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था।

येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि मई के बदतर चुनावी हार के बाद, राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोक्कालिंगा समुदाय को जोड़ने का फैसला किया था। लेकिन यह सफल नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि एचडी देवेगौड़ा की जद (एस) द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला करने के बाद इस विचार को छोड़ दिया गया था क्योंकि वोक्कालिगा देवेगौड़ा का मुख्य समर्थन आधार रहा है। 'जद (एस) के एनडीए में आने के साथ, भाजपा प्रमुख के रूप में वोक्कालिंगा नेता की नियुक्ति व्यवहार्य नहीं थी। जाहिर है, पार्टी को सार्वजनिक चेहरे के रूप में लिंगायत समुदाय से किसी को लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। 'अब विजयेंद्र को राज्य प्रमुख के रूप में स्थापित करने के बाद, नेतृत्व विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्त करने के लिए किसी प्रमुख ओबीसी नेता की तलाश कर रहा है,' एक वरिष्ठ नेता ने कहा।

एक और कारक जो महत्वपूर्ण रूप से सामने आया है वह है संघ परिवार का रवैया। कर्नाटक के आरएसएस कैडरों ने वरिष्ठ येदियुरप्पा को कभी भी बहुत सम्मान नहीं दिया। उन्हें लगता है कि वह भले ही राज्य में लिंगायत समुदाय का चेहरा रहे हों, लेकिन उन्होंने कभी भी सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने की कोशिश नहीं की। संघ की राज्य इकाई के साथ उनके कभी भी सहज और सौहार्द्रपूर्ण संबंध नहीं रहे। जाहिर है, संघ के प्रति वफादार लोगों से विजयेंद्र को समर्थन देने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। कुछ संघ नेता याद करते हैं कि जब उनके पिता मुख्यमंत्री थे तो विजयेंद्र कैसे 'सुपर सीएम' की तरह व्यवहार करते थे। उनका यह भी आरोप है कि उनकी कार्यशैली निचले स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं के राज्य के नेताओं से अलगाव का एक प्रमुख कारण था। कर्नाटक में पार्टी के पतन का यह एक बड़ा कारण था।

लिंगायतों को हिंदुत्व विरोधी प्रवृत्ति वाला माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि लिंगायतवाद की स्थापना हिंदू धर्म की ब्राह्मणवादी व्यवस्था को बाधित करने के लिए की गई थी। सदियों बाद, समुदाय के सामाजिक अभिजात वर्ग और नए मध्यम वर्ग ने संघ परिवार की प्रिय नवउदारवादी और सांप्रदायिक नीतियों को अपना लिया है। अपने विचारों का समर्थन करने के लिए, वे भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बयानों का उल्लेख करते हैं, कि 'हिजाब और हलाल चुनावी मुद्दे नहीं हैं'। येदियुरप्पा से भी उम्मीद नहीं है कि वे किसी भी सामाजिक ध्रुवीकरण वाले मुद्दे को मंजूरी देंगे।

कांग्रेस में भी प्रदेश के नेता राहुल गांधी की वैचारिक लाइन को लागू करने का प्रयास करने के बदले कड़वे सत्ता संघर्ष में शामिल हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' के जरिये राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। लेकिन उनके आरोप को स्वीकार करने वाले कम ही लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा की शिकायत के बाद यह आरोप लगाया था कि भाजपा की एक टीम ने कांग्रेस विधायकों से भगवा पार्टी में जाने के लिए प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपये और एक मंत्री पद की पेशकश के साथ संपर्क किया था।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी कहा, 'एक बड़ी साजिश रची जा रही है, लेकिन इसका फल नहीं मिलेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस विधायकों ने उन्हें और सीएम को सूचित किया था कि कौन उनके संपर्क में है और क्या पेशकश की जा रही है।

**अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है।**

वास्तव में, अवैध शिकार का डर इतना गंभीर नहीं है। यह सिद्धारमैया और शिवकुमार के नेतृत्व वाले दो युद्धरत गुटों के बीच की अंदरूनी लड़ाई है जो राज्य में कांग्रेसियों के लिए चिंता का प्रमुख स्रोत रही है। शिवकुमार के समर्थक पार्टी नेतृत्व पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का दबाव बना रहे हैं। उनके समर्थक रणनीति तैयार करने के लिए रात्रिभोज और मिलन समारोह भी आयोजित कर रहे हैं।

अपनी ओर से सिद्धारमैया भी अपने समर्थकों की बैठकें कर रहे हैं। हाल ही में, सिद्धारमैया ने राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर द्वारा आयोजित रात्रिभोज पार्टी में भाग लिया, जहां शिवकुमार अनुपस्थित थे। पिछले रात्रिभोज के साथ ही एक और रात्रिभोज का आयोजन किया गया था, जहां मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा ने दावा किया था कि शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने सुझाव दिया कि रात्रिभोज का उद्देश्य पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीशजारकी होली को शांत करना है, जिन्होंने बेलगावी राजनीति में शिवकुमार की बढ़ती भागीदारी पर असंतोष व्यक्त किया है।

मई में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोग अंदरूनी कलह के खेल में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। दरअसल, जारकीहोली ने पार्टी नेताओं को संदेश भेजने के लिए लगभग 20 समान विचारधारा वाले विधायकों के साथ दुबई की यात्रा करने की योजना बनाई थी, हालांकि कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद मैसूर की पिछली यात्रा रद्द कर दी गई थी।

अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को गुटबाजी के कारण कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पुनर्गठन में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल गांधी की सलाह के बाद प्रदेश कमेटी में नये युवा चेहरों को शामिल करने का फैसला किया गया। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि दोनों नेता सिद्धारमैया और शिवकुमार इस कवायद के इच्छुक नहीं हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में 'नया खून' भरने और मंत्रियों पर काम का बोझ कम करने का कदम अभी तक अमल में नहीं आया है। हालांकि एआईसीसी महासचिव, कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य केंद्रीय नेता समाधान खोजने के लिए नेताओं के साथ बैठकें करेंगे, लेकिन पार्टी में व्याप्त दुश्मनी की प्रकृति एक स्पष्ट संदेश भेजती है कि निकट भविष्य में एक बड़ा टकराव हो सकता है।

## गाजा के संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थल विस्थापितों से खचाखच भरे

**गाजा,** 17 नवम्बर (एजेंसियां) । मध्य और दक्षिणी गाजा में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा प्रबंधित आश्रय स्थल विस्थापितों से खचाखच भरे हुए हैं। समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएनआरडब्ल्यूए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में 1.6 मिलियन से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं, इनमें से लगभग 813,000 लोग 154 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं।

# देश विदेश

# शेख हसीना ने बीएनपी, जमात से कहा, माफी मांगें और चुनाव में हिस्सा लें

**ढाका,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल बीएनपी को जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर हत्याओं के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और आगामी आम चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश आवामी लीग की चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'उन्हें (बीएनपी और जमात) अपने अपराधों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और फिर आगामी राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने आम लोगों को मारा है उन्हें लोग वोट क्यों देंगे और लोग उन पर भरोसा क्यों करेंगे। उन्होंने कहा, 'लोग उन पर भरोसा नहीं करते। उनकी पहचान हत्यारों और साजिशकर्ताओं के रूप में हो गई है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर किसी में लोगों के लिए काम करने की ईमानदारी और साहस है तो उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जिसे भी जनता का समर्थन मिलेगा, वह सरकार बनाएगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव लोगों का संवैधानिक अधिकार है और चुनाव का दरवाजा सभी के लिए खुला है।



**बीएनपी और जमात अपने अपराधों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और फिर आगामी राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेना चाहिए। जिन्होंने आम लोगों को मारा है उन्हें लोग वोट क्यों देंगे और लोग उन पर भरोसा क्यों करेंगे:- शेख हसीना, प्रधानमंत्री बांग्लादेश**

उन्होंने लोगों से सहयोग भी मांगा ताकि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से और समय पर हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा, 'लोगों को अपना वोट (चुनाव में) इस नारे के साथ देना चाहिए – 'मैं जिसे चाहूं उसे अपना वोट डालूंगा'।' उन्होंने कहा कि सभी को आकर चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा, '(सभी को) लोगों के पास जाना चाहिए और अपने लिए वोट मांगना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने समय पर चुनाव की घोषणा करने और आगजनी तथा हिंसा के कारण दबाव में नहीं आने के लिए चुनाव आयोग को भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार डिजिटल बांग्लादेश शुरू करने में सफल रही है। हर कोई इसका लाभ उठा रहा है। हमारी सरकार भविष्य में 'स्मार्ट बांग्लादेश' भी लॉन्च करेगी। हमें उम्मीद है कि ऐसी योजनाओं से युवाओं को लाभ मिलेगा।'

## अलबामा राज्य से कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ने को तैयार भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी

**न्यूयॉर्क,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। एक भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी और रियल एस्टेट ब्रोकर 21 उम्मीदवारों के साथ अलबामा राज्य से कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ने को तैयार हैं। 39 वर्षीय विमल पटेल अगले साल 5 मार्च को होने वाले प्राथमिक चुनाव में 13 डेमोक्रेट और आठ रिपब्लिकन के साथ उस जिले के लिए चुनाव लड़ेंगे, जो दक्षिण अलबामा में फैला है और इसमें मोंटगोमरी काउंटी और मोबाइल काउंटी का एक हिस्सा शामिल है। उन्होंने कहा, 'आप देखिए, क्वालिफाई करने के बाद मैं काम पर वापस आ गया। मैं करियर राजनीतिज्ञ नहीं हूं। मुझे चिंता है कि ये करियर राजनेता क्या कर रहे हैं और यदि आप भी चिंता करते हैं तो हमें इसे ठीक करने के लिए आगे आना चाहिए।' पटेल ने फेसबुक पर लिखा, हमारे पास यहां सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने का अवसर है जो व्यवस्था को हिला देगा। पटेल ने 'एएल डॉट कॉम' को बताया कि उनका व्यावसायिक कौशल उन्हें कांग्रेस में प्रभावी बनाएगा और संघीय घाटे और सामाजिक सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण जैसे मुद्दों से निपटने में मदद करेगा। उनके अनुसार वाशिंगटन में रहने वालों ने इन मूलभूत समस्याओं का जवाब शालीनता के साथ दिया है। इससे पहले पटेल 2022 में दूसरी जिला सीट के लिए मैदान में थे और डेमोक्रेटिक प्राइमरी में फीलिस हार्वे-हॉल से हार गए थे। पटेल का परिवार 1980 में भारत से आकर बस गया। अमेरिका में जन्में, विमल पटेल ने ट्रॉय के चार्ल्स हेंडरसन हाई स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 2007 में ऑबर्न से राजनीति विज्ञान की डिग्री हासिल की। 2007 में स्नातक होने के बाद, पटेल ने ट्रॉय, मोंटगोमरी और डोथन में होटल और यूफौला में एक लॉन्ड्रोमैट के साथ अपने परिवार के आतिथ्य व्यवसाय को संभालने के लिए ट्रॉय लौटने का फैसला किया।



## सुडोकू 6379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 18 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। काम में सफलता भी शीघ्र नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृषभ - आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

मिथुन - आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क - किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह - साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

तुला - आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक - परिजनों के साथ मनदु-ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ - आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन - आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## चीन-अमेरिका संबंधों के लिए एक नया शुरुआती बिंदु बना 'सैन फ्रांसिस्को विजन'

**बीजिंग,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 नवंबर की सुबह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। पिछले साल 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली द्वीप में चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों की मुलाकात के बाद यह एक और महत्वपूर्ण बैठक थी। चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच इस बैठक का महत्व न केवल 'बाली लौटना' और असामान्य स्थिति को हल करना है। यह एक रणनीतिक, ऐतिहासिक और अग्रणी कदम भी है कि चीन-अमेरिका संबंधों को वापस पटरी पर लाएं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 'पांच समानताएं' प्रस्तावित की, जिसने चीन और अमेरिका के स्थिर विकास के लिए पांच स्तंभ रखे और द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य के लिए 'सैन फ्रांसिस्को विजन' खोला। सही समझ स्थापित करना चीन-अमेरिका संबंधों का शुरुआती बिंदु है। केवल रिश्तों की स्थिति को स्पष्ट करने और एक-दूसरे की प्रेरणाओं और इरादों को सही ढंग से समझने से ही बातचीत और सहयोग प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।



राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि चीन हमेशा स्थिर, स्वस्थ और टिकाऊ चीन-अमेरिका संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। साथ ही चीन के ऐसे हित हैं, जिनकी रक्षा की जानी चाहिए, ऐसे सिद्धांत हैं जिनकी रक्षा की जानी चाहिए, और ऐसी मूल बातें हैं जिनका पालन किया जाना चाहिए। चीन को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका भागीदार बन सकते हैं, एक-दूसरे का सम्मान कर सकते हैं और शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रह सकते हैं।

चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की यह बैठक समग्र स्थिति के आधार पर चीन-अमेरिका संबंधों और विश्व स्थिति को स्थिर बनाने के लिए चीन द्वारा की गई एक प्रमुख रणनीतिक विकल्प है।

## 'युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा में यहूदियों को बसाने की अनुमति दें'

**तेल अवीव,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल में कई दक्षिणपंथी संगठनों ने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा में यहूदी लोगों को बसाने की अनुमति देने के लिए बेंजामिन नेतन्याहू सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यहूदी लोगों का बसना क्षेत्र में सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार से युद्ध समाप्त होने के तुरंत बाद क्षेत्रों में यहूदी आबादी को फिर से बसाने का आह्वान किया। दक्षिणपंथी संगठनों के गठबंधन ने इज़रायल सरकार से कहा है कि वह पहले कदम के रूप में उत्तरी गाजा में पुनर्वास के लिए पहल करे और फिर इसे नित्ज़न, एल सिनाई और डुगिट जैसी पूर्व यहूदी बस्तियों तक विस्तारित करे जो अश्कलोन के करीब हैं। 7 अक्टूबर को हमास ने गाजा की सीमा से लगे अश्कलोन में एक बड़ा हमला किया। नाहला आंदोलन के ज़विव एलिमेलेक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पूरे गाजा में यहूदी आबादी के व्यापक पुनर्वास की आवश्यकता है और कहा कि ओस्लो समझौते के बाद गाजा की वापसी को रद्द करना होगा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सुबह से शाम तक ...**

मंत्री अनिला भेड़िया सरकारी गर्ल इंग्लिश मिडियम स्कूल डौंडीलोहारा में मतदान करने पहुंची। प्रथम मतदाता होने के चलते मंत्री भेड़िया का तिलक लगा कर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंत्री अनिला जिस स्कूल में पहली क्लास पढ़ी हैं। उसी स्कूल में मतदान की।

धमतरी के बिरेतरा में वर्तमान विधायक और भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू मतदान केंद्र पहुंची। बिरेतरा उनका गृह ग्राम है।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू ने मतदान किया। धनेंद्र साहू ने अपने गृह ग्राम तोरला के मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने अभनपुर विधानसभा जीत सहित प्रदेश में 75 प्लस कांग्रेस की सरकार बनाने का दवा किया है।

नेता प्रतिपक्ष और जांजगीर चाम्पा से बीजेपी प्रत्याशी नारायण चंदेल ने नैला वार्ड 3 के बूथ क्रमांक 79 में मतदान किया। मतदान के बाद जनता से मिलने उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण किया। नारायण चंदेल ने जिले के मतदाताओ से मतदान करने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और लोरमी प्रत्याशी अरुण साव ने अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर के शेफर्ड स्कूल में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बन रही है।

रायपुर ग्रामीण के कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक सत्यनारायण शर्मा अवंति विहार स्थित विजय नगर चौक में शासकीय स्कूल में करेंगे मतदान। इस दौरान सत्यनारायण शर्मा ने कहा कांग्रेस का बहुमत आएगा, कांग्रेस की काम पर जनता को भरोसा है।

सरगुजा संभाग के सीतापुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। वोट देने के बाद अमरजीत भगत ने सेल्फी पॉइंट में फोटो भी खिंचवाई।

सिहावा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका मरकाम ने वोट डाला। उन्होंने गृह ग्राम गट्टासिल्ली में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अम्बिका मरकाम अपने परिवार और समर्थकों के साथ मतदान करने पहुंची।

महासमुंद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ। रश्मि चंद्राकर ने मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता विकास को चुनेगी और मुझे वियज बनाएंगे।

भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने सेक्टर 5 के इंग्लिश मीडियम स्कूल में मतदान किया। देवेंद्र यादव अपनी पत्नी श्रुतिका के साथ मतदान करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा मतदाता जकरुक है फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी और एक नया भिलाई हम सब मिलकर बनाएंगे। भिलाई नगर विधानसभा के 167 मतदान केंद्रों में हो रहा मतदान।

बिलासपुर संभाग के कोटा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और छग पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी के साथ केन मेमोरियल स्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान अटल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर है, भारी बहुमत से फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

मरवाही कांग्रेस प्रत्याशी केके ध्रुव ने मतदान किया। वहीं मरवाही के जनता कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब राज ने मतदान किया।


सक्ति विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अपनी पत्नी सांसद ज्योत्सना महंत ने मतदान किया।

**4 जगहों पर ...**

मामले में अभनपुर एसडीएम तकनीकी इंजीनियर को मतदान केंद्र जल्द ही पहुंचने की बात कही है।

वहीं तखतपुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 176 में ईवीएम मशीन खराब हुई है। मतदाता की लगी लंबी कतार लगी हुई है। ईवीएम मशीन खराब होने से बूथ क्रमांक 176 में एक भी मतदान नहीं हो सका है। जिसकी वजह से मतदाता परेशान हो रहे हैं। मतदान कर्मी ईवीएम मशीन सुधार में जुटे। भिलाई निगम के वार्ड-1 खम्हरिया के बूथ क्रमांक में मशीन खराब होने की वजह से मतदान शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों की माने तो 100 से ज्यादा लोग कतार में खड़े हैं। मतदान कर्मियों से मशीन भी नहीं सुधर रही थी। कोटा विधानसभा क्षेत्र के बेलगहना में भी ईवीएम खराब होने की जानकारी है। बेलगहना के बूथ क्रमांक 122 प्राथमिक शाला डोंगरी पारा में मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। जिसकी वजह से मतदान केन्द्र के सामने मतदाता परेशान नजर आए।

## वर्ग पहेली 6379



**बायें से दायें:-**

१. पराधीनता, गुलामी
४. जिस पर नज़र न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदनपत्र
८. युद्धसंबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास-फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्धन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पाई जाने वाली श्वेत-चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर-चंदन आदि में ललाट पर बनाया गया चिह्न, टीका
१४. किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन या लेखा-जोखा करने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग-संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तानकर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6378

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | र्झ | ■ | प्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1727-महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
1738-फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1772-पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली।
1833-हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1901-फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक वी शांताराम का जन्म हुआ।
1909-अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया।
1910-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का जन्म।
1918-उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1922-तुर्की के युवराज अब्दुल मजीद द्वितीय को खलीफा चुन लिया गया।
1948-बिहार की राजधानी पटना के पास स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
1956-मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
1959-आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया।
1962-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक शैतान सिंह का निधन।
1963-अमेरिकी टेलीफोन कंपनी बेल सिस्टम्स दुनिया के सामने पहला ऐसा फोन लाई जिसमें बटन वाला डायलिंग पैड था।
1972-बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया था।
2003-श्वार्जेनेगर ने कैलीफ़ोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली थी।

**कूटनीति** नेतन्याहू ने दोहराया हम गाजा पर कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहे

# हमें गाजा का विसैन्यीकरण व कट्टरवाद खत्म करना होगा: नेतन्याहू

**वाशिंगटन/जेरूसलम, 17 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि उनका देश गाजा पर कब्जा करने की कोशिश नहीं कर रहा, लेकिन हमारा लक्ष्य हमास-नियंत्रित क्षेत्र को विसैन्यीकरण और कट्टरपंथ से मुक्त करना है। उन्होंने गुरुवार को सीबीएस न्यूज इंटरव्यू के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इजरायल 'न्यूनतम नागरिक हताहतों के साथ' हमास का सफाया करने की कोशिश कर रहा है।**

'हम आतंक को फिर से उभरने से रोकने के लिए समग्र सैन्य जिम्मेदारी चाहते हैं... हम कब्जा करना नहीं चाहते। वह हमारा लक्ष्य नहीं है, लेकिन हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि वहां जो होता है वह अलग हो।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'ऐसा करने के लिए हमें गाजा को विसैन्यीकृत करना होगा और हमें गाजा को कट्टरपंथी बनाना होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीनियों को हमास से आजाद कराने से उन्हें बेहतरीन भविष्य मिलेगा। गाजा के अल-शिफा अस्पताल में इजरायली सैन्य छापे के बारे में, नेतन्याहू ने कहा कि इस बात के 'मजबूत संकेत' हैं कि हमास ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद बंधक बनाए गए लोगों को अस्पताल के अंदर रखा हुआ है। उन्होंने सीबीएस न्यूज को बताया, 'हमारे पास इस बात के पुख्ता



संकेत थे कि उन्हें शिफा अस्पताल में रखा गया था, यही एक कारण है कि हम अस्पताल में दाखिल हुए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'अगर वे (वहां) थे, तो उन्हें बाहर निकाल लिया गया।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के पास 'बंधकों के बारे में खुफिया जानकारी' है। अधिकारियों के मुताबिक, गाजा में 237 लोगों को बंदी बनाया जा रहा है, जिनमें इजरायली, विदेशी नागरिक और बच्चे शामिल हैं। अब तक, हमास द्वारा चार नागरिक बंधकों को रिहा कर दिया गया है, और एक महिला सैनिक को इजरायली बलों ने बचाया है। इजरायल ने कहा है कि हमास अस्पताल के नीचे एक कमांड सेंटर रखता है, साथ ही चिकित्सा परिसर को आधार के रूप में उपयोग करता है। हालांकि, आतंकवादी समूह द्वारा आरोपों का बार-बार खंडन किया गया है।

जब नेतन्याहू से कैदियों की अदला-बदली के प्रस्तावित सौदे और बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल कितना करीब है, के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीबीएस न्यूज से कहा जमीनी कार्रवाई शुरू करने से पहले हम जितने करीब थे, उससे कहीं ज्यादा करीब हैं... (जमीनी आक्रमण शुरू हो गया है) हमास पर युद्ध विराम के लिए दबाव डालें।

## दुनिया को जानें

### माने पर परमाणु ऊर्जा विस्तार की योजना बना रहा है स्वीडन

स्टॉकहोम, 17 नवम्बर (एजेंसियां)। स्वीडन सरकार नई परमाणु ऊर्जा को बड़े पैमाने पर विस्तार करने की योजना बना रही है। इसको लेकर सरकार ने कहा कि 2045 तक वह चाहती है कि देश में 10 नए रिएक्टर हो, जिनमें से दो 2035 तक चालू हो जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एब्बा बुश ने एक संवाददाता सम्मेलन में 100 प्रतिशत नवीकरणीय से 100 प्रतिशत जीवाश्म-मुक्त बिजली उत्पादन में नीति बदलाव की रूपरेखा बताते हुए कहा, इसका मतलब स्वीडन की ऊर्जा नीति का एक ऐतिहासिक पुनर्गठन होगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्री के हवाले से कहा, 'हमें 25 साल के भीतर बिजली उत्पादन दोगुना करना है।' उन्होंने कहा, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, परमाणु रिएक्टरों की संख्या पर लगी सीमा हटा दी जाएगी और नए रिएक्टरों के लिए अनुमति देने की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और तेज किया जाएगा। बुश ने कहा, सरकार ने नई परमाणु ऊर्जा में निवेश के लिए क्रेडिट गारंटी शुरू करने का भी फैसला किया है। नए परमाणु बुनियादी ढांचे में राज्य और निवेशकों के बीच जोखिम-साझाकरण के लिए एक आर्थिक मॉडल भी विकसित किया जाएगा।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने किया उत्साहपूर्वक मतदान

## महिला और पुरूष दोनों मतदाताओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले में कमार एवं भुंजिया जनजाति के लोग सदियों से जंगलों में निवास कर अपना जीवन यापन कर रहे है। इस जनजाति का आर्थिक व सामाजिक विकास पहले से अब अच्छा हो रहा है। कमार और भुंजिया जनजाति सीधा सरल तरीके से जीवनयापन करते हैं। ये जनजाति तीर धनुष के साथ रहते हैं। यह जनजाति की विशेष पहचान हैं। आज इन जनजाति के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक प्रयोग किया।




पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाता आज लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान देकर खुद की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। इस भागीदारी के बदौलत स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है। इसको ध्यान में रखकर अन्य समुदाय के मतदाताओं की तरह भी आज वे अपने – अपने घरों से निकल कर मतदान करने पहुंचे। विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा आदर्श (विशेष पिछड़ी जनजाति) मतदान केन्द्र बनाया गया था, जहां वे लोग अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया। गरियाबंद जिले के ग्राम मौहाभाठा निवासी श्री रामभरोसा भुंजिया ने तीर धनुष के साथ मतदान करने पहुंचे थे।

मतदान करने के उपरांत अपने बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली दिखाकर कहा कि मैंने तो चुनई तिहार में अपने मत का प्रयोग कर लिया है। आप भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इसी तरह पारागांव आदर्श मतदान केन्द्र में छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति, भुंजिया जनजाति के रसोई घर लाल बंगला के थीम पर मतदान केन्द्र विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। जहां विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़ – चढ़कर किया और मतदान पश्चात वहां बनाएं गए सेल्फी जोन में तर्जनी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचवाए जो उनके आत्मविश्वास का प्रतीक है।

# साकरदाहरा मंदिर में चोरी

**डोंगरगांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के प्रसिद्ध मोक्ष धाम साकरदाहरा मंदिर के सत बहिनी एवं दुर्गा मंदिर में अलग-अलग दान पेटी को तोड़कर अज्ञात चोर ने लगभग दस हजार रुपए की नगद राशि चोरी कर लिया है दीपावली पर्व के तीसरे दिन चोरों ने मंदिर में धावा बोला और देवी मां के मंदिर में डाका डाला अब चोर को भगवान से भी डर भय समाप्त हो गया है लोग जहां एक ओर देवी मंदिरों में रोज पूजा पाठ करने सुबह से शाम रात्रि तक जाते हैं वही एक और आज के कलयुगी चोरों ने बिना डर भय के प्रसिद्ध मोक्ष धाम साकरदाहरा मंदिर में दान पेटी को तोड़कर चिल्लर सहित नोटों की गड्डी पूरी तरह से ले गया है साकरदाहरा मंदिर समिति के सचिव राजेंद्र माली एवं भुवनेश्वर साहू ने बताया है कि अज्ञात चोरों ने 20 दिन पहले इसी मंदिर से सीसीटीवी का सेटअप बॉक्स के साथ-साथ एक पानी मशीन को चोरी कर ले गया था जिसकी रिपोर्ट डोंगरगांव पुलिस थाना में दर्ज कराया गया था जिनका आज तक अज्ञात चोर का कोई अता पता नहीं लग पाया है चोरों ने दूसरी बार फिर



### चोर मोबाइल छोड़ भागा पुलिस जांच में जुटी

मंदिर में धावा बोलते ही नगद राशि ले उड़े चोर ने जल्दबाजी में अपना मोबाइल को मंदिर में छोड़ दिया है वापस जाते समय अपने मोबाइल मंदिर में ही छोड़ दिया है जिससे पुलिस को इसी मोबाइल से अज्ञात चोर का पता लगाने में सफलता मिलेगी जब इस चोरी के बारे में डोंगरगांव पुलिस से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया है मंदिर में चोरी करने के बाद एक मोबाइल को मंदिर में ही छोड़ गया था जिसकी पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है अज्ञात चोर का मोबाइल से नंबर और नाम का पता खंगाल रही है पुलिस ने नाम और नंबर पता लगते ही चोर को गिरफ्तार कर कड़ी करवाई की जाएगी

पुलिस ने थाने में मोबाइल जप्त कर जांच के लिए आगे भेजा गया है इस कलयुगी चोर को अब देवी देवता के मंदिरों को भी पाप करने से डर नहीं लग रहा है अज्ञात चोर का मोबाइल अब पुलिस के लिए चोर को पकड़ने में बड़ी कामयाबी मिलेगी

### मंदिर समिति ने पुलिस गस्त रात्रि में लगाने की मांग की गई

जिले के प्रसिद्ध मोक्ष धाम मंदिर में हर रोज सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है अब यहां पर लगातार हो रही चोरी से अब चोरों को किसी का डर नहीं है मंदिर समिति के सभी पदाधिकारीओ ने जान माल का खतरा को देखते हुए शीघ्र ही साकरदाहरा मंदिर में पुलिस टीम की रात्रि गस्त लगाने की मांग की गई है यहां पर बाहर के कई धर्म प्रेमीयो का आना जाना लगा रहता है यहां पर पुलिस गस्त से मंदिर समिति और क्षेत्र वासीयो को सुरक्षा मिलेगी

# मातर परंपरा और काली पूजन आस्था के प्रतीक : गिरीश देवांगन

**राजनांदगांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन द्वितीय चरण के अपने व्यस्ततम चुनावी जिम्मेदारियों से समय निकाल कर परंपरा के प्रतीक ग्राम भोथीपार खुर्द के मातर त्यौहार में शामिल होकर ग्राम वासियों से आत्मीय भेंट मुलाकात कर सहारा देव में शीश नवाकर ग्राम वासियों के विशाल जनसमूह को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि दीपावली के पावन अवसर पर मातर हमारी परंपरा का एक अंग है जहां हम सब भेदभाव से दूर आपस में मिल बैठकर प्रसाद रूपी अन्न ग्रहण कर आपसी भाईचारा का संदेश देते हैं इस प्रकार के आयोजन से छत्तीसगढ़ की परंपरा और मजबूत होती है पश्चात श्री देवांगन शंकरपुर वार्ड में विगत 15 वर्षों से शिव शक्ति मां काली पूजन समिति के द्वारा माता काली की मूर्ति स्थापना कर दो दिवसीय आराधना की जाती है के स्थापना



### स्ट्रॉन्ग रूम अवलोकन व शोक संतप्त परिवार से मिलकर बंधाया ढाढस

अवसर पर पहुंचकर समिति के सदस्यों वार्ड वासियों से भेंट मुलाकात कर मां काली की आरती पूजन कर अटूट आस्था के लिए वार्ड वासियों को शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की। रायपुर से खाटू श्याम भक्त गणों के द्वारा निशान पदयात्रा के शहर प्रवेश पर निशान ध्वज में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सत्यनारायण धर्मशाला में श्याम भक्तों के भजन में शामिल होकर आस्था के साथ झूमे पश्चात गिरीश देवांगन वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्ञानचंद बापना की माता श्री के निधन पर शोक मिलन हेतु उनके निवास पहुंच दिवंगत माता श्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ ही शहर के ठक्कर दंपति की विशाखापट्टनम में हृदय विदारक दुर्घटना में दादा पुत्र पोता के निधन पर सनसिटी पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढस बंधाकर अपनी संवेदना व्यक्त किए। राजनांदगांव प्रवास के दौरान श्री देवांगन स्ट्रांग रूम पहुंचकर ईवीएम मशीन की सुरक्षा प्रबंधन का जायजा भी लिया इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, शहर उपाध्यक्ष नसीर जिंदरान, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, योगेंद्र वैष्णव, रमेश खंडेलवाल, वीरू चौहान, राकेश जोशी, मुन्ना भाई, अशोक अग्रवाल, वीरेंद्र बोरकर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रेक्षक अंजू चौधरी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने मतदान दिवस के दिन विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पोंड, पाण्डुका, सरकड़ा, गरियाबंद, संगवारी मतदान केन्द्र पारागांव, सढ़ौली एवं मालगांव के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। मतदाताओं से कहा निष्पक्ष, निर्भिक होकर मतदान करे और लोकतंत्र को मजबूत बनाये।




# कलेक्टर व एसपी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा में पहुँचकर किया मतदान

**बालोद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी पायल चौधरी एव पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के साथ जिला मुख्यालय बालोद के मतदान केंद्र क्रमांक 38 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा में आदर्श मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक के मतदान केंद्र में पहुचने पर स्वच्छता दीदियों द्वारा फूलों की पंखुड़ियों एंव तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री शर्मा ने आदर्श मतदान केंद्र में बनाये गए मतदाता जागरूकता पर आधारित आकर्षक रंगोली एंव मतदान केंद्र के व्यवस्थाओ की सराहना भी की। इस दौरान कलेक्टर अपनी धर्मपत्नी एंव पुलिस अधीक्षक के साथ सेल्फी पांईट में पहुँचकर सेल्फी भी लिया। इस अवसर पर कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक ने बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। इस दौरान श्री शर्मा ने आदर्श मतदान केन्द्र में बनाये गए अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्र अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। श्री शर्मा ने अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हें मुन्हे बच्चो से बातचीत भी की। श्री शर्मा ने मतदान केंद्र में बुजुर्ग मतदाता बसन्ती बाई साहू से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने इस उम्र में भी अपने कर्तव्य को समझते हुए मताधिकार के प्रयोग की सराहना की।

# कलेक्टर आकाश छिकारा सहित प्रशानिक अफसरों ने एक साथ किया मतदान

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में जिला मुख्यालय गरियाबंद में प्रशासनिक अफसरों ने भी उत्साह से मतदान किया। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने अफसर एक साथ मतदान करने पहुंचे। बकायदा लाइन लग कर बारी बारी अफसरों ने मतदान किया। कलेक्टर सहित अन्य अफसर कतार में लगकर अपने बारी का इंतजार करते नजर आए। इस अवसर पर नगर के सिविल लाइन स्थित शासकीय प्राथमिक शाला किसानपारा के आदर्श संगवारी मतदान केंद्र में कलेक्टर आकाश छिकारा और उनकी धर्मपत्नी डॉ. पायल ने मतदान किया। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम भूपेन्द्र साहू सहित अन्य अफसरों ने लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा और उनकी धर्मपत्नी एवं जिला पंचायत सीईओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ सेल्फी पांईट में पहुँचकर सेल्फी भी लिया। साथ ही लोगों से बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील की।



इस दौरान कलेक्टर ने आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र का अवलोकन कर वहां पर मतदाताओं के लिए की गई बैठक व्यवस्था में बांस से निर्मित कुर्सी टेबल, दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, सहायता केन्द्र, शिशुवती माताओं के लिए फिडिंग जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए रखे गए खिलौने एवं मतदाताओं के लिए पेयजल व्यवस्थाओं सहित मतदान केन्द्र को छिंद के पत्तों से भी सजाया गया था, जिसका अवलोकन कर आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र में किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की।

# उम्रदराज और अशक्त मतदाताओं ने ली वोटिंग के लिए अपने सहयोगियों की मदद

**महासमुंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साह से भाग लेने मतदान केंद्र सहयोगियों के साथ पहुंचते रहे। लोकतंत्र के इस त्यौहार में भीमराव अंबेडकर स्कूल नयापारा में आठ मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसमें से एक मतदान केंद्र सुमन बोकड़े व शकुन ने अपने सहयोगियों की मदद से मतदान किया। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 180 में दुर्गेश व साबरा बी ने भी अपने सहयोगी पालचंद व परवीन के साथ मतदान किया।



हीरा बाई चंद्राकर, चैतीबाई चंद्राकर, रामबत्ती निषाद, कुंवर बाई निषाद, हठियारिन अपने सहयोगियों की मदद से मतदान किया। इसी तरह भाग बाई यादव ने भी अपने सहयोगी की मदद से वोट दी है। दलदली रोड के बूथ क्रमांक 186 में अपने सहयोगियों की ररूवा प्रसाद, सदबत्ती यादव, बृजबाई साहू, बिशाल ढीमर, उना क्षत्री, सुखबती यादव ने वोट दिया यहां 1 वोट टेंडर वोट डालने की नौबत आई जब उर्मिला बाई वोट देने पहुंची तो उसके पहले किसी बेचमा के पोलिंग बूथ क्रमांक 142 में दुकलहीन ने वोट डाल दिया था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे. जे. डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड को औद्योगिक विकास केन्द्र बोरई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में प्रस्तावित क्षमता विस्तार के तहत इण्डक्शन फर्नेस इकाई की स्थापना (उत्पादन क्षमता 29200 टन / वर्ष से बढ़ाकर 198000 टन / वर्ष), नई रोलिंग मिल (कुल उत्पादन क्षमता = 528000 टन / वर्ष), फैरो एलॉय उत्पादन इकाई (1x10 एम.वी.ए.), कोल गैसिफायर (1x5000 सामान्य घन मीटर / घण्टा एवं 1x16000 सामान्य घन मीटर / घण्टा), स्लैग क्रशिंग इकाई (क्षमता 50000 टन / वर्ष) तथा ब्रिकेटिंग इकाई (क्षमता 100 किलोग्राम / घण्टा) की स्थापना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, (MoEF&CC) भारत शासन के पत्र क्रमांक File no.- IA-J-11011/432/2021-IA-II (IND-I) तथा ई. सी. संख्या: EC23A1001CG5670115N दिनांक 15-11-2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका अवलोकन मुख्य कार्यालय इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली - 3 तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन के वेबसाइट [parivesh.nic.in] पर किया जा सकता है एवं इसकी प्रतिलिपी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य कार्यालय पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर- 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, 5-32 बंगला, भिलाई (छ. ग.) में भी उपलब्ध है।

हेतु, जे. डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड
(डायरेक्टर)

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
राजस्व मामला क्रमांक 202311093700003
अ-6 वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरजीत सिंह अरोरा आ. देशराज अरोरा निवासी खालसा स्कूल के सामने बुधवारी पारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक 173/1 क्षेत्रफल 204.50 वर्गमीटर धारक कुतुबुद्दीन आ. निजामुद्दीन सोलंकी राजस्थानी मुसलमान निवासी गंजलाईन राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत:उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.12.2023 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
राजस्व मामला क्रमांक 202311093700003
अ-6 वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरजीत सिंह अरोरा आ. देशराज अरोरा निवासी खालसा स्कूल के सामने बुधवारी पारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक 173/2 क्षेत्रफल 204.50 वर्गमीटर धारकगण अजीमुद्दीन, नईमुद्दीन, करीमुद्दीन सभी आ. स्व. गुलाम मैनुद्दीन सोलंकी, बानो बी सोलंकी ध.प. स्व. गुलाम मैनुद्दीन सोलंकी, निवासी गंजलाईन राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया हैं।

अत:उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.12.2023 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**
**नोटिस**
उत्तराधिकार प्र.क्र. 01/2023
पेशी तिथि 24.11.2023
प्रोसेस क्र. 35/2023
फूलचंद मण्डावी ............ आवेदक
बनाम
शाखा प्रबंधक व अन्य ............... अनावेदकगण
आम जनता
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372

आवेदक फुलचंद मण्डावी मृतक बिरजू राम मरकाम का भतीजा है। मृतक बिरजू राम मरकाम अपने जीवनकाल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोण्डागांव जिला कोण्डागांव में खाता संचालित है जिसमें बचत खाता क्रमांक-35237315333 में राशि 28,325/- मय ब्याज जमा है, को प्राप्त करने की विधिक उत्तराधिकारी होकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा केशकाल जिला कोण्डागांव में खाता संचालित है बचत खाता क्रमांक 35237315333 के द्वारा मृतक के वारिस होने के संबंध में व्यवहार न्यायालय से सक्षम उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का मौखिक आदेश दिया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोण्डागांव जिला कोण्डागांव में मृतक बिरजू राम मरकाम के उक्त बचत खाता में जमा राशि आवेदक को आहरित नही किये जाने से अनावेदक क्रमांक 02 सर्व आम जनता को पक्षकार बनाया गया है। मृतक बिरजू राम मरकाम के बचत खाता में जमा कुल राशि 28,325/- (अठ्ठाईस हजार रूपये मात्र) प्राप्त करने हेतु आवेदक फुलचंद मण्डावी द्वारा उत्ताराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक 24/11/2023 को दिन के समय 11.00 बजे होगी। इस सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि मृतक बिरजू राम मरकाम की उपरोक्त चल सम्पत्ति में किसी को कोई अधिकार प्राप्त है तो उपरोक्त नियत तिथि को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे, अन्यथा इस सूचना के पश्चात उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पत्र की सुनवाई की जायेगी। यदि आवेदन की सुनवाई उपरोक्त नियत तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नहीं होता है, अथवा उक्त नियत तिथि को मैं अवकाश पर जाता हूँ या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि में नही होती है, तो उसके पश्चातवर्ती नियत किये तिथि में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक- 09/11/2023 को इस न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया।

मुहर यशोदा नाग
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHOK CHHAJED S/O MOTI LAL CHHAJED resident of A-302 METRO HEIGHTS RING ROAD NO. 1 NEAR AIRTEL OFFICE TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492006 have changed my old name ASHOK CHHAJED S/O MOTI LAL CHHAJED. So in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR CHHAJED S/O MOTI LAL CHHAJED in all Government and other documents.

**ASHOK KUMAR CHHAJED**
A-302 METRO HEIGHTS RING ROAD NO. 1 NEAR AIRTEL OFFICE TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANILA CHHAJED W/O ASHOK KUMAR CHHAJED resident of A-302 METRO HEIGHTS RING ROAD NO. 1 NEAR AIRTEL OFFICE TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492006 have changed my old name ANILA CHHAJED W/O ASHOK KUMAR CHHAJED. So in future I should be recognized by my new name that is ANILA DEVI CHHAJED W/O ASHOK KUMAR CHHAJED in all Government and other documents.

**ANILA DEVI CHHAJED**
A-302 METRO HEIGHTS RING ROAD NO. 1 NEAR AIRTEL OFFICE TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) 492006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MUKUND AGRAWAL S/O CHAMANLAL AGRAWAL resident of D-201, GOLDEN SKY, VIP ROAD, RAIPUR , PIN - 492001 (C.G.), INDIA have changed my old name MUKUND AGRAWAL S/O CHAMANLAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MUKUND CHAMANLAL AGRAWAL S/O CHAMANLAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**MUKUND CHAMANLAL AGRAWAL**
D-201, GOLDEN SKY, VIP ROAD, RAIPUR , PIN - 492001 (C.G.), INDIA

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SEEMA D/O KISHAN LAL resident of VILLAGE AAU DISTT. JODHPUR (RAJASTHAN) have changed my old name after marriage SEEMA DEVI JAIN W/O SUSHIL KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SEEMA DEVI JAIN W/O SUSHIL KUMAR JAIN in all Government and other documents.

**SEEMA DEVI JAIN**
W/O SUSHIL KUMAR JAIN
MADAN KUNJ H.NO. 4 ST . NO. 2,NEAR CORBIZ HOTEL, DAWARA COLONY RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HEMANG KANUBHAI GAJERA S/O KANUBHAI GAJERA resident of H.NO. B-204 SWARN BHOOMI VIDHANSABHA MARG AMA SEONI RAIPUR (C.G.) have changed my son old name VISTAR GAJERA S/O HEMANG KANUBHAI GAJERA so in future I should be recognized by my son new name that is VISTAR HEMAN GAJERA S/O HEMANG KANUBHAI GAJERA in all Government and other documents.

**HEMANG KANUBHAI GAJERA**
H.NO. B-204 SWARN BHOOMI VIDHANSABHA MARG AMA SEONI RAIPUR (C.G.)

**नाम परिवर्तन**

Army No 13980468 P Ex Hav (Hony Nb/ Sub) संतोष राम यादव पिता स्वर्गीय बिसेसर राम यादव Army Medical Corps Lucknow से 01 सितम्बर 2015 से सेवानिवृत्त सैनिक हूँ। मैं ग्राम+ पोष्ट- परसबोड़, तहसील- / - साजा जिला बेमेतरा, राज्य छत्तीसगढ़ पिन - 491993 का निवासी हूँ। मेरा मिलिटरी सर्विस रिकार्ड बुक मे मेरी पुत्री का नाम KUMARI PHALGUNI SINGH दर्ज है। मैं, मेरी पुत्री का नाम मिलिटरी सर्विस रिकार्ड में PHALGUNI SINGH फाल्गुनी सिंह दर्ज करवाना चाह रहा हूँ क्योंकि मेरी पुत्री की कक्षा दसवीं, बारहवीं की अंकसूची, आधार कार्ड व पेन कार्ड में नाम फाल्गुनी सिंह दर्ज है मैं शपथपत्र को श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**संतोष राम यादव**

**कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र- दुर्ग**
**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र प्रताप सिंह आ. स्व. बी.बी. सिंह एवं श्रीमती मृदुला सिंह पति स्व. योगेन्द्र प्रताप सिंह, निवासी- ई.डब्ल्यू.एस.-1538, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई जिला दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-1538 आबंटित है। आबंटी श्री महेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती मृदुला सिंह द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 13.04.2023 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 07.08.2023 अनुसार, उक्त भवन का हकत्याग पत्र रजिस्ट्री दिनांक 14.08.2023 को श्रीमती मृदुला सिंह के द्वारा अपना नाम हकत्याग कर श्री महेन्द्र प्रताप सिंह आ. स्व. बी.बी. सिंह के नाम पर कर दिया गया है। हकग्रहिता श्री महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने एकत नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: हकग्रहिता श्री महेन्द्र प्रताप सिंह के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03.11.2023 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**आम सूचना**

आज जन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती उमा नायक पति स्व. देवनारायण नायक, उम्र-75 वर्ष, पता- क्वा.नं.-55/2, नेहरू नगर (पूर्व), भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने बड़े पुत्र श्री संजीव नायक पिता स्व. देवनारायण नायक उम्र-50 वर्ष को दिनांक 11.08.2023 उपपंजीयक दुर्ग में रजिस्टर्ड आम मुख्त्यार अधिकृत की है। दिनांक 11.11.2023 को प.ह.नं.-59, रा.नि.मं., तहसील-राजनांदगांव, मौजा-परमालकसा, खसरा नंबर- 44/3, 49/4, 49/6, 49/8, 60/1, 63/2, 66/2 कुल खसरा नंबर-07, रकबा क्रमशः 0.015, 0.432, 0.18, 0.80, 1.63, 0.20, 1.66 हेक्टेयर, कुल रकबा 8.94 हेक्टेयर कुल 22 एकड़ 48 डिसमिल का सौदा पक्का कर टोकन एडवांस दिया गया है, जिसका पंजीयन कराया जा रहा है। सौदा वाली जमीन में किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि बाह्य कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अत: उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, फर्म, सोसायटी, शासन एवं प्रशासन आदि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के अंदर मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक- 16.11.2023

भवदीय
लखन लाल युद
(अधिवक्ता)
वार्ड नं. 10, शनि मंदिर के सामने, शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
मोबा.- 9644276630

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## आरबीआई ने रुपये में व्यापार करने में निर्यातकों की मदद के लिए बैंकों को विशेष खाता खोलने की अनुमति दी

**मुंबई,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता रखने वाले बैंकों को अपने ग्राहकों को उनके निर्यात से जुड़े लेनदेन के निपटान में सक्षम बनाने के लिए एक अतिरिक्त विशेष चालू खाता खोलने की अनुमति दी। इस कदम का उद्देश्य निर्यातकों को अधिक परिचालन लचीलापन प्रदान करना है।

आरबीआई ने पिछले साल 11 जुलाई को अधिकृत डीलर बैंकों के पास रखे गए भागीदार व्यापारिक देश के संवाददाता बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खातों के माध्यम से भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के चालान, भुगतान और निपटान के लिए एक अतिरिक्त व्यवस्था की थी।

आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य उन देशों के बीच व्यापार प्रवाह बढ़ाना है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का डॉलर की बजाय रुपये में निपटाना पसंद करते हैं। घरेलू स्तर पर, रुपये में निर्यात और आयात करने वाले व्यवसायों को



विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से बेहतर ढंग से बचाया जा सकता है।

### कोयला क्षेत्र में की गई प्रगति की झांकी प्रस्तुत कर रहा है कोल इंडिया मंडप

कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रगति मैदान में चल रहे भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईएफटी) 2023 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के प्रदर्शनी मंडप का शुक्रवार को दौरा किया और कोयला क्षेत्र के विकास में देश की इस महारत्न कंपनी के प्रयासों की सराहना की। श्री मीणा के साथ अपर सचिव विस्मिता तेज और मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी थे। श्री मीणा ने कोल इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए और सीआईएल से भारत के कोयला क्षेत्र की प्रगति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पहल करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मंडम में लगी झांकियों में कोल इंडिया के विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी विकास के प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कंपनी के कार्यों को भी दर्शाया गया है। मंडप में पिछले दशक में कोल इंडिया की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय स्थिरता और आस-पास के समुदायों के कल्याण के प्रति समर्पण सुनिश्चित करने के प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे कोलडैशबोर्ड जैसे लाइव पोर्टल सहायक कंपनी के साथ-साथ नए शामिल वाणिज्यिक खनिकों द्वारा कोयला उत्पादन और ऑफ-टेक की तत्काल की स्थिति दिखाते हैं। कंपनी का एक अन्य पोर्टल, उत्तम सीआईएल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर प्रकाश डालता है। मेले में कोयला खान निगरानी प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस) की नागरिक-केंद्रित पहल भी प्रदर्शित की गयी जा रही है, जो किसी भी नागरिक को खनन प्रहरी ऐप के माध्यम से अपने फोन पर कोयला खान के नजदीक अवैध या संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने की सुविधा देती है।

## 91 प्रतिशत भारतीय जेन जेड कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई अपनाने को तैयार

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में जेन जेड कार्यस्थल में कर्मचारी जेनरेटिव एआई का उपयोग करने के लिए उत्साहित है। 91 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने नियोक्ता के लिए रोजमर्रा के काम में प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एडोब के फ्यूचर वर्कफोर्स स्टडी फॉर इंडिया के अनुसार, जहां 81 प्रतिशत जेन जेड कर्मचारियों ने अपने काम को बढ़ाने के लिए जेनरेटिव एआई का लाभ उठाया है, वहीं 45 प्रतिशत अपनी नौकरी से संबंधित कठिन कौशल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं, जबकि 40 प्रतिशत सॉफ्ट स्किल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं।

एडोब इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रतिभा महापात्र ने कहा, जेन ज़ेड कर्मचारी अब तक की सबसे तकनीक-प्रेमी पीढ़ी हैं, और वे जेनरेटिव एआई जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, संगठनों को इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाना चाहिए जो उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

जेन जेड काम पर अपने दृष्टिकोण देने



के लिए उत्सुक है। अधिकांश उत्तरदाताओं (96 प्रतिशत) का कहना है कि वे अपने साथियों और सहकर्मियों को प्रतिक्रिया देने में सहज हैं। देश में जेन जेड श्रमिकों का भारी बहुमत (93 प्रतिशत) न केवल प्रभाव में, बल्कि कॉर्पोरेट सीढ़ी से सी-सूट तक बढ़ने के लिए उत्सुक हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, 87 प्रतिशत का कहना है कि वे अपनी कंपनी में करियर विकास के अवसरों के बारे में अच्छा महसूस करते हैं, जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पदोन्नति के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं होने को नौकरी छोड़ने के शीर्ष कारणों में से एक माना है।

जेन जेड भी करियर मार्गदर्शन के लिए उत्सुक है। 91 प्रतिशत का कहना है कि उनका मानना है कि कार्यस्थल सलाहकार उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, केवल 76 प्रतिशत जेन ज़ेड रिपोर्ट करते हैं कि काम के दौरान कोई गुरु होता है।

## होण्डा ने लाँच की की नई 'सीबी350'

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर, (एजेंसियां)। प्रीमियम मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल सेगमेन्ट में अपनी स्थिति का मजबूत बनाते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज नई रेट्रो-क्लासिक सीबी350 का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 199900 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि टेक्नोलॉजी और परफोर्मेन्स के शानदार संयोजन तथा टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन में तैयार की गई होण्डा सीबी350 की उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुकिंग कर सकते हैं और जल्द ही डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। उसने कहा कि नई सीबी350 के लॉन्च के साथ अपनी मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल रेंज का विस्तार किया गया है। इस रेट्रो क्लासिक मोटरसाइकिल का लॉन्च नए उपभोक्ताओं को तेज़ी से बढ़ते सीबी परिवार में शामिल होने के लिए उत्साहित करेगा। नई सीबी350, होण्डा के आइकोनिक स्टाइलिंग मूल्यों के साथ टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन का संयोजन है। कला और शक्ति का संयोजन यह मोटरसाइकिल बीते युग की भव्यता का प्रमाण है, जिसे आज के राइडरों के लिए नया आयाम दिया गया है। सीबी350 माचो लुक और मस्कुलर फ्यूल टैंक के साथ आती है। ऑल-एलईडी लाइडिंग सिस्टम (राउण्ड एलईडी हैडलैम्प, एलईडी विंकर्स और एलईडी टेल लैम्प) इसके स्टाइलिंग क्वशंट को कई गुना बढ़ा देते हैं।

## मिर्जापुर के पीतल की चमक देश के कई प्रदेशों में फैली

मिर्जापुर,17 नवम्बर (एजेंसियां)। मिर्जापुर के पीतल की चमक इस बार बिहार, ओडिशा, झारखंड आदि प्रदेशों तक पहुंच गयी है। डाला छठ पर्व पर पीतल नगरी में निर्मित सूप का बिहार सहित अन्य राज्यों में धूम रहेगी। सूप की मांग को देख व्यवसायी और बर्तन निर्माता के चेहरे खिले हैं।

दरअसल, मिर्जापुर का पीतल अपनी बेहतर गुणवत्ता को लेकर पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां के कारीगर जस्ता और तांबे को उचित अनुपात में मिश्रण कर बेहतरीन पीतल बनाने में महारत हासिल कर रखी है। इस तरह के पीतल देश में नही बनते। लिहाजा यहां के पीतल की मांग पूरे देश में रहती रही है। यहां केवल बड़े बर्तन बनने से यह पीतल नगरी पिछड़ गयी थी। पर समय



के साथ परिवर्तन करने से फिर सम्भावना बलवती हुई।

डाला छठ महापर्व पर पीतल के सूप,दीपक, लोटा घंटी सहित अन्य पूजन सामग्री बनी और बाजार में सजी हुई है। बाजार में आठ सौ ग्राम से लेकर एक किलो तक के पीतल के सूप मौजूद हैं।इसी तरह के अन्य पूजन सामग्री भी ग्राहकों की क्षमता के मुताबिक छोटे बड़े कम वजनी है। पीतल के बड़े निर्माता विश्वनाथ अग्रवाल बताते हैं कि इस बार डाला छठ पर्व पर जिले के पीतल के सूप की मांग बिहार झारखंड ओडिशा असम राज्य सहित पूर्वांचल में है।वे बताते हैं कि अब तक तीन टन से अधिक सूप की डिलिवरी की जा चुकी है। ऐसे यहां बर्तन के कई निर्माता हैं।

स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान पीतल के बने पूजन सामग्री को सजाया है। डाला छठ पूजन के लिए लोगों को आकर्षित कर रही है। मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन पूजन करने आने वाले दर्शनार्थियों में पीतल के सूप आकर्षण के केन्द्र है।वे मिर्जापुर के प्रसिद्ध पीतल लेना नही भूल रहे हैं।खुले बाजार में सूप की कीमत 680रुपये प्रति किलो निर्धारित है। फिलहाल पीतल की चमक देश में बढ़ने से उत्साहित हैं। उनके चेहरे पर भी चमक स्पष्ट दिखती है।

## सार संक्षेप

### फेडरल बैंक ने पेश किया यूपीआई लाइट, छोटे पेमेंट को बनाएगा बेहद आसान

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क पर छोटे मूल्य के डिजिटल लेनदेन के लिए यूपीआई लाइट लॉन्च की सुविधा शुरू की है । उल्लेखनीय है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई)ने पिछले दिनों यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का आसान संस्करण 'यूपीआई लाइट' प्रस्तुत किया था। फेडरल बैंक के कार्यकारी निदेशक शालिनी वॉरियर कहती हैं, यूपीआई देश में हो रही डिजिटल क्रांति का केंद्र बिंदू है। यूपीआई लाइट' ग्राहकों को एक तेज, बहुत कारगर और किफायती नकद लेनदेन का विकल्प उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि फेडरल बैंक यूपीआई लाइट लॉन्च करके ग्राहकों को एक बड़ी डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने में दूसरी बैंकों से आगे है। यूपीआई लाइट में दैनिक लेन-देन की सीमा अधिकतम 500 रुपए,, दैनिक भुगतान की सीमा 4,000 रुपए और अधिकतम बैलेंस की सीमा 2000 रुपए है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर पर


**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में कमी आने से 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 522 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 45.5 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.01 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### रुपया दो पैसे फिसला

**मुंबई।** शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्र बाजार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.23 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया दो पैसे उतरकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस उच्चतम स्तर रहा और यह इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, लिवाली होने से यह 83.28 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## बैंकिंग, तेल व गैस समूह में बिकवाली से बाजार गिरा

**मुंबई** 17 नवंबर (एजेंसियां)। महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 33,380.58 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत चढ़कर 39,598.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3864 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1996 में तेजी जबकि 1736 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 0.97, वित्तीय सेवाएं 0.83, आईटी 0.10, बैंकिंग 1.48, धातु 0.14, तेल एवं गैस 1.35 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.49, सीडी 0.63, एफएमसीजी 0.79, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 1.17, ऑटो 0.63, कैपिटल गुड्स 1.29 और रियल्टी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का




रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.88, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 2.12 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 194 अंक लुढ़ककर 65,788.79 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,037.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,639.74 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 65,982.48 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,794.73 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 90 अंक उतरकर 19,674.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,806.00 अंक के उच्चतम जबकि 19,667.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,765.20 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत फिसलकर 19,731.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन दिग्गज कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे उनमें एसबीआई 3.64, एक्सिस बैंक 3.03, बजाज फाइनेंस 1.99, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, इंफोसिस 0.43, कोटक बैंक 0.43, विप्रो 0.42, रिलायंस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.22, एचसीएल टेक 0.19, टेक महिंद्रा 0.17, एनटीपीसी 0.14, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.09 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, एलटी 1.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.62, एशियन पेंट 1.20, पावरग्रिड 1.13, नेस्ले इंडिया 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.83, सन फार्मा 0.40, टाटा स्टील 0.36, मारुति 0.35, आईटीसी 0.17, टाटा मोटर्स 0.13, टीसीएस 0.13, टाइटन 0.09, अल्ट्रासिमको 0.04 और भारती एयरटेल के शेयर 0.01 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## साऊथ इंडियन बैंक आयोजित कर रही एसआईबी इग्नाइट : क्विजेथॉन

**नई दिल्ली,**17 नवंबर (एजेंसियां)। साऊथ इंडियन बैंक राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतिस्पर्धा 'एसआईबी इग्नाइट क्विजेथॉन' आयोजित कर रही है।

इसकी घोषणा आज की गई। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए है। इसका उद्देश्य कॉलेज छात्रों के सामान्य और विविध विषयों का ज्ञान बढ़ाना है। बैंक ने कॉलेज में सभी विषयों की पढ़ाई कर रहे छात्रों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। क्विजेथॉन में छात्रों से वर्तमान घटनाक्रम के साथ खेल, बिजनेस, तकनीकी, कला, इतिहास और भूगोल जैसे विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के आठ रीजन में आयोजित की जाएगी। बैंक अनुसार सभी रीजन और कॉलेज को बराबर प्रतिनिधित्व देने के लिए हर कॉलेज से अधिकतम दो ही टीमों को आमंत्रित किया गया है।

पूरी 'क्विजेथॉन' तीन हिस्सों में आयोजित होगा। पहले चरण में प्रारंभिक योग्यता दौर को ऑनलाइन आयोजित किया है। इसमें देशभर की टीम हिस्सा ले सकेंगी। दूसरे चरण के लिए हर रीजन से पात्र आठ टीमें झोनल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगी। झोनल लेवल की प्रतिस्पर्धा व्यक्तिगत होगी। इस चरण में हिस्सा ले रही टीमों को विभिन्न सवालों के जरिए अपनी त्वरित निर्णय और समस्या सुलझाने की मानसिक क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। हर झोन की विजेता टीम 'ग्रेंड फिनाले' में जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को 150,00 रुपए का प्रथम पुरस्कार और दूसरे स्थान पर रही रनर अप टीम को 100,000 रुपए और तीसरे नंबर की टीम को 60,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 64 रिंगिट गिरकर 3805 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की बढ़त के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी अनोखी वन-टैप टिकट बुकिंग

**गाजियाबाद,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से वन-टैप टिकटिंग की सुविधा शुरू की है, जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आज़ादी देगा। इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने के लिए न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की ज़रूरत है। सिर्फ ऐप में वन टैप बुकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकट जेनेरेट हो जायगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे। यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने के लिए ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के



दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता। इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को %आरआरटीएस कनेक्ट% मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी, जो केवल 100 रुपए होगी।

इसके साथ ही यात्रियों को इस ऐप का उपयोग करते समय अपने मोबाइल फोन की लोकेशन सेवाओं को एक्टिव करना होगा, ताकि ऐप टिकट बुक करते समय ऐप यात्रा के लिए प्रयुक्त आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को आसानी से पहचान सके। यह सेटअप एक बार की प्रक्रिया है, जो भविष्य की सभी नमो भारत यात्राओं के लिए वन-टैप टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद, आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन पर एक टैप के साथ क्यूआर कोड जनरेट हो जाएगा, जिसकी मदद से यात्री आरआरटीएस स्टेशन में क्यूआर कोड स्कैन करके प्रवेश कर सकेंगे और कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन पर उसी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी यात्रा समाप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन के जरिए यात्री द्वारा की गई यात्रा के लिए गंतव्य स्टेशन के एएफसी गेट से बाहर निकलते समय निर्धारित राशि ऑटोमैटिक रूप से ई-वॉलेट से कट जाएगी।

# खेल जगत

## सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में भारत की कप्तानी करेंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी तक टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं, एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी20 घरेलू श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर सकते हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में समाप्त होगी। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति यादव को कप्तानी के लिए पदोन्नत कर सकती है क्योंकि पांड्या 2023 विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे और उनके टखने की चोट से उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। पांड्या के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में भी हिस्सा नहीं लेने की संभावना है। यादव ने भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उप-कप्तान के रूप में कार्य किया, जिसमें कैरेबियाई और अमेरिका में पांच टी20 मैच खेले।



# मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की जिद है शमी की ताकत

- शमी मिले मौके लपक कर बने भारत के तेज आक्रमण के तुरुप के इक्के
- न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल विकेट चटका शमी ने किया ट्रोलर्स का मुंह बंद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली,17 नवंबर (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बतौर तेज गेंदबाज अपनी रफ्तार और धार की बदौलत सेमीफाइनल सहित बाद के छह मैचों में 23 विकेट चटका कर भारत को मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाई है। भारत अब अहमदाबाद उनके आईपीएल के गुजरात टाइटंस के लिए बराबर खेलने के कारण चिर परिचित मैदान पर खेलने के कारण खासा परिचित होने के कारण पांच बार चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में गेंद से ऐसी ही रफ्तार के साथ धार दिखाने कर जीत दिलाकर वन डे विश्व कप खिताब जिताने की आस कर रहा है। हार्दिक पांडया के चोट के तीसरे मैच में चोट चलते बाहर होने पर चौथे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में भारत की एकादश में मिले मौके को भुनाते हुए शमी ने पिछले छह मैचों में तीन में पांच या इससे अधिक विकेट चटका कर अब खुद को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का तुरुप का इक्का साबित किया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि शुरू के तीन मैचों में शुरुआती एकादश का हिस्सा न होने के बाद चौथे मैच से न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके को भुना कर वह अब भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के तुरुप के इक्के बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मुंबई में सात विकेट चटका मैन ऑफ द मैच बन भारत को 70 रन से जीत दिलाने के बाद शमी ने कहा भी वह अपने मौकों का इंतजार कर रहे थे। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी ने भी यही कहा शमी अपनी कूवत दिखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहे थे मौका मिलने पर अपनी कूवत दिखाई भी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ही मौजूदा संस्करण में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन सहित सहित हर प्रतिद्वंद्वी टीम का कप्तान शमी की गेंदबाजी का कायल है और उन्हें सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बता रहा है। शमी का अपने कौशल और मेहनत के साथ किस्मत भी पर भरोसा उनके और टीम इंडिया के काम आया। शमी की बदकिस्मती कहिए या फिर किस्मत का फेर की शमी को टीम इंडिया में बेहद प्रतिभाशाली होने के बावजूद अब से पहले कभी भी वह सम्मान नहीं मिल मिला जिसके वह बराकर अधिकारी रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा के सहसपुर के बाशिंदे भारत के 33 बरस के मोहम्मद शमी की बतौर तेज गेंदबाज ताकत मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की उनरकी जिद है। पत्नी हसीन जहां से कानूनी जंग झेलने के बावजूद सिर्फ अपनी गेंदबाजी पर फोकस रखना ही शमी की कामयाबी का सबसे बड़ा सबब है। 2021 में टी-20 विश्व कप में एक दिन ढीले प्रदर्शन पर ट्रोलर्स ने उन्हें 'पाकिस्तान गद्दार' तक कहा लेकिन ऐसे में विराट कोहली की तारीफ करनी होगी कि वह सबसे पहले सबसे आगे उनके समर्थन में आगे आए। जब न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में मौजूदा वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनसे जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कप्तान केन विलियमसन का कैच छूटा तो कुछ ट्रोलर्स ने कुछ ओझी बात कह कर उनकी आलोचना की लेकिन शमी सात न्यूजीलैंड के सात विकेट चटका भारत को फाइनल में पहुंचा सभी का मुंह बंद कर दिया। खेल में कैच छूटते हैं लेकिन इस तरह की ओछी हरकत वाकई निंदनीय है। खैर खिलाड़ी को अपने करियर में इस तरह के मंजर कई बार चाहे अनचाहे देखने ही पड़ जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में भारत की मौजूदा विश्व कप पहले मैच में एकादश में छह विकेट से जीत में जब शमी को एकादश से बाहर रखा गया तो किसी ने भी खुल कर इसकी आलोचना करने के बजाय एक चुप, सौ सुख की नीति अपनाते हुए मौन रहना ज्यादा मुनासिब समझा। हार्दिक पांडया को चोट के चलते मिले मौके को दोनों हाथ से लपकने वाले मोहम्मद शमी जानते हैं कि वह उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से आते हैं उनके लिए खुद पहले अपने प्रदेश में रणजी ट्रॉफी टीम में जगह न मिलने पर बंगाल जैसे खानपान से लेकरएक अलग और अनजान परिवेश में जाकर वहां टीम में जगह बनाना और फिर भारतीय क्रिकेट टीम में तीनों फॉर्मेट में अपने लिए अलग जगह बनाना वाकई काबिलेतारीफ है। यूं भी पश्चिम उत्तर प्रदेश की मिट्टी में कुछ ऐसा है कि यहां से आने वाले बाशिंदे बात की बजाय अपने काम से चाहे वह खेल हो या कोई भी काम अपना नाम बनाने में भरोसा रखते हैं। मौजूदा वन डे विश्व कप में जहां भारत के तोप तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नौजवान मोहम्मद सिराज की गेंदों पर चौके और छक्के जड़े गए उन्हीं पर अपने सीम मूवमेंट और स्विंग से बराबर विकेट चटका कर भारत के कप्तान रोहित शर्मा के संकटमोचक बनकर उभरे। शमी ने मौजूदा वन डे विश्व कप में भारत के कुल पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में मौका पाकर पांच विकेट चटकाने उसे जीत दिलाने के बाद मुंबई की उमरभरी गर्मी में फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एकदम पाटा यानी सपाट विकेट पर मात्र 57 रन देकर सात चटका जीत दिला कर खुद को इस संस्करण का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज साबित किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी के सात विकेट किसी भी भारतीय गेंदबाज का वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में सबसे शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन है। शमी की कामयाबी का सबब है उनके गेंदबाजी कौशल के साथ उनकी मेहनत और जीवट का नतीजा है।

## मै अपने मौकों का इंतजार कर रहा था : शमी

शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में सात विकेट चटकाने के बाद कहा, %मैं अपने मौकों का इंतजार कर रहा था। मैं सफेद गेंद से बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला। मेरा मौजूदा वन डे विश्व कप भारत की एकादश में वापसी धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई। विविधता की बहुत बात होती है लेकिन मैं अभी भी विकेट लेने के लिए नई गेंद को आगे पिच कराने में यकीन करता हूं, मुझसे विलियमसन का आसान कैच छूटा , जो कि मुझे नहीं छोड़ना चाहिए था और मुझे खुद को बहुत बुरा लगा। बावजूद इसके मेरा फोकस रफ्तार कुछ कम कर यह देखते था कि क्या न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हवा में स्ट्रोक खेलते हैं। हम इसी मौके और विविधता का इतजार कर रहे थे। पिच बहुत बढ़िया थी और और इस पर दोपहर में काफी रन बने थे । रात में ओस का कुछ अंदेशा था । यदि ओस होती तो गेंद तेजी से पिच पर निकलती है औद इस रन बन सकते हैं। सेमीफाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि पिछले दो विश्व कप में हम सेमीफाइनल में हार गए थे।कौन जाने फिर कब किसे मौका मिले, हमने सब कुछ झोंक दिया और क्योंकि हम इस मौके को गंवाना नहीं चाहते थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप फाइनल से पहले अहमदाबाद होटल का किराया बढ़कर 1 लाख रुपये हो गया





**अहमदाबाद,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी वनडे विश ?व कप फाइनल की उलटी गिनती चरम पर पहुंच गई है, खासकर उन क्रिकेट प्रेमियों के लिए, जो 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला देखने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, प्रशंसकों को इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के अपने प्रयासों में अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

बुनियादी आवास अब 10,000 रुपये प्रति रात की भारी कीमत पर आते हैं, जबकि लक्जरी होटल शहर में एक रात ठहरने के लिए करीब 1 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। उड़ान की कीमतें भी बढ़ गई हैं, जिससे अहमदाबाद के लिए राउंड-ट्रिप टिकटों में 200-300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। फाइनल की पूर्व संध्या पर दिल्ली से उड़ान की कीमत अब 15,000 रुपये है।

आवास और टिकट सुरक्षित करना एक कठिन चुनौती बन गया है। विश ?व कप कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रशंसकों को उड़ान की लागत में वृद्धि और अत्यधिक होटल टैरिफ का सामना करना पड़ा। जैसे ही भारत ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया, स्थिति और खराब हो गई, अहमदाबाद में होटल की कीमतें आसमान छूने लगीं। यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट ने शहर में इस तरह की हलचल पैदा की है।

ऐसा ही परिदृश्य 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के लिए सामने आया था, जब होटल टैरिफ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया था। बुकिंग.कॉम, मेकमाईट्रिप और एगोडा जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अहमदाबाद में ठहरने के लिए खोजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान देखी गई मांग को दर्शाता है।

मैच टिकटों का अंतिम बैच, जो 13 नवंबर को बिक्री के लिए आया था, तेजी से बिक गया। बुकमायशो पर उपलब्ध सबसे सस्ते टिकट की कीमत 10,000 रुपये थी। टूर्नामेंट में मेन इन ब्लू की उल्लेखनीय अजेय लय ने फाइनल को लेकर प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है, जिससे यह देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए जीवन में एक बार होने वाले आयोजन में बदल गया है।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया बड़े अवसरों के लिए अजनबी नहीं : स्टार्क

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप-2023 का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत टीम इंडिया से होगी। यह पहला मौका नहीं होगा जब ये दोनों टीमें एक हाई प्रेशर मैच के लिए मैदान में उतरेगी, क्योंकि 2003 में एक दूसरे के खिलाफ फाइनल मुकाबले खेलने के अलावा यह टीमें पहले कई बार फाइनल मुकाबला खेल चुकी है।



पिछले दो वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि उनका चल रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा लेकिन उनके जोड़ीदार जोश हेज़लवुड और उनके अन्य साथियों ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम को संतुलन मिला। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका सामना भारत से होगा। खिताबी मुकाबले के बारे मे बात करते हुए स्टार्क ने क्रिकबज से कहा, भारत चल रहे वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अब तक वो टूर्नामेंट में अजेय हैं। इसलिए, कोई टीम विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम को हराए बिना विश्व कप नहीं जीत सकती। साथ ही ऐसे खिताबी मुकाबले के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया अजनबी नहीं हैं क्योंकि वो ऐसे हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भी कई बार परिचित हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

मदद कर रही परिस्थितियों के बीच नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाज़ी और ओपनर्स द्वारा की गई बल्लेबाज़ी ने रोमांचक सेमीफ़ाइनल में अंतर पैदा किया। मिचेल स्टार्क ने 34 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल पूरा किया और जब विजयी रन बने तब भी वह मैदान पर मौजूद थे। भले ही स्टार्क के लिए गेंदबाज़ के तौर पर टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, लेकिन दक्षिण अफ़्रीका को उन्होंने जोश हेजलवुड के साथ मिलकर पहले 12 ओवर में ही 24/4 के स्कोर पर पहुंचा दिया था। दोनों ने मिलकर मैच में पांच विकेट चटकाए। भले ही मैच में कई सारे रोमांचक पल आए, लेकिन इन दोनों की गेंदबाज़ी अंत में सबसे बड़ा अंतर बनी।

स्टार्क ने कहा, मुझे लगता है कि पावरप्ले ने ही हमें लाभ दिया। मैच में कई सारे अहम लम्हें रहे, लेकिन जोश के साथ इस तरह मैच की शुरुआत करना शानदार था। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शायद पावरप्ले में विकेट लेना हमारी मजबूती नहीं रही, इसलिए इस तरह का पावरप्ले में दबदबा बनाना अच्छा लगा। जोश ने जिस तरह आठ ओवर में केवल 12 रन देकर दो विकेट लिए, वह अदभुत था।

उन्होंने आगे कहा, जॉश के पिच मैप को देखें तो टेस्ट मैच गेंदबाज़ी में वह यही शानदार तरीके से करता है। आज़ वह बेहतरीन रहे और जिस तरह से हमने एक-दूसरे को सहारा दिया और जैसा पावरप्ले हमारा रहा, उसी से बीच के ओवरों में भी हमने मोमेंटम हासिल किया और इसी तरह हम मैच शुरु करना चाहते थे। बड़े मैच में ऐसा करना अच्छा था। लीग स्टेज में जब दोनों टीमें भिड़ी थीं तब क्विंटन डिकॉक ने शतक लगाया था और उनकी टीम ने 311/7 का स्कोर खड़ा किया था। एडन मारक्रम के बल्ले से भी अर्धशतक आया था, लेकिन सेमीफ़ाइनल में दोनों बल्लेबाज़ कुछ ख़ास नहीं कर सके। स्टार्क ने कहा, हम जानते हैं कि अगर दक्षिण अफ़्रीका के हाथ में विकेट हों तो अंतिम के ओवरों में वे कितने खतरनाक हो जाते हैं। हम ये भी जानते थे कि अगर 20 ओवर के अंदर हम क्लासेन और मिलर को आउट कर ले जाते हैं फिर हमारा काम हो जाएगा। गेंद के साथ सब प्लान के मुताबिक हुआ। बल्लेबाज़ी में ऑस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में ही 60 रन बना दिए थे जिसमें डेविड वॉर्नर ने 18 गेंदों में 29 रन बनाए थे। ट्रैविस हेड ने 48 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली।

स्टार्क ने कहा, जिस तरह से हेड और वॉर्नर ने बल्लेबाज़ी की उससे दक्षिण अफ़्रीका पर पहले 10 ओवर में ही दबाव आ गया। पूरे टूर्नामेंट में हमने देखा है कि कुछ मौक़ों पर पहले 10 ओवर कितने मुश्किल हो सकते हैं। कई बार आपको भाग्य का भी साथ मिलता है, लेकिन ओपनिंग साझेदारी में दोनों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया।

## सार संक्षेप

### कोहली के खिलाफ एडम जम्पा पर रहेगा फोकस : कोपलैंड

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा ने विराट कोहली को आठ मौकों पर आउट किया है। पूर्व क्रिकेटर ट्रेंट कोपलैंड का मानना है कि फाइनल मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ मध्य ओवरों में लेग स्पिनर का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जा सकता है। विराट कोहली वर्तमान में विश्व कप 2023 में 10 मैचों में 101.57 के औसत और 90.68 के स्ट्राइक रेट से 711 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। दूसरी ओर, ज़म्पा 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट के साथ 22 विकेट के साथ प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एसईएन रेडियो पर कोपलैंड ने कहा, कोहली हर किसी के खिलाफ बहुत अच्छे हैं। वहीं, एडम ज़म्पा सबसे अलग हैं और भारतीय परिस्थितियों में यह एक शानदार मुकाबला होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर विराट तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो हम उस मध्य चरण के दौरान एडम ज़म्पा का भारी उपयोग देखेंगे। कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना 50 वां वनडे शतक बनाकर महान सचिन तेंदुलकर के पहले के सर्वकालिक रिकॉर्ड को तोड़कर,अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया।

### वर्ल्ड कप फाइनल मैच देखने अहमदाबाद जाएंगे पीएम मोदी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए पीएम मोदी भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंच सकते हैं। न्यूज़18 क्रिकेटनेक्स्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि होने की संभावना है। साथ ही टीम इंडिया के विश्व कप विजेता कप्तान एमएस धोनी और कपिल देव के भी मैच की शोभा बढ़ाने की संभावना है। इस विश्व कप में भारत के मैचों में लगातार भाग लेने वाले सचिन तेंदुलकर के खिताबी मुकाबले के लिए भी स्टैंड में मौजूद रहने की उम्मीद है।

## आपको यह परिभाषित करने की जरूरत है कि चोक क्या है : रॉब वाल्टर

**कोलकाता,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने यह मानने से इनकार कर दिया कि प्रोटियाज टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार कर फिर से चोकर्स साबित हो गयी है। गुरुवार का परिणाम विश्व कप के नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका के लड़खड़ाने की लंबी सूची में नवीनतम था और इसे एक चोक कहा जा रहा है, जो दो दशकों से अधिक समय से उन पर हावी है।

वाल्टर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि आपको यह परिभाषित करने की ज़रूरत है कि चोक क्या है। मेरे लिए, चोक का मतलब उस मैच को हारना है जिसे आप जीतने की स्थिति में हैं। इस उदाहरण में, हम शुरू से ही आठ गेंदों से पीछे थे और हमने वास्तव में प्रतियोगिता में वापसी के लिए संघर्ष किया और एक स्कोर बनाया जिससे हमें मौका मिला और फिर वे एक फ़्लायर के पास पहुंचे और हमने संघर्ष किया और हमने स्कोर बनाया, हम मैच में वापस आ गए। निश्चित रूप से हम 30 या 40 रन पीछे थे, लेकिन अभी भी सात विकेट गिरे थे और कुछ चीजें थीं, गेंदें थोड़ी ही देर में उछल रही थीं, थोड़ा अंदरूनी किनारा था जिसे लिया जा सकता था, आप जानते हैं, इसलिए मेरे लिए दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है एक गला घोंटना जो आज वहां हुआ। यह टूर्नामेंट में नंबर दो और तीन की दो अच्छी टीमों के बीच एक गंभीर मुकाबला था। उन्होंने कप्तान तेम्बा बावुमा का भी बचाव किया, जो चार गेंद में शून्य पर आउट हो गए थे और 100त्न फिट भी नहीं थे, जिस तरह से उन्होंने टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की है। सबसे पहले, मैंने उसे



बताया कि मुझे उस पर कितना गर्व है। आप जानते हैं कि उन्होंने आज शाम को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खिलाड़ियों को मार्शल किया। खेल को करीब लाने और देने के लिए, मुझे लगा कि आप रणनीतिक रूप से जानते हैं कि उन्होंने किस तरह से संचालन किया, साथ ही जाहिर तौर पर मैदान पर उनके चारों ओर जिस तरह के वरिष्ठ सदस्य थे, मैदान की स्थिति के माध्यम से बनाए गए विभिन्न दबाव, मुझे लगा कि यह एक उत्कृष्ट प्रयास था उस स्कोर का बचाव करने के लिए। लेकिन इससे आगे कभी-कभी टूर्नामेंट में आगे बढ़ना आसान नहीं होता है जब आप अपना प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं लेकिन आपके आस-पास के बल्लेबाज होते हैं लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में काम करते हैं। वह मुख्य व्यक्ति थे जिन्होंने हमें पहली बार इस टूर्नामेंट में पहुंचाया, मुझे लगता है कि लोग यह भूल जाते हैं। इसलिए मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहता था कि वह इस बात से अवगत हो कि वह इस टीम में कितना महत्वपूर्ण है और मुझे उसके प्रयासों और पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से उसने नेतृत्व किया, उस पर कितना गर्व है। वाल्टर ने कहा कि वह रविवार को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप फाइनल नहीं देखेंगे, लेकिन उन्हें लगा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना उचित होगा।

ईमानदारी से कहूँ तो, लगभग 1 प्रतिशत संभावना है कि मैं देखूँगा। और भी अधिक ईमानदार होने के लिए, मुझे वास्तव में कोई परवाह नहीं है। लेकिन विश्व कप भारत में होने के कारण, घरेलू देश के लिए विश्व कप जीतना हमेशा अच्छा होता है। ऑस्ट्रेलियाई चेंज रूम में मेरे बहुत सारे दोस्त हैं, इसलिए उनमें से कुछ के लिए मेरे मन में शायद एक नरम स्थान है, खासकर कोच के लिए, कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। लेकिन यह देखते हुए कि जब हम आखिरी बार यहां भारत के खिलाफ खेले थे और टीम को जो समर्थन मिला था, और वह बड़ी आशा और प्रेरणा थी जो घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने से वास्तव में मिलती है। मुझे लगता है कि भारत का जीतना ही उचित होगा। साथ ही, वे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम रहे हैं और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा ही होगा।

## हार को पचा पाना मुश्किल है : तेम्बा बावुमा

**कोलकाता,** 17 नवम्बर (आईएएनएस)। तमाम प्रयासों के बावजूद साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के तिलिस्म को तोड़ नहीं पाई और उसे गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप से बाहर होने पर निराश दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मैच के बाद कहा, इस हार को शब्दों में बता पाना बहुत कठिन है। हमने बल्ले और गेंद से जिस तरह की शुरुआत की वही टर्निंग प्वाइंट रहा, हम वहां बुरी तरह हारे। परिस्थितियों और बेहतरीन आक्रमण ने हमारा टॉप ऑर्डर बिखेर दिया। उन्होंने हमें पूरी तरह दबाव में डाला। क्लासेन के आउट होने से पहले हम मोमेंटम हासिल कर रहे थे और सभी को पता है कि आखिरी के ओवरों में वह कितने खतरनाक हो सकते हैं।



बावुमा ने शतकधारी डेविड मिलर की तारीफ़ करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया कि एक खिलाड़ी के रूप में वह क्या कर सकते हैं। मिलर ने 101 रन बनाये लेकिन दक्षिण अफ्रीका 212 रन पर सिमट गया। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 215 रन बनाकर फ़ाइनल का टिकट हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया को फ़ाइनल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया को फाइनल के लिए शुभकामनाएं। मैच में अधिकतर समय उनका खेल शानदार रहा और वे जीत के हकदार थे।

### सुडोकू 6379 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

# गोबरा नवापारा के शासकीय हरिहरशाला केंद्र में दिखा अव्यवस्था का आलम



**नवापारा-राजिम,** 17 नवम्बर (देशबंधु)। गोबरा नवापारा के शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला भवन में पांच बुथ केंद्र बनाया गया है। यहां भारी अवस्थाओं का आलम देखा गया है।मतदान केंद्र के 100 मीटर पहले ही सभी का मोबाइल बाहर करवा जा रहा है। मुख्य मार्ग पर बाउंड्री वाल के पास ही मोबाइल को बाहर रखने के लिए दबाव बनाया गया इससे मतदाता परेशान होते नजरआए। बाहर में किसी भी तरह से मोबाइल रखने के लिए काउंटर की व्यवस्था नही थी, जिससे बहस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

### निर्वाचन आयोग की व्यवस्थाओं को खुली पोल

शत प्रतिशत मतदान को लेकर प्रतिबद्ध आयोग द्वारा ऐसे नि:शक्त मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते उनको घर पर ही मतदान की व्यवस्था की गई थी। परंतु हमारे प्रतिनिधि ने ऐसे कई मतदाताओं से चर्चा की जो या तो दिव्यांग थे या असहाय ऐसे ही कुछ मतदाता कुंती साहू वार्ड 20, प्रकाश ध्रुव वार्ड 20, चित्रलेखा साहू (दिव्यांग) वार्ड 18, मोहन बंजारे वार्ड 9 इन सभी ने बताया मतदान केंद्र तक पहुंचने में परेशानी तो बहुत होती है परंतु हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की राष्ट्र हित में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें।

### ■ मतदाता बिना वोट डाले लौटे

### आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लघन कर रहे नोडल एवम सहायक नोडल अधिकारी

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के सहायक अभियंता अनूप सोनी नोडल अधिकारी तथा राजस्व निरीक्षक निखिल चंद्राकर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है परंतु मतदान के दिन दोनों अधिकारी चुनाव कार्य से नदारद रहे। इस संबंध में नोडल अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने कहा मैं घर में हूं आपको क्या काम है बताइए आपका काम हो जायेगा। मिलने की बात करने पर उन्होंने मिलने से इंकार कर दिया। वहीं सहायक नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर 9926744196 पर बार बार संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नपा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा से इस संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया आज मतदान दिवस को नोडल एवम सहायक नोडल अधिकारी को सतत रूप से उपस्थित रहना था परंतु उक्त दोनों अधिकारी आज अनुपस्थित हैं।

वहीं मौके पर पहुंच चुनाव आयोग के आब्जर्वर से इस संबंध में चर्चा की गई, लेकिन उन्होंने मीडिया को कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

# कोल्दावासियों ने किया चुनाव का बहिष्कार




**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु)। आज शुक्रवार को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान उत्साहपूर्वक शान्ति ढंग से सम्पन्न हुआ। लेकिन बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के आश्रित ग्राम मतदान केंद्र क्रमांक 14 कोल्दा के ग्रामीणों ने एक राय होकर एक सूत्रीय मांग को लेकर विधानसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया। यहाँ के मतदान केंद्र में कोल्दा के अलावा ग्राम चितमखार के मतदाता भी वोट डालने आते हैं। जिन्होंने अपने मताधिकार का उत्साह के साथ उपयोग कर चुनाव में मतदान किया। इस केंद्र में कुल 1087 मतदाता है। जिसमें से कोल्दा गांव के लगभग 555 मतदाता हैं। तथा इस गांव में कुल 06 वार्ड है। जिसमें पंचायत के एक भी पंच निर्वाचित नहीं है। यहाँ के सभी वार्ड खाली पड़े हुए हैं। नामांकन फॉर्म भरने के समय से कोल्दावासियों ने गांव में पिछले चुनाव की तरह इस बार भी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की बैनर गांव के मुख्य गली में 15-20 दिनों पहले से ग्रामीणों ने लगा दिया है। चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी को सुनकर बागबाहरा की एसडीएम श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, तहसीलदार लीलाधर कंवर एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी फकीर चरण पटेल कोल्दा गांव में ग्रामीणों को समझाने पहुंचे थे। लेकिन इन तीनों अधिकारियों के समझाईस को भी ग्रामीणों ने पूरी तरह से नकार दिया। और चुनाव बहिष्कार करने में ग्रामीणजन सफल हो गए। यहाँ के ग्रामीणों की एक ही मुख्य मांग है कि इस गांव को पंचायत बनाया जाए, या अथवा इस गांव को समीपवर्ती पंचायत में जोड़ दिया जाए। ताकि हम लोगों की परेशानी हमेशा के लिए दूर हो सके। उल्लेखनीय है कि कोल्दावासियों ने इसके पूर्व भी गत विधानसभा, लोकसभा, पंचायत चुनाव एवं अब फिर से विधानसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार कर चुके हैं। जो जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। शासन-प्रशासन इनके मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं कर रही है। जिसके कारण चुनाव बहिष्कार का यह नौबत बार-बार आ रही है। प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

# अर्जुनी केन्द्र में धूप में बैठकर मतदान के लिए करना पड़ा इंतजार



अर्जुनी/बलौदाबाजार, 17 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के ग्राम अर्जुनी के बूथ क्रमांक 64, 65 66 एवं 67 में कूल 4347 मतदाताओं में 3172 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल मिलाकर 73. 13 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। भींड अधिक होने एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के चलते मतदाताओं को मतदान करने हेतु धूप में बैठकर इंतजार करना पडा। यहां महिलाओं की लम्बी कतारे भी देखने को मिली।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत अर्जुनी बलौदाबाजार विधानसभा की सबसे बड़ा ग्राम है यहां मतदाताओं की संख्या 4347 मतदाता है जिनमें से 3172 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। मतदान क्रमांक 65 में 79.67 प्रतिशत मतदान हुआ, मतदान क्रमांक 67 में 78.19 प्रतिशत मतदान हुआ, मतदान क्रमांक 64 में 66.89 प्रतिशत मतदान हुआ, मतदान क्रमांक 66 में 69. 33: मतदान हुआ। मतदान केंद्र क्रमांक 65 में सुबह के समय मतदान मशीन खराब होने के कारण लगभग आधा घंटा विलंब से मतदान प्रारंभ हुआ। मतदान केंद्र में पर्याप्त मात्रा में छाया व्यवस्था नहीं होने के कारण मतदाताओं को जमीन में बैठना पड़ा ,तो कुछ मत दाताओं को तेज धूप में खड़ा होकर मतदान करना पडा। छाया की व्यवस्था कम होने के कारण लोगों को धूप में खड़ा होकर मतदान करना पड़ा कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# ऐसा मतदान केंद्र जहां बाघ, भालू चीतल ने किया वोटर्स का स्वागत

## सेल्फी पॉइंट भी वनवासियों के पारंपरिक आवास के थीम पर



**गरियाबंद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज 8 बजे से शुरू हो गया है. निर्वाचन आयोग ने जगह-जगह आदर्श मतदान केंद्र और संगवारी मतदान केंद्र भी बनाया है. जिसे अलग-अलग थीम में सजाया गया है. वहीं गरियाबंद जिले के नगरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 151 को अभ्यारण प्रशासन ने मोडल बूथ बनाया है. जो आकर्षण का भी केंद्र रहने वाला है।

मतदान केंद्र उदंती सीता नदी अभ्यारण के भीतर नगरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 151 को अभ्यारण प्रशासन ने मोडल बूथ बनाया है. इसे वन वासी और वन्य प्राणियों के थीम पर सजाया गया है. यहां आने वाले मतदाता को बाघ भालू हिरन समेत अन्य वन्य प्राणियों के भेष भूषा में सजे लोग स्वागत करेंगे,तीर कमान लेकर मौजूद जनजाति के वेश भूषा में भी गेट पर स्वागत करते वन कर्मी मौजूद हैं.सेल्फी प्वाइंट की भी व्यवस्था की गई है.वन भ्रमण कराने वाले टेक्सी और हरे बांस से बने झोपड़ी भी मौजूद हैं।

वेटिंग मतदाता के लिए मनोरंजन का भी साधन

अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि मतदान के दरम्यान वेटिंग पर लगे लोग तीरंदाजी में भी हाथ आजमा सकते हैं. सफारी जिप्सी, इकोहट, कयाकिंग का भी बंदो बस्त किया गया है।

# अमेरिका से रायपुर आकर युवा मतदाता अभिषेक वर्मा ने किया मतदान

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। खाद्य विभाग के सचिव टी. के.वर्मा ने आज रायपुर के डुंडा मतदान केंद्र क्रमांक 282 में सपरिवार अपने मताधिकार का उपयोग किया।



सचिव वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती नंदिनी वर्मा ,अमेरिका से आये पुत्र अभिषेक एवं मुम्बई से आयी बिटिया आयुषी के साथ दोपहर रायपुर के डुंडा मतदान केंद्र पहुचे और आम मतदाताओं के साथ लाईन में लगकर बारी- बारी में मतदान किया। सचिव वर्मा के बेटे और बिटिया को पहली बार वोट करने का मौका मिला था। दोनों भाई -बहन इसको लेकर बेहद उत्साहित दिखे।

अमेरिका में अध्ययनरत अभिषेक वर्मा और मुम्बई रहकर पढ़ाई कर रही आयुषी वर्मा वोट डालने के लिए रायपुर आये थे। मतदान के बाद उन्होंने इसे यादगार बनाने के लिए मतदान केंद के बाहर सेल्फी भी ली।

अभिषेक और आयुषी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही, सहायक प्राध्यापक निलंबित

**रायपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरते




जाने के फलस्वरूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 क तथा सिविल सेवा आचरण नियम के तहत् भागवत कुर्रे सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

ज्ञात हो कि सहायक प्रध्यापक कुर्रे की ड्युटी विधानसभा क्षेत्र क्रं. 68 साजा (आंशिक) के उड़नदस्ता क्रं. 2 के दल प्रभारी के रूप में लगाई गई है। उनके विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा की गई। जांच प्रतिवेदन अनुसार भागवत कुर्रे का कृत्य प्रथम दृष्टया संदिग्ध होना पाया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इस अवधि में कुर्रे का मुख्यालय शासकीय महाविद्यालय धमधा होगा।

# भाजपा नेता की शिकायत पर चुनाव आयोग ने कलेक्टर से मांगा जवाब




**बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है. मतदान से एक दिन पहले भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और रिहा करने के मामले में चुनाव आयोग ने बलौदाबाजार कलेक्टर चंदन कुमार से जवाब तलब किया है. इस मामले की शिकायत भाजपा नेता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने चुनाव आयोग से की थी।

शिकायत में धारा 151 के दुरुपयोग व चुनाव प्रचार रोकने का आरोप लगाया गया था. भाजपा निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक ने कलेक्टर चंदन कुमार पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा पहले ही जिले में निष्पक्ष चुनाव पर उठा चुके हैं. संदेह और प्रशासन पर भाजपा की शिकायत को तवज्जो नहीं देने और कार्यवाही नहीं होने की बात कह चुके हैं।

# दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री बघेल, गृहमंत्री साहू, सांसद विजय बघेल राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, अरूण वोरा, गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर ने किया मतदान



**दुर्ग,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के तहत आज 6 विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 10 लाख मतदाताओं ने जिलेभर से चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर रहे है 93 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद कर दिया है। अब इस बात का फैसला इन में कौन 6 भाग्यशाली चुनकर विधानसभा भवन जायेगें और कौन लोग अगले 5 वर्ष तक संघर्ष करेगें, इसका फैसला 3 दिसंबर को मतगणना के बाद ही पता चलेगा। अब तीन दिसंबर को ही तय होगा कि राज्य में पंजा का राज कायम रहेगा या कमल खिलेगा।

आज मतदान के दिन भी दुर्ग सहित पूरे जिले में मतदान को लेकर भारी उत्साह रहा। यह उत्साह राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं दोनों में देखा गया। सभी जगह आज चुनाव में कशमकश की स्थिति देखी गई और कहीं कोई एकतरफा की स्थिति नहीं रही। सभी जगह करीब करीब छुटपुट विवादों को छोड़कर कहीं कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी। लोगों में भारी जोश खरोश होने एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में देखी गई। पाटन से लेकर वैशाली नगर तक कहीं कोई एकतरफा की स्थिति नहीं रही। सभी 6 सीटों में मतदान के बाद मिली रिपोर्ट के अनुसार मुख्य टक्कर कांग्रेस व भाजपा के मध्य ही है। वैसे भी दुर्ग जिला मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का गृह जिला होने के कारण यह हाईप्रोफाइल जिला माना जाता है। यहां का फैसला पूरे प्रदेश में नये राजनीतिक समीकरण देगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने गृहग्राम कुरूदडीह में सपरिवार जाकर लाईन में लगकर मतदान किया। विधायक दुर्ग शहर एवं कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा ने तुलाराम स्कूल में मोहन नगर में, भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने विद्युत नगर में तो गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेस प्रत्याशी दुर्ग ग्रामीण एवं भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने अपने अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान किया। सांसद एवं पाटन से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने पाटन में एवं राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने रायपुर नाका मतदान केन्द्र में मतदान किया।

# मतदान केंद्र के बाहर दिखा मतदाताओं में भारी उत्साह



**गुरुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने मतदाताओं में उत्साह दिख रहा है। बालोद जिले में आज सुबह 08 बजे से सुचारू रूप से मतदान प्रारंभ हो गया है। मतदान अधिकारियों ने निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में निर्धारित समय पर मॉकपोल आदि की प्रक्रिया को पूरी करने के पश्चात् मतदान के नियत समय सुबह 08 बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों द्वारा जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। मतदान केंद्र क्रमांक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आदर्श मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर श्री शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक के मतदान केंद्र में पहुचने पर स्वच्छता दीदियों द्वारा फूलों की पंखुड़ियों एंव तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री शर्मा ने आदर्श मतदान केंद्र में बनाये गए मतदाता जागरूकता पर आधारित आकर्षक रंगोली एंव मतदान केंद्र के व्यवस्थाओ की सराहना भी की। इस अवसर पर कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक ने बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। इस दौरान श्री शर्मा ने आदर्श मतदान केन्द्र में बनाये गए अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्र अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। श्री शर्मा ने अस्थाई आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हें मुन्हे बच्चो से बातचीत भी की। श्री शर्मा ने मतदान केंद्र में बुजुर्ग मतदातों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने इस उम्र में भी अपने कर्तव्य को समझते हुए मताधिकार के प्रयोग की सराहना की। बालोद जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान करने हेतु मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रही हैं। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारे लग रही है । उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थे ,जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु उत्साह दिखाई दे रहा है। गुरुर के आस पास गांव स्थित बूथ केंद्रों में भी सुबह से भीड़ देखी गई। जहां पर नयें मतदाता में उत्सुकता देखी गई शाथ ही बड़े बुजुर्ग, जन प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों के साथ समाजसेवियों ने भी सर्वप्रथम मतदान करते हुए लोगों को लोकतंत्र के पर्व में हिस्सेदारी निभाने की अपील की गई लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# लोकतंत्र के महापर्व पर पाटन विधानसभा क्षेत्र कुम्हारी की जनता ने किया जमकर मतदान


मतदाताओं की लाइन

**कुम्हारी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। पाटन विधानसभा चुनाव क्षेत्र के महत्वपूर्ण नगर कुम्हारी में सुबह सात बजे से ही कामकाजी मतदाता मतदान केंद्र में पहुंचे और आठ बजे जैसे ही मतदान प्रारंभ हुआ महिलाओं, पुरुषों ने भारी संख्या में अपूर्व उत्साह से कतारबद्ध होकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया । मतदान को लेकर नगर के लोगों में भारी उत्साह देखा गया युवा, वयोवृद्ध और दिव्यांगजनो ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने बढ़चढ़कर मतदान किया इस बीच सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था से शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो पाया। अनुमानित करीब 75 प्रतिशत मतदान की संभावना जताई जा रही है।

जहां नब्बे वर्षीया वयोवृद्धा महिला ने अपने मत का प्रयोग किया वहीं 95 वर्षीय वयोवृद्धा सीधे अस्पताल से व्हील चेयर में बैठकर मतदान करने पहुंची। शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग ने भी उत्साहपूर्वक अपने मत का प्रयोग किया। प्रथम बार अपने मत का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं ने भी स्वस्फूर्त मतदान केंद्र पहुंचकर उत्साहपूर्वक मतदान किया प्रथम मतदान करने का उत्साह दिखाई दिया।

युवाओं में प्रथम बार मतदान करने का उत्साह सभी बूथ में दिखाई दिया । दोपहर से सायं पांच बजे तक भारी संख्या में मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। कुम्हारी के कुल उन्तीस बूथ में समाचार लिखे जाने तक शांतिपूर्ण ढंग से लगभग अस्सी प्रतिशत मतदान किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई । देर शाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुम्हारी पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं, मतदान में भाग लेने वाले आम जनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया । मतदान समाप्ति तक पुलिस एवं फ़ोर्स द्वारा सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था रही जिसकी वजह से मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

NECC

| 18.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.43 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 558 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चिंटू (मोनू से)- तुम्हें अपने पापा से पिटे हुए कितने दिन हो गये?
मोनू- अगर पापा ने आज शाम को होमवर्क करते समय मुझे चांटा नही मारा, तो पूरा एक दिन हो जाएगा।

# 'नहाए-खाय' के साथ छठ महापर्व का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में छठ पूजा का शुभारंभ शुक्रवार को 'नहाए-खाय' से हो गया। छठ व्रत करने वाले व्रती एवं उनके परिवार के सदस्य गुरुवार को सारा दिन व्यस्त रहे। परिवार के पुरुष जहां घाट की तैयारियों में लगे रहे। वहीं महिलाओं ने घर पर रहकर गेंहू धोकर सुखाया एवं साफ-सफाई की। छठ पूजा का शुभारंभ मुख्य पूजा से दो दिन पहले नहाय-खाए से होता है। शुक्रवार की सुबह व्रतियों ने साफ गेहूं के आटे की रोटियां बनाकर उसे चले की दाल, लौकी और चावल के साथ प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। जिसके बाद वे फिर छठ अनुष्ठान की अन्य दूसरी तैयारियों में जुट गईं, जिसमें मुख्य तैयारी मुख्य पूजा की पूर्व संध्या पर होने वाली खरना की तैयारियां होती है। शनिवार को खरना पूजा होगी। जिसमें घर में नया चूल्हा बनाकर आम की सूखी लकड़ियों से नए बर्तनों में गुड़ की खीर बनाई जाएगी। इसका सेवन विशेष तौर पर व्रती महिलाओं द्वारा किया जाता है। क्योंकि इसके बाद से वे निर्जला व्रत रहती हैं, जिसका परायण वह मुख्य पूजा के अगले दिन उगते हुए सूर्य को देखकर करती हैं। परिवार के अन्य सदस्य और समाज के सभी लोग खरना का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**छठी मैया की पूजा का महत्व**

छठ पर्व सूर्यदेव की उपासना और छठी मैया का पूजा करने महापर्व है। इस पर्व पर उगते और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। छठ पूजा पर छठी मैया की पूजा और लोकगीत गाया जाता है।शास्त्रों के अनुसार छठ देवी भगवान ब्रह्माजी की मानस पुत्री और सूर्यदेव की बहन हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्माजी ने सृष्टि रचने के लिए स्वयं को दो भागों में बांट दिया,जिसमें दाहिने भाग में पुरुष और बाएं भाग में प्रकृति का रूप सामने आया। सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी ने अपने आपको छह भागों में विभाजित किया । इनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृ देवी या देवसेना के रूप में जाना जाता है। प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इनका एक नाम षष्ठी है, जिसे छठी मैया के नाम से जाना जाता है। शिशु के जन्म के छठे दिन भी इन्हीं की पूजा की जाती है। इनकी उपासना करने से बच्चे को स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है। नवरात्रि पर षष्ठी तिथि को इनकी पूजा की जाती है।

# तेलुगु समाज के लोगों ने की नाग चौथी पर नाग देवता की पूजा अर्चना



**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। तेलुगु समाज के लोगों ने शनिवार को नाग देवता की पूजा-अर्चना की इसे नागल चौथी के नाम से जाना जाता है। कार्तिक चतुर्थी तिथि को नागलू पूजा की जाती है। परंपरा के अनुसार समाज के सदस्यों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में स्थित बांबी की पूजा-अर्चना की। इसी प्रकार आसपास के दूसरे क्षेत्रों में भी पूजा अर्चना कर घर की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। तेलुगु समाज के लोग वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार नगर के पनारापारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंच कर बांबी के ऊपरी हिस्सों को तोड़कर पानी से साफ -सुथरा किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर नए कपड़े रखकर पूजा अर्चना की गई। बिल में तिल व गुड़ के मिश्रण से बने छोटे-छोटे लड्डू, केला, दूध तथा पानी सर्प देवता को अर्पित किए गए। इसी प्रकार आसपास के दूसरे क्षेत्रों में भी विधि-विधान से नागल चौथी पर पूजा अर्चना की। समाज के सदस्य यह पूजा सर्पदेवता को खुश रखने तथा परिवार में सुख-शांति की कामना के लिए करते हैं।

# कादम्बरी ने मनाया हर्षोल्लास के साथ दिवाली मिलन



**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय कादम्बरी महिला संस्था ( साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक) ने परम्परानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली मिलन का आयोजन किया। दीप प्रज्वलन, गीत- संगीत, मनोरंजन, विभिन्न व्यंजनों के स्वाद के साथ सबने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कादम्बरी की वरिष्ठ सदस्य सुषमा झा ने की। अध्यक्ष खुदेजा ख़ान ने इसे सामाजिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण बताया। उपस्थित मेहमानों में सर्वप्रथम संरक्षक मंडल शैल दुबे, प्रभा देश पांडे, उर्मिला आचार्य, प्रवीणा पानिग्रही, अनिता राज, कस्तूरी मिश्रा, उषा चिखलीकर, रेखा सेन, अरुणा जोबन पुत्रा। अन्य वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी सिंह, वंदना भदौरिया, करमजीत कौर, पी किरण, नंदा कलकोटवार, अमिता तिवारी, सरिता पांडे, विनिता जैन, कविता बिजोलिया, ज्योति चौहान, शशि चिंचोलकर आदि ने उपस्थित होकर कादम्बरी के आयोजन को सफल बनाया।

# सत्य साईं बाबा के 98वें जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ





**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। सत्य साईं बाबा के 98 वें जन्मोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को मोती तालाब पारा स्थित साईं मंदिर में हुई। सात दिनों तक मनाए जाने वाले इस जन्मोत्सव की शुरुआत शाम सात बजे वेद पाठ से हुई। इसके बाद साईं समिति के सदस्यों ने सामुहिक रूप से भजन किया। इसके बाद साईं बाबा की आरती और इसके बाद प्रसाद बांटा गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि ये दोनों कार्यक्रम 23 नंवबर तक चलेंगे। जबकि 23 नवंबर की शाम 7 से सांई बाबा का संदेश और वीडियो शो होगा। इसके बाद बाल विकास सांस्कृतिक काय्रकम होगा। कार्यक्रम का अंत महाआरती व प्रसाद वितरण से होगा। सदस्यों ने बताया कि इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में हर आयु वर्ग के महिलाएं पुरूष और बच्चे शामिल होंगे।

इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में 19 नवंबर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा सत्यसाईं मंदिर से शुरू होगी जो दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार चौक, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक और संजय बाजार मार्केट से होते हुए मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। इसके अलावा 20 नवंबर को महारानी हास्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

# यातायात पुलिस ने सिटी कोतवाली के समक्ष की वाहनों की जांच

## काले फिल्म लगे चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर की जुर्माना



**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। यातायात पुलिस के द्वारा 17 नवंबर की शाम सिटी कोतवाली से स्टेट बैंक चौक के बीच वाहनों के एकाएक जांच शुरू कर दी। एएसपी ,सीएसपी और डीएसपी के साथ यातायात प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने वाहनों को रोक कर लाइसेंस ,बिना नंबर प्लेट के वाहन कल फिल्म लगे चार पहिया वाहन दो पहिया वाहन पर तीन सवारी करने वालों को रोककर उन सभी को समझाइए दी गई और जुर्माने की कार्रवाई की गई। इस दौरान चौक पर काफी भीड़ जमी रही।

इन दिनों शहर में बेदर्दी गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा हो रही है जिसे देखते हुए यातायात पुलिस ने यातायात नियमों को कड़ाई से पालन करने के उद्देश्य से यह जांच की कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जांच की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

# अय्यप्पा मंदिर में 41 दिवसीय मण्डल पूजा व्रत का शुभारंभ



**जगदलपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। अय्यप्पा मंदिर जगदलपुर में प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी 41 दिवसीय मण्डल पूजा व्रत का शुभारंभ 17 नवंबर से प्रारंभ हो गया । विभिन्न पूजा अनुष्ठान पूर्ण विधि विधान से सम्पन्त किया जा रहा है। आज प्रात: 6 बजे निर्माल्प दर्शन, गणपति होम, अभिषेक, विशेष पूजा, ऊषा पूजा सम्पन्न किया गया। सांय 6.30 बजे दीपाराधना (आरती) समान्त किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर भगवान श्री अ ?यत्मा का अनुग्रह एवं आर्शीवाद प्राप्त किया । सांय आरती के पश्चात 7~15 बजे से 8~30 तक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। विशेष आरती आयोजित किया गया। विशेष आरती के पश्चात मन्दिर में अन्नादानम का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें भक्तजन शामिल होकर भगवान अय्यप्पा का महा प्रसाद ग्रहण किए। मन्दिर में सर्वप्रथम माला धारण किए हुए स्वामी भक्तों को पहले भोजन करवाकर अनुदानम की शुरुवात किया गया । मन्दिर की सभी पूजा विधान की सोई तिरमेनी के द्वाराज्ज सम्मादित किया गया।

# डड़सेना कलार समाज ने रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने का लिया फैसला



**कोण्डागांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। डड़सेना कलार समाज द्वारा रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने का फैसला लिया गया है।

डड़सेना कलार समाज के संभागीय मुख्यालय अलबेलापारा कांकेर में डड़सेना कलार समाज एवं कलार समाज (सूरइत) की संयुक्त बैठक आहूत की गई, जिसमें दोनों समाज के बीच रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने के सम्बन्ध में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक की शुरुआत करते हुए डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र ने तीन प्रस्ताव रखे पहला प्रस्ताव बड़े भाई एवं छोटे भाइयों के बीच रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने, दूसरा प्रस्ताव सहस्त्रबाहु जयंती समारोह एक साथ मनाने एवं तीसरा प्रस्ताव संयुक्त रूप से युवक-युवती परिचय सम्मेलन संभाग स्तर पर आयोजित करने का रखा गया। जिस पर गहन विचार-विमर्श करने के पश्चात् आम सहमति से दोनों वर्गों के बीच रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने का निर्णय लिया गया, इसके अलावा संयुक्त रूप से सहस्त्रबाहु जयंती मनाने एवं संभाग स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि डड़सेना कलार समाज पूर्व संभागीय अध्यक्ष महेश जैन के नेतृत्व में पहले ही पंडरीपानी के खंड सभा में दोनों वर्गों को विलय करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया था और इसकी जवाबदारी युवा प्रकोष्ठ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष योगेश पांडे को सौंपा गया था, युवा प्रभाग द्वारा इस दिशा में कार्य भी किया गया एवं प्रयास जारी था, जिसे अमली जामा पहनाने हेतु बैठक आयोजित किया गया, किंतु संयुक्त बैठक में विलय का निर्णय तो नहीं हो पाया, परंतु रोटी-बेटी का संबंध स्थापित करने हेतु आम सहमति बनी, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने उम्मीद जताया है कि यह निर्णय दोनों वर्गों के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उक्त बिंदुओं पर विचार विमर्श करने के दौरान नीलकंठ शार्दूल, नंद कुमार जैन, श्याम दीवान, कारिया दीवान, गदाधर बोध, बसंत जैन, दयाशंकर जैन, जगबंधु सिन्हा, फुलनाथ दीवान, सुलेंद्र नेगी, देव कुमार, प्रदीप सिन्हा, पीलाराम सिन्हा आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया। वहीं कार्यक्रम का सुचारू रुप से संचालन संभागीय महामंत्री सोनी लाल जैन ने किया।

# धान विक्रय करने में नहीं दिख रहा उत्साह किसानों का



**कोण्डागांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। फरसगांव एवं आसपास के बाकि धान खरीदी केंद्र में अब तक एक भी किसान के धान बेचने के लिए नहीं पहुंचने से विरानी छाई हुई है। पिछले एक नवंबर से धान खरीदी केन्द्रों का उद्घाटन करके विधिवत धान खरीदी का शुभारंभ तो हो चुका है, परंतु किसानों में धान बेचने को लेकर कोई उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़, धान और किसान आज प्रदेश की राजनीति का सबसे बड़ा केन्द्र बन गया है। राज्य बनने के बाद से अब तक कई कारणों से छत्तीसगढ़ की राजनीति चर्चा में रही है। लेकिन इस राज्य की राजनीति को जिसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह यहां की मुख्य फसल धान है। छत्तीसगढ़ में धान ही एकमात्र ऐसा कारण है, जिसके दम पर भाजपा ने जहां लगातार तीन बार सत्ता हासिल किया, तो वहीं उसे इसी धान के कारण ही बुरी तरह हार भी झेलनी पड़ी, यानि तीन बार से विपक्ष में रही कांग्रेस ने धान के कारण ही साल 2018 में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर सरकार बनाया। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में विधान सभा चुनाव में एक ओर कांग्रेस ने किसानों का कर्जा माफ, 20 चिंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी के साथ 3200 रुपये प्रति चिंटल धान खरीदी का वादा किया, तो वहीं बीजेपी ने अपनी घोषणा पत्र में 3100 रुपये में धान खरीदी, धान बिक्री राशि का एक मुश्त भुगतान, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, मजदूरों को 10 हजार, विवाहित महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना देने का वादा किया है।

पिछले वर्ष उद्घाटन के दिन ही क्षेत्र के लगभग सभी खरीदी केंद्र में धान का अच्छा ही आवक रहा और इस चुनावी वर्ष में 15 दिन गुजर जाने के वावजूद अब तक एक दाना भी धान की खरीदी नहीं हो पाया है। वहीं बड़ेडोंगर एवं अंदरुनी क्षेत्र के खरीदी केंद्र सहित आसपास क्षेत्र भंडार सिवनी, लंजोड़ा, बोरगांव फरसगांव में भी अभी तक किलो भर भी धान खरीदी नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि आलोर खरीदी केन्द्र में धान खरीदी का मात्र बोहनी हुआ है।

धान बिक्री के मामले में क्षेत्र के कुछ किसानों से चर्चा करने पर पता चला कि इस वर्ष बीच में अल्प वर्षा के चलते फसल के पैदावार में असर पड़ा, साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा वादे के मुताबिक कर्जा माफ एवं 3100 और 3200 रुपए धान का दर को देखते हुए किसानों ने चुनाव परिणाम आने के बाद ही धान विक्रय करने का मन बनाया है। किसानों का यह भी कहना है कि अभी अगर हमने धान का विक्रय कर दिया तो पुराने दर पर ही भुगतान होगा और बैंक से लिए कर्ज में धान की राषि को जमा कर लिया जाएगा और आगे कर्ज माफ या दोनों राजनीतिक दलों के घोषणा के तहत बढ़ी हुई धान के दर से हमें वंचित होना पड़ सकता है।

अब देखना यह है कि क्या घोषणा के मुताबिक किसानों का कर्ज माफ होगा ? या फिर किसानों को 3100 या 3200 रुपए धान का दर मिलेगा ?

किसानों की नजरें भी 3 दिसंबर को आने वाले परिणाम पर टिकी है।

# दुपहिया चालक ने ग्रामीण को मारा टक्कर, निजी वाहन से घायल को पहुंचाया अस्पताल



**कोण्डागांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। बैल ले जाते ग्रामीण को मोटर सायकल चालक द्वारा टक्कर मारा गया और हादसे में घायल ग्रामीण को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां घायल का उपचार किया जा रहा है।

कोंडागांव-शामपुर-माकड़ी मार्ग पर ग्राम मारागांव के पास सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए, परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को तत्काल शामपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही माकड़ी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के मुताबिक जयनाथ मरकाम निवासी ग्राम पल्ली 43 वर्ष खरीदे हुए बैल को अपने गांव लेकर जा रहा था और उसका पुत्र मनोज 22 वर्ष मोटर सायकल को धकेल रहा था, उसी दौरान गुरुवार शाम तकरीबन 8 बजे नोहरूराम सोरी 40 वर्ष ग्राम सलना ने मारागांव के समीप जयनाथ को पीछे से ठोकर मारा, दुर्घटना में दोनों घायल हुए, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामपुर के चिकित्सकों ने नोहरू राम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, वहीं जयनाथ को अत्यधिक खून बहने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**घायल को निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल:** परिजनों के मुताबिक दुर्घटना के बाद दुर्घटना स्थल पर पहुंचे कुछ जागरूक लोगों ने 108 एंबुलेंस के नंबर पर संपर्क किया, लेकिन 108 सेवा प्रदाताओं की ओर से संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिल पाया, माकड़ी व कोडागांव में भी समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिली, तथा जो एंबुलेंस माकड़ी में उपलब्ध थी, वह भी खराब स्थिति में होने की बात कही गई। शामपुर अस्पताल में स्थित मिनी एम्बुलेंस के पिछले कई महीनों से बंद रहने की बातें सामने आई। परिजनों ने दावा किया प्राथमिक उपचार तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने से इंतजार के बाद परिजनों ने निजी वाहन से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# जिले में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह



**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसके साथ ही गरियाबंद जिले के दो विधानसभा राजिम ओर बिन्द्रानवागढ़ के 17 प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो गया। बड़े गोबरा के मतदान केन्द्र को छोड़कर शेष 572 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। राजिम विधानसभा के कुछ मतदान केन्द्रो में आखिरी समय में अधिक भीड़ आने के चलते देर रात आठ बजे तक मतदान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक जिले में शाम बजे की स्थिति में 71 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

इसके पहले मतदान को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह आठ बजे लोकतंत्र का महापर्व शुरू होते ही लोग उत्साह के साथ वोटिंग करने पहुँचे। अपनी बारी का इंतजार करते हुए लोगों ने मतदान किया। मतदान करने के बाद लोगों ने अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया, ताकि बाकी लोग भी मतदान करने प्रेरित हो सकें।

जानकारी के मुताबिक जिले के दोनो विधानसभाओं में मतदान की धीमी शुरूआत हुई, लेकिन धीरे-धीरे वोटिंग का प्रतिशत बढ़ता चला गया। कतारबध्द होकर लोगो ने मतदान किया। इस दौरान महिलाओ, युवाओ, किसानो हर वर्ग में काफी उत्साह नजर आया। पहले घंटे में मतदान का औसत कम रहा है। लेकिन बढ़ते

### राजिम में 71.23 प्रतिशत, बिन्द्रानवागढ़ में 71.02 प्रतिशत, जिले में कुल 71.23 प्रतिशत

दिन के साथ इसमें तेजी से इजाफा हुआ। दोपहर 11 से 3 के बीच सर्वाधित मतदान हुआ। देर शाम होते आकड़े में फिर कमी आ गई।

**पिछले बार से इस बार मतदान के प्रशिशत में आई कमी**

जिले में 2018 के चुनाव के भांति इस वर्ष भी जिले के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लेकिन आकड़ो के मुताबिक पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस वर्ष मतदान के प्रतिशत में कमी आई। जिले के दोनो विधानसभा में आठ से दस प्रतिशत प्रतिशत मतदान कम हुआ। जानकारी के मुताबिक राजिम विधानसभा में 71.23 प्रतिशत मतदान हुआ है, वहीं बिन्द्रानवागढ विधानसभा में 71.02 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। वही जिले में शाम पांच बजे तक 71.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जबकि 2018 में राजिम विधानसभा में 78 और बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में 83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**देखे कहा कितना मतदान हुआ -**

| समय | राजिम | बिन्द्रानवागढ़ | कुल |
|---|---|---|---|
| 09 बजे तक | 9.7 | 11.3 | 10.5 |
| 11 बजे तक | 18.6 | 18.8 | 18.7 |
| 01 बजे तक | 41.84 | 44.57 | 43.20 |
| 03 बजे तक | 56.16 | 59.16 | 57.66 |
| 05 बजे तक | 71.23 | 71.02 | 71.13 |

# विस चुनाव के दूसरे चरण में शांति पूर्ण मतदान मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा



**सिमगा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान करने के उपरांत सेल्फी जोन में फोटो खिचाकर खुशी जाहिर किया। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने उत्साहित नजर आए 91 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने धनमत साहू ने मतदान किया।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 17 नवबंर को नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के सभी 12 बूथों में देर शाम तक मतदान संपन्न हुआ। नगर के कुल 12 बूथों में 12287 मतदाता है। इनमें से 6256 महिला एवं 6131 पुरूष मतदाता है। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी भीड़ देखी गई। बूथ क्रमांक 36 में ईवीएम मशीन खराब होने के कारण लगभग 1 घंटे तक मतदान प्रभावित रहा उक्त मतदान केंद्र में 3 बजे तक 36 प्रतिशत ही मतदान हो पाया था। बूथ क्रमांक 31 में आधे घंटे तक ईवीएम मशीन खराब होने की जानकारी मिली है। विकलांग युवती चित्ररेखा का मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण वह मतदान करने एक बूथ से दूसरे बूथ में भटकते नजर आई अंतत: वह मतदान करने से वंचित रह गई। वहीं लकवा बिमारी से पीड़ित लव कुमार यादव ने मतदान में हिस्सा लिया। संबंधित अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक अनुमानित कुल 8275 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके है जिसका प्रतिशत लगभग 67 होता है समाचार लिखें जाने तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था कि गई थी। जिससे कि नगरीय निकाय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

## भाटापारा विस में 74.23 प्रतिशत मतदान



**भाटापारा,** 17 नवंबर। सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ मतदान के लिए पहुंचने लगी थी। मतदान स्थलों में महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गई। जिसे देखकर लग रहा था कि। मानो उन्हें महतारी वंदन योजना पसंद आ गई हो पसंद आ गई हो। मतदान के दौरान शहर पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद थी एसडीओपी आशीष अरोड़ा एवं नगर निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे स्वयं सुबह से मतदान स्थल ऑन में भ्रमण करती रही। भाजपा प्रत्याशी शिव रतन शर्मा ने भी अपनी सहधर्मिणी सीमा शर्मा के साथ मतदान किया।

## सरायपाली विस क्षेत्र में 80 फीसदी से अधिक मतदान होने का अनुमान

**सरायपाली,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से निपट गया कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है चुनाव लड़ने वालों का भाग्य वोटिंग मशीन में कैद हो गया कांग्रेस से चातुरी नंद भाजपा से सरला कोसरिया जोगी कांग्रेस के किस्मत लाल नंद सहित कुल 8लोग चुनाव मैदान में थे पहले तो त्रिकोणी संघर्ष की स्थिति बन रही थी लेकिन आखरी समय में कांग्रेस व भाजपा के बीच हो गई जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अंतिम 3दिनों में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गए प्रचार प्रसार के अंतिम समय में जोगी कांग्रेस के तीन वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए हार जीत अब भाजपा कांग्रेस के मध्य में होगी दोनो पार्टी के कार्यकर्ता जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा के लोग पांच से दस हजार के बीचजीत का दावा कर रहे हैं तो कांग्रेसी क्लीन स्वीप की बात कर रही है 35हजार से अधिक से जीत का दावा कर रहे हैं आज मतदान केंद्रों में सुबह से ही लोग लाइन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे नगर केमतदान केंद्र क्रम 132में वोटिंग मशीन में खराबी के कारण मतदाताओं की लम्बी लाइन लग गई जो कि अंतिम समय तक रही भाजपा केदूवा सेक्टर में दो से तीन हजार से लीड का दावा कर रही है सरायपाली क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 71.12प्रतिशत मतदान होने की खबर है लिमगांव में 91 फीसदी 677601मत पड़े हैं 677/601इसी प्रकार घाटकाछार में89पड कीपाली88 खैरझिटकी 86बालसी 85सिंघोड़ा 82.42टिभू पाली 875/752राफेल 1058/855पैकिन 774/579कालीदारहा 87ब्रचिवराकुटा 711/612चट्टी गिरोला 911/798दुलार पाली 81.96 फीसदी पलसापाली 86.51 फीसदी।



### भाजपा कांग्रेस दोनो पार्टी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं जोगी कांग्रेस दौड़ में शामिल नहीं

## कलेक्टर ने मतदान दल के ईवीएम मशीनों के संग्रहण व्यवस्था का जायजा लिया



**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी और रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री वापसी के बाद संग्रहण व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान समाप्ति के बाद कलेक्टोरेट के बाजू मंडी परिसर सारंगढ़ में दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का निर्वाचन सामग्री ईव्हीएम, वीवीपैट का संग्रहण कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण उपरान्त स्ट्रांग रूम में सील किया जाएगा। सारंगढ़ के समीपस्थ ग्राम चंवरपुर मतदान केन्द्र से मतदान दल का सामग्री के साथ वापसी का पहला आगमन हुआ है। इसके साथ-साथ अन्य मतदान केन्द्रों से भी मतदान दलों का निर्वाचन सामग्री के साथ वापसी लगातार हो रहा है।

## वोटर टर्न आउट एप से मिला विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत




**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और मिजोरम के विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान प्रतिशत का रिकार्ड प्रति दो घंटे में अपडेट मिला। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाताओं के द्वारा किए गए मतदान का प्रतिशत सुबह 11 बजे तक जिले में 18.01 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 18.19 प्रतिशत और सारंगढ़ में 17.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे तक जिले में 42.44 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 39.16 प्रतिशत और सारंगढ़ में 46.20 प्रतिशत मतदान हुआ। अपरान्ह 3 बजे तक जिले में 59.28 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 57.23 प्रतिशत और सारंगढ़ में 61.62 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक जिले में 73.31 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 69.18 प्रतिशत और सारंगढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान हुआ।

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने सलिहा एफएसटी के कार्यों का जांच किया

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर (देशबंधु)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलिहा स्थैतिक निगरानी दल (एफएसटी) और वनोपज जांच चौकी के कार्यों का जांच किया। इस दौरान श्री सिंह ने एफएसटी दल के कर्मचारियों से जांच के संबंध में जानकारी लिया। व्यय प्रेक्षक श्री सिंह ने सलिहा के मतदान केन्द्र का भी अवलोकन किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव सहपरिवार पहुंचे पैतृक गांव फुटगुना किया मतदान




**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु)। महासमुंद जिले की खल्लारी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव आज सहपरिवार अपने पैतृक गांव फुनगुना पहुंचे जहां उन्होंने मतदान किया।

पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए श्लोक एवं सूक्ति

मतदान करने अपने पैतृक ग्राम फुनगुना पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी श्री यादव के साथ-साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती विनीता यादव सहित उनके सुपुत्र देव आदित्य(श्लोक)एवं सुपुत्री देवपूर्णा (सूक्ति) अपनी माता-पिता की गोद में पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। मतदान करने के पश्चात मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव ने बताया कि च्कांग्रेस है तो भरोसा हैज्। हम इसी मूल मंत्र को लेकर चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार की गारंटी और भरोसे के आधार पर मतदान कर रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में फिर से संपूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

वहीं श्री यादव ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी की। इस दौरान श्री यादव के अनुज व पिथौरा जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव भी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी यादव के साथ मतदान करने पहुंचे थे जिनके गोद में उनकी पुत्री आद्या भी नजर आई।

## राजिम विस के लिए फिंगेश्वर बूथ केन्द्रों में मतदान संपन्न

### मतदान में महिलाएं आगे नपं फिंगेश्वर में लगभग 80 फीसदी मतदान



**फिंगेश्वर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। फिंगेश्वर मैं मतदान केंद्रों मैं प्रारंभ से पुरुषों ने मतदान की शुरुआत की युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लगभग 4ः00 बजे से 5ः00 बजे के बीच महिलाओं की संख्या सभी बुथ में अधिक थी मतदान केंद्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल मतदाता 6313 जिसमें मतदान 5100 मतदाताओं ने मतदान किया इनमें महिलाओं की संख्या 2654 अधिक थी एवं पुरुषों की संख्या 2446 बताई गई अधिकृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी चुनाव आयोग द्वारा सभी बूथ केंद्रो में मतदाताओं के सहयोग हेतु पानी की व्यवस्था व्हीलचेयर की व्यवस्था और भी अनेक सुविधाएं की गई थी पुलिस बल सभी जगह मुस्तादी से मतदाताओं को मार्गदर्शन कर रहे थे फिंगेश्वर में कुल 8 केंद्र बनाए गए थे भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मतदाताओं को लाने ले जाने में लग रहे मतदान के अंतिम चरण में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होने को कांग्रेसी अपने पक्ष में मतदान अधिक होने का दवा करते पाए गए सभी केंद्रों में सेल्फी जोन लगाया गया था मतदान पश्चात युवा मतदाता सेल्फी जोन का लाभ ले रहे थे पूरे दिन किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं हुई मतदान प्रक्रिया पूर्णतया शांतिपूर्वक रही।

# खल्लारी क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु)।खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में आज शुक्रवार को अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। इस क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदाताओं की लम्बी लाईन लगी हुई थी। मतदान करने महिला एवं पुरुष मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदान को शांतिपूर्वक कराने सभी मतदान केंद्रों में पुलिस एवं बटालियन जवानों की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था शासन द्वारा किया गया था। क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने की जानकारी नहीं मिली है। बल्कि मतदान सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। जिसमें सभी लोगों का सहयोग रहा। ग्रामीण अंचल के मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक खेतिहर किसान मजदूरों की लाईन मतदान करने लगी हुई थी। इस क्षेत्र में कुल 70 ? प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,17,323 मतदाता है। जिसमें 1,09877 मतदाता पुरुष हैं। वहीं 1,10,438 मतदाता महिला हैं। तथा 8+66 मतदाता अन्य सेवा मतदाता हैं। इस क्षेत्र में कुल 277 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिनमें से पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसे फ्लैक्स बोर्ड के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने सजाया गया था।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर, जोगी कांग्रेस प्रत्याशी रेखराम बाघ, बसपा प्रत्याशी सुफल राम साहू, आप प्रत्याशी नीलम ध्रुव समेत कुल 15 प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटियों में कैद हो गई है। बागबाहरा नगर में 18 मतदान केंद्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में 259 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें से अधिक मतदाताओं की संख्या 1255 , मतदान केंद्र क्रमांक 21 पतेरापाली में थे। इस बार मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारी के साथ तीन सहयोगी की टीम ने मतदान कार्य को पूर्ण कराया। इसमें 30 ऐसे मिक्स बूथ है जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला कर्मी ने मतदान कराया। 10 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहाँ सभी कर्मी महिलाएं थी। इनमें पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिन्हें विशेष रूप से आकर्षित करने विशेष सजावट किया गया था। इसके अलावा एक मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किया गया था। तथा एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहाँ सभी कर्मी युवा हैं। मिक्स बूथ जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला वर्ग कर्मचारी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराया। वे क्रमश: बूथ क्रमांक 20 कसहीबाहरा, 21 पतेरापाली, 22 आँवराडबरी, 24 खल्लारी, 25 खल्लारी




### सुबह से शाम तक मतदान केंद्रों में लगी रही लम्बी-लम्बी कतारें

, 28 मरार कसही बाहरा, 30 ओंकारबंद, 89 हरनादादर, 90 हरनादादर, बूथ क्रमांक 91,92,93,94 तेंदूलोथा कला, 95 नवागाँव, 96 तेंदूलोथा कला, 97 लालपुर, 98 भानपुर, 99 सुनसुनिया, 111,112 लमकेनी, 116 सिर्री पठारीमुड़ा, 127 सराईपाली, 130,131 तेंदूकोना, 193,194 सम्हर, 197 बिहाझर, 198 कसही बाहरा, 199 फुलवारीकला शामिल है। इसी प्रकार 10 संगवारी मतदान केंद्र के रूप में ऐसे हैं जहाँ पीठासीन अधिकारी समेत तीनों सहयोगी कर्मी महिलाएं हैं। यह मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित हैं। जिनमें मतदान केंद्र क्रमांक 81,82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 104, 109 लालपुर , 114 सिर्री पठारीमुड़ा, 115 दारगांव एवं 117, 118 सुखरीडबरी केंद्र हैं। इनमें से बूथ क्रमांक 82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 115 दारगांव, 118 सुखरीडबरी को आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिन्हें आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। इसके अलावा मतदान केंद्र 110 बागबाहरा कला को दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित किया गया है। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 249 कोमाखान ऐसा केंद्र है जिन्हें पीठासीन से लेकर तीनों सहयोगी युवा थे।

**बागबाहरा नगर में कुल 18 मतदान केंद्र बनाए गए थे**

नगर में कुल 18 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 11 मतदान केंद्र लालपुर के नाम से तथा 5 तेंदूलोथा के नाम से एवं एक भानपुर व नवागाँव के नाम से जाना जाता है। लालपुर एवं तेंदूलोथा में मतदान केंद्र अलग-अलग स्थानों में स्थित है। जिसके बारे में भवन स्थान की अस्पस्टता के कारण मतदाताओं के समझने में परेशानी की संभावना को देखते हुए उक्त 18 स्थानों के नाम दर्शित किए हैं। नगर में बूथ क्रमांक 91 एवं 92 तेंदूलोथा का पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में, 93 एवं 94 तेंदूलोथा आर्सीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में एवं 96 तेंदूलोथा वार्ड नंबर 12 स्थित प्राथमिक शाला भवन में बनाए गए थे। इसी प्रकार 97 लालपुर प्राथमिक शाला भवन, वार्ड नंबर 6 लालपुर में एवं मतदान केंद्र क्रमांक 100, 101, 102,103,104 एवं 105 लालपुर के लिए मुख्य मार्ग में शासकीय अस्पताल के बगल प्राथमिक शाला भवन परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 106,107,108 एवं 109 लालपुर के मतदाताओं के लिए मुक्तिधाम वार्ड क्रमांक 9 के पास स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल प्रांगण में मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह



**पलारी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के दुसरे फेज का विधानसभा का चुनाव हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र कसडोल मे चुनाव शाँतीपूर्ण ढँग से सम्पन्न हुआ कही अप्रिय घटना का समाचार सुनने को नही मिला वही मतदान को लेकर पलारी नगर मे गजब का उत्साह देखने को मिला नगर मे मतदान के उत्सुक लोगो की कतारे लगी रही वही पहली बार वोट कर रहे युवाओ मतदान पश्चात सेल्फी जोन मे सेल्फी लेकर इस यादगार लम्हो को सँजोया, एजेंटो से जानकारी के मुताबिक पलारी के 9 बुथो मे करीब 80 फिसदी मतदान हुआ वही जानकारी के मुताबिक पलारी के दतान प, मुसवाडीह, रोहाँसी, सोनारदेवरी सहित कई गाँवो मे 80 फिसदी से भी अधिक वोट पड़े हैं।वही ओव्हर आल 5 बजे तक कसडोल विधानसभा में 67.19 फिसदी मत पड़े है। वही पूर्व सांसद पी आर खूंटे ने भी लाइन में शामिल होकर अपना मतदान किया।नगर के लोगो से मतदान की अपील करते रहे वही दिव्याँग और वृद्ध जनो को मतदान केंद्र तक ले जाने मे चुनाव में तैनात सुरक्षाबल सहित स्काऊट गाईड एनसीसी कैडेट ,नगर पँचायत के कर्मचारी और भाजपा काँग्रेस के एजेंटो का भरपूर सहयोग देखने को मिला।वही चुनाव को लेकर मतदाता खामोश रहे ,ऊट किसके तरफ करवट लेगी ये अनुमान लगाने मे प्रमुख दलो के नेता भी असहाय नजर आए, 3 दिसंबर को ही नतीजे के दिन ही परिणाम के पटापेक्ष होने पर परिणाम का पता चलेगा।

# कसडोल विधानसभा में शांतिपूर्ण रहा मतदान

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। कसडोल विधानसभा के 20 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। जिसका परिणाम आगामी 3 दिसंबर को मिलेगा। जिले में 70.70 प्रतिशत तो कसडोल की मतदान प्रतिशत पर बात करें तो लगभग समाचार लिखे जाने तक 67.19 प्रतिशत आकलन किया गया। वही देर शाम तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर देर शाम 5 बजे तक मतदाताओं का हुजूम लगा रहा। उल्लेखनीय है कि इस बार किसी भी प्रत्याशी के द्वारा शराब वितरण करते हुए देखा नही गया और न ही लोग मतदान दिवस पर शराब पिकर दिखाई दिए। जिसे आम मतदाताओं में खुशी का माहौल रहा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्रों की बात करे तो सभी केंद्रों में प्रशासन की शक्ति देखी गई, और लगातार मतदाता बूथों तक पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे थे। गौरतलब है विधानसभा चुनाव होने के नाते वोटिंग के प्रति सुबह-सुबह झुकाव देखने को मिल रहा था। लेकिन यही प्रक्रिया देर शाम तक कम होने लगी। प्रशासन भी मतदान व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रशासनिक अमला सभी बूथों पर रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से नजर बनाए रखा था। वही देर शाम तक कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की खबर नहीं मिली है। कतार में खड़ी महिला की हार्ट अटैक से मौत कसडोल विधानसभा के मतदान क्रमांक 76 मल्दा में सुबह 10:30 बजे करीब 58 वर्षीय सहोदरा नामक महिला की मौत मतदान केंद्र में प्रवेश के बाद खड़े-खड़े जमीन पर गिरी और हार्ट अटैक से मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने उक्त महिला का शव सीएचसी कसडोल लाकर पोस्ट मार्टम करवा लिया है। अब रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

सभी ने निर्भीक होकर मताधिकार का किया उपयोग- इधर मतदान कर रहें नगर के शंकर तलरेजा ने लोगों को सबसे पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देकर जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। लोकतंत्र के महायज्ञ में



- 20 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद
- लाईन में लगी महिला की हार्ट अटैक से मौत
- 402 बूथों में प्रशासन की रही पैनी नजर

मतदाताओं ने स्व स्फूर्त होकर भाग लिया। सुबह 8 बजे से देर शाम तक मतदान केंद्रों में लोगों की भारी भीड़ रही। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भी भारी मतदान हुआ। यहाँ का मतदान प्रतिशत 67.19 प्रतिशत आका गया। कसडोल क्षेत्र में 20 प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बन्द हो गए। मतदान को लेकर इस बार के चुनाव में प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए थे जिससे मतदान पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में 70 सीटों के चुनाव में छत्तीसगढ़ के जितने हाईप्रोफाइल सीटें है उनमें से एक कसडोल विधानसभा क्षेत्र भी है, यह सीट इसलिए भी हाईप्रोफाइल सीटों में गिनी जा रही है क्योंकि एक तरफसत्ता संसाधन सम्पन्न तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू है, तो दूसरी तरफसंसाधन विहीन भाजपा के प्रत्याशी धनीराम धीवर है तो निर्दलीय की ओर से चुनावी रणनीति के माहिर गोरेलाल साहू चुनावी मैदान में थे। इस सीट में हुए चुनाव में आम मतदाता स्वस्फूर्त होकर मतदान करने के लिए सुबह से ही अपने घर से निकलने लगे थे। मतदान को लेकर जहाँ पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया तो वहीं महिला मतदाताओं में भी गजब का उत्साह को देखने को मिला। वहीं वृद्ध लोगों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने के लिए एनसीसी, स्काउट गाइड की टीम व्हील चेयर से मतदान केंद्र पहुँचा रही थी। कसडोल सीट हाईप्रोफाइल सीट है इस लिहाज से चुनाव आयोग द्वारा यहाँ पर सीआईएसएफके 2400 जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किए थे, साथ ही 1500 पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे जिससे पूरे क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इधर प्रशासन ने वेबकास्टिंग के जरिये सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही थी ताकि कही भी मतदान में गड़बड़ी न हो सकें। इसके अलावा प्रशासन ने लगभग मतदान केन्द्रों में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था।

# जिला बदर की कार्रवाई के बाद भी थाना क्षेत्र में घूम रहे 2 आरोपी को किया गया गिरफ्तार


**भाटापारा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को जिला बदर की कार्यवाही किया गया है जिन्हे सीमावर्ती जिला से बाहर रहना है यदि थाना क्षेत्र में घुमते मिलने पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक श्री हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था।



दिनांक 15.11.2023 को टाउन भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना मिला कि ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव निवासी धुरंधर वार्ड भाटापारा का जिसका 3/11/2023 को कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिला बदर किया गया है, वह धुरंधर वार्ड भाटापारा में एक किराना दुकान के पास गली मे घुम रहा है एवं राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू निवासी के0के वार्ड भाटापारा का जिसका दिनांक 03/11/2023 को कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिला बदर किया गया है वह के0के0 वार्ड भाटापारा मे तालाब के पास घुम रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी *ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव एवं राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू* को पकडा गया, जिनको गवाहो के समक्ष जिला बदर की कार्यवाही न्यायालय जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा से होने के बाद भी यहां घुमने का कारण पुछने पर अनावेदकगण मालूम है लेकिन हम किसी के आदेश को नही मानते है, अपनी मर्जी का मालिक है, अपने मर्जी से घुम रहे है, किसी से डरते नही जहां चाहे घुम सकते है। बोलने पर जिन्हे धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस देकर स्थगन आदेश के संबंध मे न्यायालय की अनुमति पेश करने के संबंध मे नोटिस दिया गया जिस पर इनके द्वारा कोई अनुमति नही है लिखकर दिया गया। कि आरोपी राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू के विरूद्ध अप.क्र. 419/2023 धारा-14,15 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि0 एवं आरोपी ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव के विरूद्ध अप. क्र. 420/2023 धारा-14,15 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि0 के तहत अपराध पंजीबद्व कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया *उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह प्र.आर. भूखन वर्मा, जेठूराम मनहरे आरक्षक उमेश वर्मा, सीताराम ध्रुव, त्रिलोकीनाथ वर्मा, महेन्द्र साहू, का विशेष योगदान रहा।

आरोपीयों का नाम- राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू पिता हीरालाल यादव ऊर्फ कल्लु यादव उम्र 26 वर्ष साकिन के0के0 वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर। ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव पिता जय ध्रुव उम्र 26 साल निवासी धुरंधर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

# दृष्टिबाधित ओमन ने ब्रेल मतपत्र का प्रयोग कर किया मतदान



**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में इस बात मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाता वर्ग अपने कामों को छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दे रहे है। जहां एक ओर सामान्य वर्ग अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केन्द्रों तक पहुंच रहे है। वही दूसरी ओर दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाता भी एक कदम आगे आकर मतदान में अपनी सहभागिता निभा रहे है। जिला धमतरी निःशक्त पुर्नवास केन्द्र में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में काम करने वाले ओमन सिन्हा जो दृष्टि बाधित दिव्यांग है, वह अन्य मतदाताओं का स्वयं सेवक बन उनकी सहायता कर रहा है। ओमन स्वयं दृष्टि बाधित है और उसने ब्रेल मतपत्र के जरिये मतदान केन्द्र क्रमांक 66 नवीन प्राथमिक शाला भवन तेलीनसत्ती मतदान किया है।

# मातर उत्सव में रंगारंग प्रस्तुति ने मन मोहा

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। सोरिद वार्ड में यादव समाज के तत्वाधान में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों और युवक-युवतियों की राउत नाचा टोली का नृत्य आकर्षक रहा। स्कूली विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को प्रभावित किया।



सोरिद वार्ड में शीतला मंदिर परिसर के सामने स्थित सहाड़ा देव स्थल परिसर में दीपावली पर्व मनाया गया। यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा, भाईदूज मातर उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड के राधा कृष्ण मंदिर से यादवों की टोली ने गडवा बाजा की धुन में राउत नाचा के साथ भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली। जो प्रमुख मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। बच्चों और युवक-युवतियों के पारम्परिक परिधान में दोहा सुनाते हुए राउत नाचा की प्रस्तुति मनमोहक रहा, जिसका वार्डवासियों के अलावा आसपास से आये नागरिकों ने भरपूर लुत्भ उठाया। राउत नाचा के अतिरिक्त सोरिद प्राथमिक शाला के छात्राओं द्वारा कर्मा गीत, बस्तरिया गीत पर मंच पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम स्थल पर मनमोहक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को उपस्थित दर्शकों ने नगद राशि पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में लालाराम मगेन्द्र,पार्षद दीपक गजेन्द्र, शिक्षक बसंत देवांगन, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, रामनाथ

**सोरिद में यादव समाज द्वारा भाईदूज कार्यक्रम का आयोजन**

यादव, दयाशंकर सोनी, आशिष रात्रें, रामेश्वर यादव, यशवंत यादव, नरेन्द्र यादव, प्रीतम सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, कुशल देवांगन, ईतवारीराम ठाकुर, मोहित राम यादव, धनेश यादव, दीपक यादव, रामजीवन यादव, महेन्द्र यादव, राजाराम यादव, मोहित राम यादव, यशवंत यादव, राजकुमार यादव, रामाधीन यादव, राजू यादव,पोखराज पप्पू यादव, सुकलाल यादव, चन्दू यादव, नरेन्द्र यादव, श्रीमती शीतल यादव, आशाबाई यादव,बृजलाल यादव, संजीव यादव कोमल यादव, रामरतन यादव, विक्की यादव नन्द किशोर यादव आदि उपस्थित थे।

**सोहई बांधने की रस्म पूरी की**

मातर उत्सव के पूर्व बुधवार कों सोहई बांधने की परम्परा निभाई गई। यादवों बन्धुओं की टोली बाजे-गाजे के साथ घर-घर पहुंचकर गोधन की पूजा कर सोहई बांधने का रस्म पूरा किया। संध्या बेला में सहाड़ा देव स्थल में गोवर्धन पूजा किया गया। गोबर का तिलक लगाकर वार्डवासियों ने एक-दुसरे को गोवर्धन पूजा की बधाई दी।

**खीर-खिचड़ी का प्रसाद बंटा**

भाईदूज के दिन कार्यक्रम स्थल पर समाजिकजनों द्वारा गोधन को खिचड़ी खिलाई गई। कार्यक्रम समाप्ति के बाद नागरिकों को खीर-खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मातर उत्सव में शामिल होने आये महिला-पुरूष बच्चों ने देर शाम तक कार्यक्रम का आनंद लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

# लोकतंत्र का महापर्व, मतदान के लिए लगी लंबी कतार



**खरोरा,** 17 नवंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के 70 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट ही एक ऐसा अधिकार है,जिससे जनता अपनी मनचाही सरकार चुनती है, इसलिए आवश्यक है कि सभी को इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए । अपने मताधिकार का उपयोग ऐसे प्रतिनिधि के लिए करें जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे। सुबह से ही क्षेत्र के मतदान केंद्र में मतदाताओं की लंबी कतार देखने में मिली पुरुष मतदाताओं के साथ महिलाएं भी सुबह से मतदान के प्रति जागरूक दिखी।

# स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं मतदान केन्दों में कर रहे हैं सेवा कार्य

**खरोरा,** 17 नवंबर। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड की छात्र, छात्राएं खरोरा, केशला, बुढेरा मांठ, के विभिन्न मतदान केंद्रों में सेवा कार्य का सुचारू व व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 67, 68, 69, 70 , 71, 72, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 में विद्यालय के छात्र प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में यह शुभ कार्य संचालित है।



# दिव्यांगजनों व 80 + के मतदाताओं के लिए की गई निःशुल्क परिवहन व्यवस्था

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक-24, माध्यमिक शाला भवन ग्राम भोथीपार को ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' बनाया गया है। इस केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने आए दिव्यांगजन लोमन और लिलेश ने कहा की हम पहले भी वोट डालने मतदान केन्द्र में आते थे, लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग और प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए सुविधा प्रदान की गई है। दिव्यांगजन और वृद्धजनों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसलिए वाहन, व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। वहीं दिव्यांजनो हेतु बनाये गये इस बूथ में दिव्यांगजनों का स्वागत फूलमाला पहना कर किया गया, जो कि बहुत है हर्ष की बात है। इस बूथ की खासियत यह है की बूथ में आने वाले दिव्यांगजन और वृद्धजनों को मतदान में प्राथमिकता भी दी जा रही है। इसके साथ ही इस बूथ में सभी मतदान कर्मी दिव्यांग महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' के रूप में सुसज्जित किया गया है। उल्लेखनीय है की लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं थर्ड जेण्डर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और उनके माध्यम से अन्य सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से ''दिव्यांगजन मतदान बूथ'' का निर्माण समाज कल्याण विभाग धमतरी द्वारा किया गया है, साथ ही 80 वर्ष के अधिक उम्र वाले मतदाताओं हेतु (मांगे जाने पर) निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। निःशुल्क परिवहन स्थानीय स्तर पर बीएलओ/पंचायत सचिव के द्वारा परिवहन की मांग किये जाने पर उपलब्ध करायी जा रही है। ऐसे दिव्यांग मतदाता जो कि मतदान के लिए पोलिंग बूथ तक पहुंचने में असमर्थ होते है या नहीं पहुंच पाते है तथा 80 वर्ष के अधिक उम्र के वृद्धजन मतदाताओं को उनके निवास स्थान से पोलिंग बूथ तक लाने एवं मतदान कराकर वापस छोड़ने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस कार्य में जिले के शैक्षणिक संस्थाओं के एनसीसी, एनएसएस के कैडेट, स्काउट गाईड के स्वयंसेवक मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं। वृद्धजन मतदाताओं को मतदान में होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुये ''दिव्यांगजन एवं वृद्धजन रथ'' चलाया जा रहा है जिसमें ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' के द्वारा वृद्धजन हेतु वाहन व्यवस्था, दिव्यांगजन हेतु व्हील चेयर एवं वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है कि जिले में 80 साल से अधिक आयु के कुल 4 हजार 412 वृद्धजन मतदाताओं में से सिहावा विधानसभा में 1 हजार 124, कुरूद विधानसभा में 1 हजार 351 और धमतरी विधानसभा में 1 हजार 934 मतदाता हैं। इसी तरह कुल 5 हजार 990 दिव्यांग मतदाताओं में सिहावा विधानसभा में 1 हजार 557, कुरूद विधानसभा में 2 हजार 283 और धमतरी विधानसभा में 2 हजार 150 मतदाता हैं।



# धमतरी जिले में रिकार्ड मतदान 78.80 प्रतिशत पड़े

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 753 मतदान केंद्रों में मतदाताओं द्वारा सुबह से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे तक हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि मतदाता अब जागरूक हो गए हैं।सिहावा विधानसभा के आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। 17 नवम्बर को सुबह से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जिसका परिणाम है कि दोपहर 1 बजे 43 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया। धमतरी जिले का 1 बजे तक का रिपोर्ट देखे तो सिहावा विधानसभा में 41.7, कुरुद विधानसभा- 41.8 और धमतरी विधानसभा-43.3 प्रतिशत मतदान हो चुका है। यहां तक कि यह स्थिति है कि कई मतदान केंद्रों में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है।



**जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक हो रहा मतदान**

# मतदान करने युवाओं में दिखा उत्साह

**युवा मतदाताओं ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में आहूति डालने का मिला मौका**




**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता इस बात काफी उत्साहित नजर आये। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केन्द्रों में पहली बार मतदान करने युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर वोटिंग की और उत्साहित होकर सेल्फी प्वाइंट में जमकर सेल्फी भी ली। मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर पहली बार वोट करने वाले युवक-युतवियां आज बूथ पर पहुंची। पहुंचे। इस अवसर पर हटकेशर वार्ड की देवांशी गढ़वी और कनिका सिन्हा ने कहा कि पहली बार वोट देकर मुझे काफी खुशी हुई है। वहीं कुमारी मनीषा साहू, कुमारी कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हमें भी अब आहूति देने का अधिकार मिल गया है।

# विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के मतदाताओं में भारी उत्साह

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव हेतु 56-सिहावा विधानसभा के जनपद पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलभदर के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 को विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु ट्राइबल मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है। जिसमें कुल मतदाता की संख्या 1039, कमार मतदाता की संख्या 37 है। यह मतदान केन्द्र चुनई तिहार के आधार पर तैयार करते हुए कमार जनजाति हेतु झोपड़ी नुमा सेल्फी जोन बनाया गया है। कमार जनजाति के लोग पारम्परिक औजार जैसे तीर-धनुष, पारम्परिक अनाज रखने हेतु टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुचे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्रायसाईकल की व्यवस्था की गई है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास एवं सहयोग किया जा रहा है।



विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु निर्मित मतदान केन्द्रों में कमार मतदाताओं में भारी उत्साह देखी। इन मतदान केन्द्र में पहुंच कर कमार जनजाति के लोगों ने सफलता एवं सरलतापूर्वक मतदान की और सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

**विधानसभा निर्वाचन सिहावा** - 56 का पोलिंग बूथ क्रमांक- 143, माध्यमिक शाला भवन ग्राम बिलभदर विकासखण्ड नगरी को 'आदर्श बूथ' के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बूथ में सभी मतदान कर्मी आदिवासी, पिछड़ी जनजाति (कमार) महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत 'विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को आदिवासी विकास विभाग द्वारा 'आदर्श मतदान केन्द्र' के रूप में सुसज्जित किया गया है। इस बूथ के माध्यम से कमार मतदाताओं के जीवन को आदर्श बनाने तथा लोकतंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी कराने हेतु उनको मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु शिक्षा से जोड़ने हेतु सामाजिक जन जीवन के स्तर को उंचा उठाने के उद्देश्य से इस बूथ का निर्माण किया गया है। यहां के कमार मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान कराया जाना है और उनके साथ-साथ विधानसभा सिहावा के समस्त मतदाताओं को अपील करने के उद्देश्य से 'आदर्श मतदान केन्द्र' का निर्माण किया गया है। यहां के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये भी प्रोत्साहित किया गया है एवं परिवार के सभी सदस्यों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा चुका है। यहां के मतदाता एक मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान करने हेतु तैयार हैं।

**विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने मतदान कर ली सेल्फी**

# धूमधाम से किया लक्ष्मी विसर्जन



**खरोरा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम मुड़पार के समाजसेवी संस्था वीआईपी ग्रुप्स मुड़पार द्वारा दीपावली के सुअवसर पर लक्ष्मी चौक पर मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु का प्रतिमा स्थापित किया गया था, जिसके उपलक्ष्य में संस्था द्वारा मातर के दिन रंगोली प्रतियोगिता व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखा गया था। तत्पश्चात अगले दिन गुरुवार को महालक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से डीजे के साथ विसर्जन रैली निकाल कर किया गया, विसर्जन यात्रा मे संस्था अध्यक्ष प्रमोद कुर्मी, भगवती सपहा, अरविंद वर्मा, वेद वर्मा, सोनू देवांगन, जितेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र यदू, केतन धीवर, रोशन वर्मा, छोटू धीवर, अनिल वर्मा, हीरा धीवर, पप्पु यादव, हिरेन्द्र देवांगन, सुर्या धीवर, नीरज वर्मा व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोना धीवर राजेश्वरी वर्मा,साम धीवर, रोशनी धीवर, मनीषा, मोनिका शालू सहित ग्रामवासी बडी संख्या में शामिल रहे।

उल्टा पुल्टा

पति- फेसबुक पर उलझा हुआ था, पत्नी रोमांटिक मूड में थी!
पत्नी- आई लव यू
पति-कोई नई बात हो तो बताओ
पत्नी- मै मां बनने वाली हूं
पति- अच्छा.. और कोई नई बात।
पत्नी (चिढ़कर)- बच्चे के बाप तुम नहीं हो.! पति के होश उड़ गए।

# मुख्यमंत्री सहित 10 मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर

## भाजपा से 4 सांसद व 13 पूर्व मंत्री भी किस्मत आजमा रहे हैं, पाटन से सातवीं बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबंधु)। प्रदेश की 90 विधानसभा में से आज हुए 70 सीटों पर चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव समेत 10 मंत्रियों की साख दांव पर है। वहीं भाजपा की ओर से 13 पूर्व मंत्री और चार सांसद भी चुनावी मैदान में हैं। पाटन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में गृहमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू चुनावी मैदान में है। जिले के अन्य चार सीटों पर भी कांग्रेस भाजपा के दिग्गज नेता आमने सामने है।











**पाटन सीट पर भूपेश और विजय बघेल**

पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सातवीं बार मैदान में है। वे इस सीट से वर्ष 1993 से लगातार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें पांच बार विजय मिली है जबकि वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में वे पराजित हुए थे। यह प्रदेश की हाईप्रोफाइल विधानसभा सीट है। इस कारण विधानसभा सीट पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इसी क्षेत्र से दुर्ग सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल मैदान में है। विजय बघेल इस विधानसभा क्षेत्र से पहले भी तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 2003 में वे राकंपा से चुनाव लड़े थे जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। वहीं वर्ष 2008 में उन्हें जीत मिली थी। लेकिन वर्ष 2013 के चुनाव में अपनी सीट नहीं बचा पाए थे। इसी सीट पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी भी चुनावी मैदान में हैं।

**उप मुख्यमंत्री सिंहदेव और राजेश अग्रवाल**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 2008 से अंबिकापुर के विधायक हैं। अंबिकापुर सीट से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। संगठन में मजबूत पकड़ के कारण वह कांग्रेस के मजबूत प्रत्याशी माने जाते हैं। इस बार उनका मुकाबला भाजपा के राजेश अग्रवाल से है जो कांग्रेस से ही भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र के छोटे से नगर पंचायत लखनपुर के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

**गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और ललित चंद्राकर का मुकाबला**

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से गृहमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने इस विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2018 में चुनाव लड़ा था। ताम्रध्वज साहू दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी रह चुके हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के ललित चंद्राकर चुनाव लड़ रहे हैं।

**केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का गुलाब सिंह कमरो से है मुकाबला**

कोरिया जिले के भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा के नेत्री केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह को भाजपा ने चुनाव मैदान पर उतार कर इसे हाई प्रोफाइल बना दिया है। रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद भी हैं। तेजतर्रार छवि के कारण वह अक्सर चर्चा में भी रहती हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार में वह 2003 में मंत्री भी रह चुकी हैं। कांग्रेस से विधायक गुलाब सिंह कमरो मैदान में हैं।

**पूर्व राज्यसभा सदस्य और महापौर आमने-सामने**

रामानुजगंज सीट से सातवीं बार चुनाव मैदान में उतरे राम विचार नेता भाजपा के बड़े आदिवासी नेताओं में एक हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव के साथ राज्यसभा सदस्य व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में कई बड़े विभागों के मंत्री भी रह चुके हैं। उनके सामने कांग्रेस ने अंबिकापुर के महापौर डा. अजय तिर्की को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर इस बार कांटे का मुकाबला है।

**मंत्री अमरजीत भगत की सीट पर निगाहें**

सीतापुर विधानसभा सीट से खाद्य मंत्री का दायित्व निभाने वाले अमरजीत भगत लगातार पांचवीं बार चुनावी मैदान में है। उनके सामने इस बार भाजपा ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित पूर्व सैनिक राम कुमार टोप्पो को चुनाव मैदान में उतारकर इस सीट को रोचक बना दिया है।

**पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और विधायक शैलेष पांडेय**

बिलासपुर सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल मैदान पर हैं वह वर्ष 1998 से 2018 तक बिलासपुर विधानसभा से विधायक रहे। उनके सामने कांग्रेस से विधायक शैलेष पांडेय दोबारा मैदान में हैं।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष साव और थानेश्वर साहू**

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरुण साव लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी हैं। उनके सामने थानेश्वर साहू चुनावी मैदान में हैं जो कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हैं।



**सक्ती सीट से विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री चरणदास महंत सक्ती विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। भाजपा से डा. खिलावन साहू मैदान में हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जांजगीर-चांपा विधानसभा से लगातार छठवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन बार चुनाव जीते और दो बार पराजित हुए। उनके सामने इस बार कांग्रेस के लिए नए चेहरे के रूप में व्यास कश्यप चुनावी मैदान में हैं।


### प्रदेश की जनता ने सकारात्मकता को चुना है : भूपेश बघेल

दूसरे चरण के मतदान का समापन होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी प्रतिक्रिया देते हुए कहा -प्रदेश की जनता ने च्सकारात्मकताज्ञ को चुना है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के प्रति भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी और फिर पहले की तरह ही मतदाताओं से किए अपने वादे निभाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल सरकार ने जिस तरह किसान, मज़दूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का ख्याल रखा उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला है। उन्होंने युवाओं के उत्साह की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने प्रदेश के कारोबारी वर्ग को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि वे इसी तरह कांग्रेस का साथ निभाते रहे तो जल्द ही छत्तीसगढ़ कारोबार में भी देश में अपना विशिष्ट स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के प्रति भरोसा बरकरार रखने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने जिस उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज पर स्वीकृति की मुहर लगाई है।

### तृतीय लिंग समुदाय ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

प्रदेश में आज दूसरे चरण के मतदान में हर वर्ग बढ़ चढ़ कर इस महापर्व में हिस्सा ले रहा है। वहीं लोकतंत्र को मजबूत करने तृतीय लिंग समुदाय ने भी अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। राजधानी रायपुर में रहने वाले तृतीय लिंग समुदाय के प्रियंका नायक, इश्मिता बघेल व सरला लोंगटे मतदान केन्द्र पहुंचे। जहां उन्होंने अपने मताधिकारों का प्रयोग करते हुए वोट डाला।


# वर्ल्डकप की खुमारी ने बढ़ाया हवाई किराया

## रायपुर से अहमदाबाद के दाम 46 हजार रुपये बढ़े, दिल्ली की टिकटें भी 22 हजार पार

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबंधु)। देशभर में इन दिनों क्रिकेट वर्ल्ड कप की खुमारी छाई हुई है और रविवार को भारत व आस्ट्रेलिया की टीम वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ने वाला है। इस हाइ वोल्टेज मुकाबले को देखने रायपुर से भी काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी अहमदाबाद जा रहे है। इसका असर यह देखा जा रहा है कि रायपुर से दिल्ली फ्लाइट को फुल हो चुकी है और रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया 22 से 28 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। इसके साथ ही रायपुर से अहमदाबाद का हवाई किराया 55 हजार पहुंच गया है। ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि क्रिकेट के प्रति लोगों का जुनून ही इतना बढ़ गया है कि इतनी महंगी टिकट में भी लोग यात्रा कर रहे है। सामान्य दिनों में रायपुर से दिल्ली 6500 से 8500 रुपये और रायपुर से अहमदाबाद 8000.9000 रुपये रहता है। ट्रैवल्स कारोबारी कीर्ति व्यास ने कहा कि दिल्ली व अहमदाबाद की सारी फ्लाइटें फुल जा रही है इसके चलते ही हवाई किराया आसमान पर पहुंचा है। सोमवार से हवाई किराया सामान्य हो जाएगा।





**महंगा किराया देखकर नागपुर होते हुए दिल्ली जा रहे यात्री**

रायपुर से दिल्ली का इतना महंगा किराया के चलते बहुत से यात्रियों को तो टिकट ही नहीं मिल पाई और जिनको मिल रही थी उन्हें इतने महंगे में यात्रा करना सही नहीं लगा। इसके चलते उन्होंने रायपुर से दिल्ली की टिकट न लेकर नागपुर से दिल्ली की टिकट बुकिंग कराई और रायपुर से नागपुर की यात्रा टैक्सी में की। मालूम हो कि रायपुर से दिल्ली के लिए आठ उड़ानें चलती है इनमें से सात इंडिगो की उड़ान है तथा एक विस्तारा एयरलाइंस की है।

**हवाई किराए में इसका भी असर**

क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ ही शादी सीजन भी शुरू होने वाला है और इसके चलते लोगों की यात्राएं काफी बढ़ने लगी है। इसका असर ही हवाई किराए पर पड़ने लगा है। हवाई किराए के साथ ही अहमदाबाद में इन दिनों होटल रूम के किराए में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है। बताया जा रहा है कि वहां होटल किराया भी 25 से 30 हजार रुपये पहुंच गए है।

**बढ़ने लगे हवाई यात्री**

रायपुर विमानतल से हवाई यात्रियों की आवाजाही में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। बीते दस महीनों में रायपुर विमानतल से लगभग 20 लाख से ज्यादा हवाई यात्रियों की आवाजाही हुई है। नवंबर महीने के पंद्रह दिनों में ही लगभग एक लाक यात्रियों ने उड़ान भर ली है।

# भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में हुई मारपीट

## विधायक विकास उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं संग घेरा थाना, पैसे बांटने-पोस्टर फाड़ने को लेकर हुआ था विवाद



**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबंधु)। डीडी नगर थाना क्षेत्र में बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच गुरुवार की रात जमकर मारपीट हुई। कांग्रेस के कार्यकर्ता विनोद कश्यप के सिर में गंभीर चोट आई है। विवाद के बाद विधायक विकास उपाध्याय सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर थाने का घेराव कर दिया। थाने में देररात तक हंगामा चला। विवाद पैसे बांटने और पोस्टर फाड़ने को लेकर हुआ। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस हत्या की कोशिश का अपराध दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपित शुभांकर द्विवेदी पर पूर्व में भी मामले दर्ज हैं। वह तीन बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुका है। डीडी नगर पुलिस के अनुसार विनोद कश्यप उर्फभक्कू की शिकायत पर राजेश ठाकुरए शुभांकर द्विवेदी पर अपराध दर्ज किया गया है। विनोद ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार.शुक्रवार दरमियानी रात सरोना में राजेश शुभांकर और अन्य साथियों ने मारपीट की। मारपीट की घटना में विनोद और उसके दो अन्य साथियों के सिर पर गंभीर चोटें आई है।

**शराब और कंबल बांटने के आरोप**-भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफमतदाताओं को रिझाने के लिए शराब कंबल बांटने का आरोप लगाते हुए एक दूसरे की गाड़ी को रोक रहे थे। इस वजह से दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था।

# मतदाता सूची में नाम होने से कई मतदाता वोट डालने से हुए वंचित

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबंधु)। आज विधान सभा के लिये हुए चुनाव में राजधानी के कई युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित हो गए, क्योकि उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था। इस दौरान पुलिंग बूथों में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व हेल्प डेस्क में मौजूद कर्मचारी भी अपने आपकों उनकी मदद करने असहाय महसूस किया जबकि निर्वाचन आयोग के बताये गए मानदंड के अनुसार जागरूक मतदाता के पास वे सभी दस्तावेज मौजूद थे जो कि एक वोटर को अपने मतधिकार का प्रयोग करते समय अपने पास रखना होता है। बताया गया कि मतदान केन्द्र महिला पॉलीटेकनिक कालेज बैरन बाजार में राजधानी का एक जागरूक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचा उसके पास उसका आधारकार्ड और वोटर आईडी था उसने केन्द्र के हेल्प डेस्क में मौजूद महिला कर्मचारी से कहा कि उसे बूथ क्रमांक की पर्ची नहीं है उसे उसका बूथ क्रमांक बताये इस पर मौजूद कर्मचारी ने उससे उनका मतदाता परिचय पत्र मांग की उसके द्वारा दिया जिसके बाद महिला कर्मचारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुनिश्चित एप के माध्यम से उनका बूथ क्रमांक व नाम ढूढने की कोशिश की लेकिन उन्हें मिला जिसके बाद उस जागरूक मतदाता ने उनसे समस्या का हल पूछा लेकिन उनका साफ और स्पष्ट शब्दों में जवाब था कि मैं अपने बूथ तक सीमित हूॅ इसके बाद हताश परेशान मतदाता केन्द्र के बाहर मौजूद पार्टी से भी इस तरह का निवेदन किया जिसमें वे भी उस जागरूक मतदाता की मदद करने में बेबस नजर आए इस तरह की गडबडियां राजधानी के कई मतदान केन्द्र देखी गई एक पार्टी कार्यकर्ता ने बताया कि उसका पुलिंग बूथ कहीं और है और उसके परिवार अन्य सदस्यों का मतदान केन्द्र कही और है इस तरह की समस्या से न सिर्फ एक मतदाता को बल्कि कई अन्य मतदाताओं को भी इस तरह की समस्या दो चार होना पड़ा इस तरह वे आज अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचति रह गए।

■ **हेल्पडेस्क में बैठे कर्मचारी न कर पाये मदद**

**मुख्यमंत्री के सलाहकार का नाम वोटिंग लिस्ट से कटा, चुनाव आयोग से शिकायत**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मीडिया सलाहकार रूचिर गर्ग का नाम रायपुर पश्चिम सीट के वोटर आईडी लिस्ट से काट दिया गया है इस संबंध में उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत भी कराई है मुख्यमंत्री के सलाहकार कहते है कि कुछ दिनों पहले जब उनके घर प्रत्याशियों द्वारा भेजी जाने वाली पर्ची आई तो उसमें उनके नाम की पर्ची नहीं थी उन्हें लगा कि संभवत: किसी तकनीकी कारण से पर्ची नहीं पहुंची होगी जिसके बाद उन्होंने अपने नाम की पर्ची खोजनी शुरू की लेकिन जब वे अपने नाम की पर्ची लिस्ट में देखने निकले तो पता चला कि उनका नाम यहां से काट दिया गया है और उनका नाम रायपुर से 80 किलोमीटर दूर गुंडरदेही विधानसभा सीट में जोड़ दिया गया ह जिसके बाद उन्होंने चुनाव आयोग में इस संबंध में शिकायत भी की हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी और आज मतदान के दिन वे रायपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर बालौद ज़िले के गुंडरदेही विधानसभा में वोट डालने पहुंचे।

# भारत-आस्ट्रेलिया टी 20 मैच रायपुर में, बीसीसीआई की मुहर

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबंधु)। रायपुरियंस के लिए एक अच्छी खबर हैण् खबर ये है कि अब उन्हें अपने शहर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक और इंटरनेशनल मैच देखने को मिलेगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की सार्थक पहल पर ये संभव हो गया है और यहां भारत आस्टेलिया 20 मैच होने को लेकर बीसीसीआई ने आधिकारिक पुष्टि भी कर दी है। उल्लेखनीय हैं कि टी20 का ये मैच भारत.ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को खेला जाएगा ये मुकाबला पहले नागपुर में होने वाला था छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी ने बताया कि 1 दिसंबर को नागपुर में होने वाला मैच अब रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।

इसको लेकर हमने तैयारी शुरू कर दी है वहीं इसी सीरिज का एक मैच जो हैदराबाद में खेला जाने वाला था वह अब बेंगलुरु में होगा इसकी भी आधिकारिक पुष्टि हो गई है यह सीरिज 23 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच भारत में होगी इंटरनेशनल मैच की बात करें तो इससे पहले इस ग्राउंड में इंडिया.न्यूजीलैंड का टी.20 मैच हो चुका है।



**बेंगलुरु में होगा पांचवां टी20 मैच**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी20 मैच हैदराबाद में खेला जाना था हालांकि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने पुष्टि की है कि तेलंगाना सरकार विधानसभा चुनाव की मतगणना के चलते उस दिन मैच के लिए सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है जिसके बाद इस मैच को बेंगलुरु में कराया जाएगा बता दें कि इस मैच के लिए कटक भी दावेदारी में था लेकिन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ;ज्ञैब्।द्ध पसंदीदा विकल्प हो सकता है

**शहीद वीरनारायण सिंह मैदान भारत का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम**

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, गुजरात 1.10 लाख और ईडन गार्डन, कोलकाता ;68 हजार, के बाद भारत का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम है इसे भारत के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से एक माना जाता है जिसमें खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं इस स्टेडियम में 65,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है

**स्टेडियम में खेले जा चुके हैं कई बड़े मैच**

रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह मैदान में साल 2013 में आईपीएल के दो मैच खेले गए थे इसके अलावा साल 2015 में दूसरी बार यहां आईपीएल व 2016 में घरेलू रणजी ट्राफी के मैच खेले गए थे इसके अलावा मुश्ताक अली टी.20 और टी.20 चैलेंजर ट्राफी के मैच भी खेले गए है।

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने सलिहा एफएसटी के कार्यों का जांच किया

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलिहा स्थैतिक निगरानी दल (एफएसटी) और वनोपज जांच चौकी के कार्यों का जांच किया। इस दौरान श्री सिंह ने एफएसटी दल के कर्मचारियों से जांच के संबंध में जानकारी लिया।



# बलौदाबाजार जिले में 70.70 प्रतिशत मतदान

## लोकतंत्र में सहभागिता निभाने हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह



- स्काउट-गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में किया सहयोग
- सेल्फी जोन में मतदाताओं ने फोटो खींच कर खुशी जाहिर की

**बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्वक मतदान संपन्न हुआ। नगर सहित ग्रामींण क्षेत्र में भी उत्साह पूर्ण लोगों ने मतदान किया। बलौदाबाजार जिले में लगभग 70.70 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। इस बार नये मतदाताओं के अलावा महिलाओं में मतदान करने हेतु जागरूकता दिखाई दी। अधिकांश मतदान केन्द्रों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने हेतु लम्बी लाईन लगी रही। बुजुर्ग मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे। जहां उपस्थित एनएसएस, स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा मतदान स्थल पहुंचानें में सहयोग प्रदान करते हुए देखा गया। नगर के कन्या उ.मा. विद्यालय, चक्रपाणी शुक्ला विद्यालय, रघुनाथ प्रसाद वैष्णव स्कूल के मतदान केन्द्र में महिलाओं की लम्बी लाइने देखी गयी। मतदान के अंतिम समय समाप्त हो जाने के बाद भी लोगों की लाइने रही जिन्हे टोकन देकर कैम्पस अंदर प्रवेश दिया गया जो देर समय तक मतदान किये। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतिजाम था। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने गृह ग्राम पाहंदा (बलौदाबाजार) में मतदान किया। जबकि भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने अपने गृह ग्राम चांपा (सैहा बलौदाबाजार) में मतदान किया।

17 नवम्बर को जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 70.70 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है। अंतिम आंकड़े के अनुसार कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 67.19 प्रतिशत, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 72 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 74.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 68 आदर्श एवं 35 40 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए। संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान दल संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1-1 दिव्यांग एवं में 1-1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ थे, उन्हें चिन्हांकित कर होम वोटिंग की सुविधा दी गई। इसके बाद भी मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आयोग द्वारा ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। इसीतरह दिव्यांग मतदाताओं ने भी कठिनाईयों को दरकिनार कर मतदान केन्द्रों में पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।नये मतदाताओं ने पहली बार किया मतदान-18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था जिनमे अधिकांश कॉलेज के छात्रों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पर उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी। 'विशेष थींम पर बने मतदान केंद्र रहे आकर्षण का केंद्र- इस बार आदर्श मतदान केंद्रों को विशेष थींम पर सजाया गया था जो मतदाताओ के लिए आकर्षण का केंद्र रहा जहां सेल्फी पॉइंट में मतदाता उत्साह के साथ फोटो खिंचाए।महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए संगवारी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची। संगवारी मतदान केन्द्रों के महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत हुआ मतदान

**बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को स्थापना के एक वर्ष के दौरान ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने का अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में और सामान्य प्रेक्षक तापस राय, पवन कुमार, पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा और व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह के जिले में उपस्थिति, सहयोग और मार्गदर्शन में मतदान कार्य शांति पूर्वक संपन्न हुआ। 17 नवंबर को शाम 5 बजे की स्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत, सारंगढ़ विधानसभा-17 में 78.04 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा-43 में 69.18 प्रतिशत मतदान हुआ।

# आंवला नवमी 21 को

## भगवान विष्णु और आंवला पेड़ की होगी पूजा

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी होती है. आंवला नवमी के दिन व्रत रखकर आंवले के पेड़ और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं इस दिन व्रत और पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, इसलिए यह अक्षय नवमी कहलाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला नवमी से आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है और कार्तिक पूर्णिमा तक उसमें श्रीहरि का वास रहता है. इसे अक्षय नवमी और कूष्मांड नवमी भी कहते हैं।



वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 21 नवंबर दिन मंगलवार को तड़के 3 बजकर 16 मिनट पर शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 22 नवंबर बुधवार को 1 बजकर 9 मिनट पर होगा. उदयातिथि के आधार पर इस साल आंवला नवमी 21 नवंबर को मनाई जाएगी।

21 नवंबर को पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 48 मिनट से दोपहर 12 बजकर 7 मिनट तक है. इस दिन पूजा के लिए आपको 5 घंटे से अधिक का समय प्राप्त होगा। उस दिन का शुभ मुहूर्त या अभिजित मुहूर्त दिन में 11 बजकर 46 मिनट से दोपहर 12 बजकर 28 मिनट तक है।

इस बार आंवला नवमी वाले दिन रवि योग बन रहा है. रवि योग रात में 8 बजकर 1 मिनट से बन रहा है, जो अगले दिन सुबह 6 बजकर 49 मिनट तक रहेगा. वहीं पूरे दिन पंचक लगा है।

आंवला नवमी से आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है, इस वजह से आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं और आंवले का भोग लगाते हैं. आंवले को ही प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं. विष्णु कृपा से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें टपकती हैं, इसलिए इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने की परंपरा है. ऐसा करने से सेहत अच्छी रहती है.

आंवला नवमी को भगवान विष्णु ने कूष्मांड राक्षस का वध किया था, इसलिए इसे कूष्मांड नवमी कहते हैं. आंवला नवमी पर कूष्मांड यानि कद्दू का दान करते हैं.

# अल्ट्राटेक छत्तीसगढ़ में 1000 से अधिक ग्रामीणों को दे रही जल सुरक्षा

**रायपुर,** 17 नवंबर। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की छत्तीसगढ़ में स्थित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हिरमी सीमेंट वर्क्स ने एक सामुदायिक तालाब का जीर्णोद्धार करने में मदद की है, जिससे यूनिट के आसपास रहने वाले 1000 से अधिक ग्रामीणों को लाभ हुआ है। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के परसवानी गांव में स्थित यह तालाब गांव की जीवन रेखा है। इसने पीने के पानी के स्रोत से लेकर खेती, पशुपालन और मछली पकड़ने जैसी ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा किया है। समय के साथ, तालाब का तट ढह गया, जिससे तालाब की जलधारण क्षमता में भारी कमी आई। परिणामस्वरूप, पिछले कुछ सालों से, विशेषकर गर्मियों में, ग्रामीणों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा था। तालाब की जल संग्रहण क्षमता 36,000 घन मीटर से बढ़कर 49,000 घन मीटर हो गयी है। पानी की साल भर की उपलब्धता से अब गाँव के 700 से अधिक किसान दोहरी बुआई (रबी और खरीफ फसल) का लाभ ले रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पशुपालन और मछली पकड़ने जैसी अन्य कृषि-आधारित आजीविका अपनाने में भी लाभ हुआ है, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर बन गए हैं। अल्ट्राटेक, आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में सामाजिक पहल करता है, जिसकी अध्यक्ष श्रीमती राजश्री बिड़ला हैं।

# प्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज, कम होगी ठंड



**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में मौसम का मिजाज थोड़ा बदलने वाला है और आने वाले कुछ दिनों में ठंड थोड़ी कम होगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। इन दिनों उत्तर से आने वाली नमी के चलते सुबह.सुबह के साथ ही रात में भी ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक गहरा अवदाब पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी ते ऊपर है। इसके लगातार उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ेत हुए और प्रबल होने की संभावना है। यह बांग्लादेश तट में मंगोल और खेपूपारा के पास 18 नवंबर को टकराने की संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### बलरामपुर सबसे ठंडा 12.5डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

प्रदेशभर में गुरुवार को बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। एआरजी बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस और अंबिकापुर में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।वहीं रायपुर में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा।

# गरियाबंद जिले में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा उत्साह



### राजिम में 71.23 प्रतिशत, बिन्द्रानवागढ़ में 71.02 प्रतिशत, जिले में कुल 71.23 प्रतिशत

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसके साथ ही गरियाबंद जिले के दो विधानसभा राजिम ओर बिन्द्रानवागढ़ के 17 प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो गया। बड़े गोबरा के मतदान केन्द्र को छोड़कर शेष 572 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। राजिम विधानसभा के कुछ मतदान केन्द्रो में आखिरी समय में अधिक भीड़ आने के चलते देर रात आठ बजे तक मतदान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक जिले में शाम बजे की स्थिति में 71 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

इसके पहले मतदान को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह आठ बजे लोकतंत्र का महापर्व शुरू होते ही लोग उत्साह के साथ वोटिंग करने पहुँचे। अपनी बारी का इंतजार करते हुए लोगों ने मतदान किया। मतदान करने के बाद लोगों ने अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया, ताकि बाकी लोग भी मतदान करने प्रेरित हो सकें।

जानकारी के मुताबिक जिले के दोनो विधानसभाओं में मतदान की धीमी शुरूआत हुई, लेकिन धीरे-धीरे वोटिंग का प्रतिशत बढ़ता चला गया। कतारबध्द होकर लोगो ने मतदान किया। इस दौरान महिलाओ, युवाओ, किसानो हर वर्ग में काफी उत्साह नजर आया। पहले घंटे में मतदान का औसत कम रहा है। लेकिन बढ़ते दिन के साथ इसमें तेजी से इजाफा हुआ। दोपहर 11 से 3 के बीच सर्वाधित मतदान हुआ। देर शाम होते आकड़े में फिर कमी आ गई।

**पिछले बार से इस बार मतदान के प्रशिशत में आई कमी**

जिले में 2018 के चुनाव के भांति इस वर्ष भी जिले के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लेकिन आकड़ो के मुताबिक पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस वर्ष मतदान के प्रतिशत में कमी आई। जिले के दोनो विधानसभा में आठ से दस प्रतिशत प्रतिशत मतदान कम हुआ। जानकारी के मुताबिक राजिम विधानसभा में 71.23 प्रतिशत मतदान हुआ है, वहीं बिन्द्रानवागढ विधानसभा में 71.02 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। वही जिले में शाम पांच बजे तक 71.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जबकि 2018 में राजिम विधानसभा में 78 और बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में 83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**देखे कहा कितना मतदान हुआ -**

| समय | राजिम | बिन्द्रानवागढ़ | कुल |
|---|---|---|---|
| 09 बजे तक | 9.7 | 11.3 | 10.5 |
| 11 बजे तक | 18.6 | 18.8 | 18.7 |
| 01 बजे तक | 41.84 | 44.57 | 43.20 |
| 03 बजे तक | 56.16 | 59.16 | 57.66 |
| 05 बजे तक | 71.23 | 71.02 | 71.13 |

# सरायपाली विस में 80 फीसदी से अधिक मतदान

**सरायपाली,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से निपट गया कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है चुनाव लड़ने वालों का भाग्य वोटिंग मशीन में कैद हो गया कांग्रेस से चातुरी नंद भाजपा से सरला कोसरिया जोगी कांग्रेस के किस्मत लाल नंद सहित कुल 8लोग चुनाव मैदान में थे पहले तो त्रिकोणी संघर्ष की स्थिति बन रही थी लेकिन आखरी समय में कांग्रेस व भाजपा के बीच हो गई जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अंतिम 3दिनों में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गए प्रचार प्रसार के अंतिम समय में जोगी कांग्रेस के तीन वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए हार जीत अब भाजपा कांग्रेस के मध्य में होगी दोनो पार्टी के कार्यकर्ता जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा के लोग पांच से दस हजार के बीचजीत का दावा कर रहे हैं तो कांग्रेसी क्लीन स्वीप की बात कर रही है 35हजार से अधिक से जीत का दावा कर रहे हैं आज मतदान केंद्रों में सुबह से ही लोग लाइन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे नगर केमतदान केंद्र क्रम 132में वोटिंग मशीन में खराबी के कारण मतदाताओं की लम्बी लाइन लग गई जो कि अंतिम समय तक रही भाजपा केदूवा सेक्टर में दो से तीन हजार से लीड का दावा कर रही है सरायपाली क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 71.12प्रतिशत मतदान होने की खबर है लिमगांव में 91 फीसदी 677601मत पड़े हैं 677/601इसी प्रकार घाटकाछार में89पड कीपाली88 खैरझिटकी 86बालसी 85सिंघोड़ा 82.42टिभू पाली 875/752राफेल 1058/855पैकिन 774/579कालीदारहा 87त्नचिवराकुटा 711/612चट्टी गिरोला 911/798दुलार पाली 81.96 फीसदी पलसापाली 86.51 फीसदी।

**भाजपा कांग्रेस दोनो पार्टी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं जोगी कांग्रेस दौड़ में शामिल नहीं**

# चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से दो लाख चार हजार नगद, एक स्प्लेंडर दोपहिया बरामद

**राजनांदगांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। 6 नवंबर को प्रार्थी हरीश खण्डेलवाल पिता स्व0 कन्हैया लाल खण्डेलवाल उम्र उम्र 51 साकिन गंज लाईन तिरंगा चौक राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव द्वारा लिखित आवेदन पेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 नवंबर के शाम करीब 5:05 बजे बिजली बिल पटाने व घरेलु सामान लेने बाजार गया था, करीबन 6:12 बजे वापस आकर अपने गंज लाईन तिरंगा चैक स्थित दुकान अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नगदी रकम 4,90,000 रूपये नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एव नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गया नगदी रकम के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर प्रार्थी के दुकान के आसपास तथा शहर में लगे करीब 100-150 सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, सीसीटीव्ही फुटेज में मिले क्लु के आधार पर दो व्यक्ति घटनास्थल के आसपास बाईक से आते-जाते दिखाई देने पर फुटेज को सायबर सेल राजनांदगॉव, दुर्ग, भिलाई को भेजकर पतासाजी कराया गया तथा मुखबीर के माध्यम से भी पता तलाश कराया गया जो उक्त दोने व्यक्तियों को मोहम्मद जुनैद कोहका भिलाई एवं नीरज रंगारी वैशाली नगर भिलाई निवासी होना पता चलने पर उनके सकुनत में पता किया गया जो दोनो को दिल्ली जाने की जानकारी मिली इनके पतासाजी हेतु दोनो के निवास स्थान के आसपास मुखबीर तैनात किया गया जो शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर दोनो संदेहियों को घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर (1) मोहम्मद जुनैद पिता मो0 इमरान उम्र 18 साल 02 माह निवासी भिलाई कोहका इन्दु आई टी स्कुल के सामने दुर्ग (2) नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी उम्र 19 वर्ष साकिन केम्प 01 रोड़ नं. 18 संग्राम चैक, हनुमान मंदिर तीन दर्शन मंदिर के पास वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किये, मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्म्द इमरान के कब्जे से पेश करने पर चोरी के नगदी रकम 1,64,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटर सायकल काले रंग की बिना नंबर व 01 नग पेचकस तथा दूसरा आरोपी नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी के कब्जे से पेश करने पर नगदी 40,000 रूपये जप्त किया गया कुल नगदी रकम 2,04,000 रूपये आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया शेष रकम को खाने-पीने में खर्च करना बताया आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

# आज की शाम लीजेंड सिंगरों के नाम

**रायपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर की प्रतिष्ठित संस्था आईना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आज शाम 6 बजे 'लोकायन' सभागार में 12 लीजेंड सिंगरों द्वारा पुराने नए नगमों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। संचालक कैलाश छाबड़ा ने प्रेस को यह जानकारी दी है।

# रक्षा पाइप्स की नई ब्रांड एंबेसडर बनीं मलाइका

**रायपुर,** 17 नवंबर। पाइपिंग सॉल्यूशंस उद्योग की अग्रणी कम्पनी और शैंड ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के मुख्य ब्रांड, रक्षा पाइप्स ने घोषणा की है कि उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, वीजे, टीवी प्रस्तोता और फिटनेस आइकन मलाइका अरोड़ा को अपनी ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। यह कोलेबोरेशन रक्षा पाइप्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो तेजी से बढ़ते पाइपिंग सॉल्यूशंस बाजार के भीतर उत्कृष्टता और नवीनतम टेक्नोलॉजी लाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रक्षा पाइप्स के प्रबंध निदेशक,संजय शैंड ने कहा, मलाइका अरोड़ा भारत की एक प्रमुख फिटनेस इंफ्लुएंसर हैं,जो स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षा पाइप्स भी उत्कृष्टता और स्थायित्व के लिए प्रतिबद्ध है, और हम मानते हैं कि मलाइका हमारे ब्रांड के मूल्यों को साझा करती हैं।

## विधानसभा चुनाव के नजारे

# राज्यपाल, मंत्रियों, नेताओं, अधिकारियों ने किया उत्साहपूर्वक मतदान

**रायपुर**, 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण में आज 70 विस सीटों के लिए मतदान हुआ। राजधानी रायपुर में राज्यपाल सहित मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। वहीं सुबह से शाम तक लोग निर्वाचन कार्य में जुटे रहे। युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया।



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन ने आज सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल हरिचंदन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के बाद राज्यपाल ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सवेरे रायपुर के



धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपने परिवार सहित मतदान किया। उन्होंने यहां बनाए गए दोनों मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान का अवलोकन भी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया।



जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गार्गी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



जनसंपर्क एवं परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रचना काबरा ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज देवेंद्रनगर के मतदान केंद्र पहुँच कर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जैन के साथ उनकी धर्मपत्नी ऋृतु जैन एवं सुपुत्री अदिति जैन ने भी वोट डाला। मुख्य सचिव जैन ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया।



अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने देवेंद्र नगर मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी वोटर्स से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।




**लोकतंत्र के महापर्व में आज हुए मतदान में बुजुर्ग मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

## मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया मतदान

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान जारी है। लोकतंत्र के इस पर्व में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी रायपुर के दुर्गा कॉलेज मतदान केंद्र में अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र काफी अच्छा और आकर्षक है. जिसे ध्यान में रखकर जनता अपने मत का प्रयोग करेगीद्य

मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों का 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल धान की ख़रीदी, किसानों और महिला स्व सहायता समूह का कर्ज़ा माफ़,



**कांग्रेस की घोषणाओं पर लग रही मुहर, अबकी बार 75 पार**

3200 रुपया में धान की ख़रीदी, महिलाओं को गृह लक्ष्मी योजना के तहत 15,000 रूपये सालाना, 200 यूनिट बिजली फ्री, स्वास्थ्य सुविधाओं को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपये, चत्त से क्क्ष तक नि:शुल्क शिक्षा जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को शामिल किया है, जिन्हे ध्यान में रखकर जनता अपने मत का प्रयोग करेगी

मोहम्मद अकबर ने 'अबकी बार 75' पार का दावा करते हुए कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी कांग्रेस को जनता का पूरा समर्थन मिलेगा।इस बार हम पीछे बार से भी ज्यादा सीट जीतकर सरकार बना रहे है।

## राजेश मूणत ने परिवार के साथ किया मतदान विधायक कुलदीप जुनेजा ने भी डाला वोट


छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 70 सीटों में मतदान जारी है. लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग कर रहे हैं. वहीं चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं. इस बीच रायपुर पश्चिम के भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत ने अपने परिवार के साथ और रायपुर उत्तर के कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा ने भी वोट डाला.




भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत सहपरिवार मतदान करने पहुंचे. मूणत ने मायाराम सर्जन उत्कृष्ट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र में माता-पिता, धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री और बहू के साथ मताधिकार का प्रयोग किया. पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया.

इस दौरान राजेश मूणत ने कहा कि आम जनता से मेरी अपील है. लोकतंत्र के महापर्व पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले. आपका मत प्रदेश के भविष्य को तय करेगा. कांग्रेस सरकार के कुशासन से जनता थक चुकी है. पूरे प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुतमत के साथ सत्ता पर लौट रही है. रायपुर उत्तर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा आदर्श स्कूल में मतदान किया. रायपुर उत्तर विधानसभा सीट में प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा और भाजपा से पुरंदर मिश्रा हैं. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद एवं एमआईसी अजीत कुकरेजा हैं.








**मतदान करने पहुंचे विधायक विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला**

## जनता से भाजपा सरकार के लिए किया मतदान

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज दुर्गा महाविद्यालय, रामसागर पारा में मतदान किया।बृजमोहन अग्रवाल ने घर में पूजा कर भगवान का आशीर्वाद लिया उसके बाद पिता रामजी लाल अग्रवाल, माता श्रीमती पिस्ता देवी, पत्नी श्रीमती सरिता अग्रवाल समेत परिवार के लगभग 50 सदस्यों के साथ दुर्गा महाविद्यालय पहुंच कर मतदान किया।

मतदान के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा के पंडालों पर लगी भीड़ बता रही है कि, छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव का फैसला कर लिया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने ये भी कहा कि, मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह संकेत है कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री का महिलाओं को आरक्षण का तोहफा, महतारी वंदन योजना, लाडली लक्ष्मी, 500 रुपए में गैस सिलेंडर आदि योजनाएं महिलाओं को पसंद आ रही है उसका ही नतीजा है कि महिलाओं ने मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



**बृजमोहन अग्रवाल ने किया सपरिवार मतदान**

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की जनता घोटालेबाजों और अपराधियों से परेशान हो चुकी है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर वो अपराधियों की कमर तोड़ेंगे और उनके खिलाफ बुलडोजर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रदेश की जनता ने एक दमनकारी कांग्रेस सरकार की रवानगी छत्तीसगढ़ से तय कर दी है। उन्होंने कहा कि अपने भ्रष्टाचार के पैसों के दम पर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा सीटों को प्रभावित करने का भरपूर प्रयास किया। गुंडागर्दी की। परंतु छत्तीसगढ़ की भोली भाली परंतु ईमानदार जनता उनके जाल व भय में न फंसते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दे दिया है। आने वाली 3 दिसंबर के बाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा के सुशासन की वापसी होगी और छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा, उनके अवैध कामों पर बुलडोजर चलाया जाएगा।

**रायपुर की जनता से मेरा संबंध अटूट है कोई राजनीतिक ताकत इसे नहीं तोड़ सकती:** इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने बाहुबल और गुंडों की फौज के बदौलत व्यक्तिगत संबंधों से बनी उनकी खड़ी फसल चुराने की कोशिश करती रही। परंतु भाजपा के जांबाज निष्ठावान सिपाहियों के आगे उनकी एक न चली। साथ ही उन्होंने कहा कि रायपुर की जनता से मेरा संबंध अटूट है। दुनिया की कोई भी राजनीतिक ताकत इसे नहीं तोड़ सकती।

## महादेव घाट पर नहाय खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिवसीय छठ पूजा आज नहाय खाय विधि के साथ शुक्रवार से प्रारम्भ हो गया है। छठ व्रती नहाए-खाय के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान किया और साफ-सुथरे कपड़े पहनकर शाकाहारी भोजन किया। लोहंडा एवं खरना कल शनिवार संध्या नवम्बर 18 को होगा। कल लोहंडा एवं खरना विधान के बाद छठ व्रती का 36 घंटे के निर्जला उपवास प्रारम्भ हो जायेगा। संध्या अर्घ्य रविवार 19 नवम्बर को होगा और उषा अर्घ्य सोमवार 20 नवम्बर को होगा।

**लोहंडा व खरना के साथ आज से 36 घंटे का निर्जला उपवास**

महादेव घाट छठ महापर्व आयोजन समिति रायपुर के प्रमुख राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व आज शुक्रवार को नहाय-खाय से प्रारंभ हुआ। इस वर्ष नवम्बर 17 से 20 तक पूरे भारत सहित विश्व में छठ महापर्व हर्षोल्लास एवं परम्परा के साथ मनाया जा रहा है।

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के सदस्यों एवं रायपुर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने आयोजन प्रमुख राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह को खारुन नदी एवं महादेव घाट की सफाई की। समिति के सदस्य आज सुबह 6 बजे महादेव घाट पहुंचे और अपना श्रम दान कर खारुन नदी के किनारे घाट की सफाई की। बड़ी मात्रा में कचड़े खारुन नदी से निकाले और घाट की सफाई की। समिति के सदस्य सुनील सिंह, कन्हैया सिंह, सत्येंद्र सिंह गौतम, परमानन्द सिंह, रामविलास सिंह, जयंत सिंह, बृजेश सिंह, अमरजीत सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह, जयप्रकाश सिंह, मुकुल श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, सरोज सिंह, अजय शर्मा, संजय सिंह, वेद नारायण, मदन विश्वकर्मा, संजय तिवारी, संजीव सिंह, राकेश सिंह, एवं अन्य सदस्यों ने अपना श्रम दान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 नवम्बर को संध्या में महादेव घाट पर आयोजित किया जायेगा।समिति के द्वारा महादेव घाट पर संध्या महाआरती नवम्बर 19 को आयोजित की जाएगी। 19 नवम्बर को रात्रि में भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उषा अर्घ्य के बाद, समिति के द्वारा महा भंडारे का आयोजन महादेव घाट पार्ट 20 नवम्बर को सुबह में किया जायेगा।

## बहुमत के साथ फिर बनेगी कांग्रेस सरकार : दीपक

**रायपुर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुन: सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला। विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले और कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा। मोदी की गारंटी एवं भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को विगत 5 वर्षो के कार्यकाल में निभाया है, जनता का



भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है। मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिये छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था लेकिन असफल रहे। प्रदेश की जागरूक मतदाता भाजपा के बहकावे में नहीं आयी। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार का नाम मतदाता सूची से कटा

**रायपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मीडिया सलाहकार रूचिर गर्ग का नाम रायपुर पश्चिम सीट के वोटर आईडी लिस्ट से काट दिया गया है इस संबंध में उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत भी कराई है मुख्यमंत्री के सलाहकार कहते है कि कुछ दिनों पहले जब उनके घर प्रत्याशियों द्वारा भेजी जाने वाली पर्ची आई तो उसमें उनके नाम की पर्ची नहीं थी उन्हें लगा कि संभवत: किसी तकनीकी कारण से पर्ची नहीं पहुंची होगी जिसके बाद उन्होंने अपने नाम की पर्ची खोजनी शुरू की लेकिन जब वे अपने नाम की पर्ची लिस्ट में देखने निकले तो पता चला कि उनका नाम यहां से काट दिया गया है और उनका नाम रायपुर से 80 किलोमीटर दूर गुंडरदेही विधानसभा सीट में जोड़ दिया गया ह जिसके बाद उन्होंने चुनाव आयोग में इस संबंध में शिकायत भी की हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी और आज मतदान के दिन वे रायपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर बालौद ज़िले के गुंडरदेही विधानसभा में वोट डालने पहुंचे उन्होंने जागरूक मतदाता का परिचय देते हुए ग्राम झींका जाकर भी वोट डाला जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट में ही वोट डाला।

## रायपुर दक्षिण प्रत्याशी विजय झा ने मतदान किया

**रायपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी पं विजय कुमार झा अधिवक्ता द्वारा मताधिकार का प्रयोग कर मतदान उत्सव में शामिल होने वाले सभी मतदाता भाई बहनों नए मतदाता युवकों को कहा कि रायपुर दक्षिण में धन बल पर जन बाल की विजय होगी। जनता लोकतंत्र में भगवान होता है। लोक का तंत्र या जन का तंत्र सदा विजयी रहेगा। जिस हिसाब से भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों ने पानी की तरह पैसा बहाया, जनता को मालूम है कि यह पैसा छत्तीसगढ़ के जनता की खून पसीने की कमाई का है। इसलिए तेरा तुझको अर्पण क्या लगे मेरा की नीति के तहत जनता ने स्वीकार जरूर किया। लेकिन अंततोगत्वा सत्य की विजय होगी। रायपुर दक्षिण के चुनाव संचालक संतोष कुशवाहा, सागर क्षीरसागर, आर एस ठाकुर, रेवा राम देवांगन, वीरेंद्र पवार, विपिन चतुर्वेदी, सलमान खान, रघुनाथ यादव, विनोद चंद्राकर, एकांत अग्रवाल, नरेंद्र ठाकुर, संजीव ढाबरे, रेखा अग्रवाल, मनीष सारथी, चित्रकांत अग्रवाल, राजेंद्र डागा, गौरव झा आदि ने अपने अपने क्षेत्र में मतदान केदो पर पैनी नजर रखे हुए थे।



उल्टा पुल्टा

पति- फेसबुक पर उलझा हुआ था, पत्नी रोमांटिक मूड में थी!
पत्नी- आई लव यू
पति-कोई नई बात हो तो बताओ

पत्नी- मै मां बनने वाली हूं
पति- अच्छा.. और कोई नई बात।
पत्नी (चिढ़कर)- बच्चे के बाप तुम नहीं हो.!
पति के होश उड़ गए।

# भारी उत्साह के साथ जिले में शांतिपूर्ण मतदान

## प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक जिले में औसत 65.7 फीसदी मतदान, सर्वाधिक मतदान पाटन में सबसे कम वैशाली नगर में






**दुर्ग,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक संकलित जानकारी अनुसार जिले में 65.07 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया गया है। अंतिम समाचार लिखते तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम जानकारी संकलित की जा रही है। जिले में विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन में 75.54 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 69.00 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 62.80 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 63.54, 66-वैशालीनगर में 53.00 प्रतिशत तथा 67 अहिवारा में 67.77 अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा। मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट में दर्ज किया।

छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अंतर्गत आज दुर्ग जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों में नई सरकार बनाने को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। सुबह 8 बजे से ही मतदाता वोट डालने मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। इनमें पहली बार वोट डालने वाले युवक युवतियों की संख्या ज्यादा थीं। लगभग साढ़े 12 बजे तक यह भीड़ इतनी अधिक थी कि लोगों को घंटों लाईन में लगकर अपने मतदान की पारी का इंतजार करना पड़ा। यह भीड़ शाम को साढ़े 6 बजे तक मतदान केन्द्रों में देखी गई।

**बुजुर्गो के लिये व्यवस्था की भारी कमी :** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में जानकारी दी गई थी कि प्रत्येक मतदान केन्द्रों में वद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये व्हील चेयर अथवा मददगार की व्यवस्था की जायेगी मगर यह व्यवस्था कही भी नजर नहीं आई। रिटर्निंग आफिसर ने कही सदाशयता दिखाई तो वृद्ध या विकलांग को पहले मतदान का अवसर दे दिया अन्य लोग भीड़ में ही धक्के खाते रहे। यहां तक कि सबके सबसे आधुनिक सेंटर समझे जाने वाले विश्वदीप स्कूल में भी व्हील चेयर नहीं थी। जो वृद्ध मतदाता अपने साथ किसी मददगार को लेकर पहुंचे थे उन्होंने अधिकारियों से कहकर अपने बुजुर्ग का वोट प्राथमिकता से डलवा दिया। अन्य लोग भटकते रहें। मतदान केन्द्रों में इस बार पिनड्राप साइलेंट की स्थिति बनी रही। यहां पर जोर शोर से क्या सामान्य तौर पर बातचीत करने वालों को कड़ाई से रोक दिया जाता रहा। यहां तक कि लोग कानाफूसी भी नहीं कर पा रहे थे।

**मजमा भी नही लगने दिया :** आम तौर पर मतदान करके लौटने वाले व्यक्ति से लोग बाहर निकलने पर पूछताछ करने लगते या मतदान करने जा रहे लोगों से भी पूछताछ की जाती जिसे एक्जिट पोल का नाम दिया गया। इस बार यदि किसी मीडिया कर्मी या प्रेस रिपोर्टर ने ऐसा कोई प्रयास किया तो उसे वहां उपस्थित पुलिस अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के लोगों ने न केवल रोक दिया बल्कि परिसर से बाहर तक खदेड़ दिये गये। यह नजारा नेहरू स्कूल, तकियापारा स्कूल परिसर सहित अन्य स्थानों पर देखा गया। इस तरह एक्जिट पोल का प्रयास विफल होने के कारण किसी की हार जीत को लेकर दावे प्रतिदावे का बाजार ज्यादा सरगर्म नहीं हो पाया। आम तौर पर लोग कांग्रेस या भाजपा की जीत के दावे अपनी पसंद नापसंद के आधार पर ही करते रहे। इनमें भी ज्यादातर मीडिया से जुड़े थे।

**पर्चियां नहीं बंटी, लोग भटकते रहें :** इस बार के चुनाव में सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात मतदान की पूर्व संध्या तक घरों घर मतदान पर्चीयां न बंट पाने की रही। पूर्व के चुनावों में नगर निगम से लेकर लोकसभा तक मतदान से पूर्व तक प्रत्येक मतदाता के यहां प्रत्याशी की अपील, चुनाव चिन्ह व मतदाता पर्चियां पहुंच जाया करती थी। इस बार ऐसा कुछ नहीं हो पाया। इसकी एक बड़ी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदाताओं ने डाली आहुति, बेमेतरा में जमकर दिखा उत्साह

### देर रात तक जारी रहा मतदान, 78 से 80 फीसदी मतदान, मतदाताओं की उमड़ी भीड़, महिलाओं ने भी जमकर डाले वोट

**बेमेतरा।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी कर ली गई विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल बेमेतरा जिले की तीनों सीटों पर मतदान कराया गया। इनमें सबसे अधिक मतदान बेमेतरा विधानसभा में देखने को मिला जहां कुल 78 फ़ीसदी से अधिक वोटरों ने अपने मत का प्रयोग होना संभावित है। आधिकारिक रूप से प्रशासन ने समाचार लिखे जाने तक जिले मैं कितने प्रतिशत मतदान हुआ है पोलिंग बूथ केदो से जानकारी नहीं आने की चलती नहीं मिल पाई हालांकि शाम 5 बजे तक निर्वाचन कार्यालय ने 72.63फीसदी तक मतदान होने की जानकारी दी थी इसके अलावा इस बात की भी जानकारी दी गई कि लगभग 8त्न और बढ़ेंगे जिससे या अनुमान लगाया जा रहा है कि जिले में इस बार 78 से लेकर 80फीसदी तक मतदान हुआ है

शाम 5 बजे तक दी गई जानकारी के अनुसार बेमेतरा विस में सबसे ज्यादा 73.44 फ़ीसदी मतदान रहा |दूसरी हाई प्रोफाइल सीटों में शामिल साजा विधानसभा में 72 .62फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला चुके थे। वही नवागढ़ विस में 73 फ़ीसदी मत का



प्रयोग किया गया है। 5 साल बाद अपनी प्रदेश सरकार चुनने का अवसर मिला तो सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मतदान केन्द्र तक पहुंचने लगे थे। महिलाओं और युवाओं में अधिक उत्साह नजर आया वहीं बुजुर्ग मतदाता भी वोट डालने से नहीं चुके।

**नए वोटर भी बड़ी संख्या में दिखे**

विधानसभा चुनाव को लेकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में भी जोरदार उत्सुकता देखने को मिली। ज्ञात हो की 3 तीनो विधानसभा सीट में करीबन 25 हजार मतदाता ऐसे थे जो पहली बार मतदान करने वाले थे इनमें सबसे अधिक नए मतदाताओं की संख्या बेमेतरा और साजा विधानसभा में थी। नए मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी नए मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए लगातार कैंपेन करते हुए नजर आए।

**मतदान के दौरान ईवीएम मशीन की धीमी गति से मतदाताओं में रही नाराजगी**

विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के तीनों विधानसभाओं में करीब कई स्थानों में ईवीएम मशीनों के खराब होने और धीमी गति से चलने के कारण प्रशासन के पसीने छूट गए। मतदाताओं में भी आक्रोश की स्थिति नजर आई और काफी धीमी गति से वोटिंग हो सकी। जिसके चलते कई बूथों के सामने मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई वहीं कई मतदाता बिना वोट डाले ही लौट गए। इसके अलावा कई पोलिंग बूथों में देर रात तक वोटिंग की प्रक्रिया भी जारी रही

**बूथों में तैनात रहे नेता व कार्यकर्ता**

मतदान से पूर्व ही प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ने मतदान केंद्र के बाहर अपने-अपने पंडाल लगाए हुए थे जहां से मतदाताओं को मतदाता पर्ची इत्यादि उपलब्ध कराने मदद कर रहे थे। पूरे चुनावी गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए थे। कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंप की थी वह उसे करने व्यस्त बने रहे। इसके अलावा पोलिंग बूथ में प्रत्याशी भी भ्रमण करने पहुंचे और मतदान की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

## वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम से 743 मतदान केंद्रों पर नजर

**दुर्ग,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतदान दिवस वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम बनाया गया। 22 कर्मचारीयों की ड्युटी लगाई गई। जिससे जिले में हो रहे मतदान व मतदान केंद्रों की निगरानी की जा रही थी। यह कार्य सुबह 5 बजे से प्रारंभ किया गया जो मतदान कार्य समाप्ति तक निरंतर की गई। चिप्स की निदेशक श्रुति अग्रवाल ने बताया कि जिले के कुल 743 मतदान केंद्रों में निगरानी की गई। जीपीएस सिस्टम के माध्यम से इवीएम मशीन की ट्रेकिंग की गई तथा बसों के मार्गों की जानकारी भी ली गई। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज ने बताया कि वेबकास्टिंग के दौरान निर्वाद रूप से कार्य सुचारू रूप से चला। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई।




## कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान

**दुर्ग,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने आज सवेरे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीण सपत्निक डॉ. कल्पना जोसेफ पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने मतदान देने के बाद सेल्फी जोन में जाकर पत्नी के साथ सेल्फी ली। साथ ही एसपी ने भी सेल्फी जोन में सेल्फी ली। इसके साथ ही जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



**कमिश्नर ने किया मतदान :** संभागायुक्त जनक प्रसाद पाठक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं पूर्व दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा सपत्निक पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में मतदान किया। मतदान देने के बाद सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी ली। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## पहले मतदान फिर काम कलेक्टर ने किया मतदान



**बेमेतरा।** कलेक्टर पी.एस ने आज सवेरे ज़िला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। कलेक्टर सवेरे मतदान पहुंच गये थे। कलेक्टर ने लाईन में लगकर अपनी बारी पर मतदान किया। इसके बाद वोटर सेल्फी जोन जाकर सेल्फी ली। इसके बाद वह जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।



## 90 वर्षीय सूरजबाई ने परिवार संग किया मतदान

**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजा में 90 वर्षीय श्रीमती सूरज बाई जैन ने अपने पूरे परिवार संग पूरे उत्साह के साथ मतदान केंद्र जाकर मतदान किया।

# चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से दो लाख चार हजार नगद, एक स्प्लेंडर दोपहिया बरामद




**राजनांदगांव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। 6 नवंबर को प्रार्थी हरीश खण्डेलवाल पिता स्व0 कन्हैया लाल खण्डेलवाल उम्र उम्र 51 साकिन गंज लाईन तिरंगा चौक राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव द्वारा लिखित आवेदन पेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 नवंबर के शाम करीब 5:05 बजे बिजली बिल पटाने व घरेलु सामान लेने बाजार गया था, करीबन 6:12 बजे वापस आकर अपने गंज लाईन तिरंगा चैक स्थित दुकान अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नगदी रकम 4,90,000 रूपये नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 849/23 धारा 379 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा-निर्देश एव नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी गया नगदी रकम के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर प्रार्थी के दुकान के आसपास तथा शहर में लगे करीब 100-150 सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, सीसीटीव्ही फुटेज में मिले क्लु के आधार पर दो व्यक्ति घटनास्थल के आसपास बाईक से आते-जाते दिखाई देने पर फुटेज को सायबर सेल राजनांदगॉव, दुर्ग, भिलाई को भेजकर पतासाजी कराया गया तथा मुखबीर के माध्यम से भी पता तलाश कराया गया जो उक्त दोने व्यक्तियों को मोहम्मद जुनैद कोहका भिलाई एवं नीरज रंगारी वैशाली नगर भिलाई निवासी होना पता चलने पर उनके सकुनत में पता किया गया जो दोनो को दिल्ली जाने की जानकारी मिली इनके पतासाजी हेतु दोनो के निवास स्थान के आसपास मुखबीर तैनात किया गया जो शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर दोनो संदेहियों को घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर (1) मोहम्मद जुनैद पिता मो0 इमरान उम्र 18 साल 02 माह निवासी भिलाई कोहका इन्दु आई टी स्कुल के सामने दुर्ग (2) नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी उम्र 19 वर्ष साकिन केम्प 01 रोड़ नं. 18 संग्राम चैक, हनुमान मंदिर तीन दर्शन मंदिर के पास वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकर किये, मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद इमरान के कब्जे से पेश करने पर चोरी के नगदी रकम 1,64,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटर सायकल काले रंग की बिना नंबर व 01 नग पेचकस तथा दूसरा आरोपी नीरज रंगारी पिता शंकर रंगारी के कब्जे से पेश करने पर नगदी 40,000 रूपये जप्त किया गया कुल नगदी रकम 2,04,000 रूपये आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया शेष रकम को खाने-पीने में खर्च करना बताया आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

दोनो आरोपी आदतन अपराधी है आरोपी मोहम्मद जुनैद के खिलाफ थाना लालबाग जिला राजनांदगॉव में अपराध क्र0 319/23 धारा 454,380 भादवि0 व थाना जामुल भिलाई जिला दुर्ग में अपराध क्रमांक 230/23 धारा 380 भादवि0, थाना बालोद जिला बालोद में अप0 क्र0 507/23 धारा 454,380 भादवि0 एवं दूसरा आरोपी नीरज रंगारी के खिलाफ थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग के अपराध क्रमांक 61/22 धारा 294,323,506 भादवि0 एवं थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग अपराध क्र0 184/23 धारा 34(सी) आबकारी एक्ट दर्ज कर चालान किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि0 दरबारी राम तारम, सउनि द्वारिका प्रसाद, प्र0आर0 संदीप चैहान, जी0 सिरिल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, अविनाश झा अमित सोनी एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## भारतीय पब्लिक स्कूल में आज बाल मेला

**डोंगरगाँव,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल में सबके प्रिय और बच्चों के चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू के याद में 18 नवंबर शनिवार को प्रात: 11 बजे से बाल मेला का आयोजन किया जायेगा।

संस्था प्राचार्य श सुनील कुमार पाण्डेय् एवम कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर ने बताया की कक्षा 1ली से लेकर कक्षा 12 वीं तक के बच्चों ने पालकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजन स्टाल लगायेगें साथ ही मनोरंजन के लिये भूत बंगला, डीजे डांस भी रखा जायेगा।



## आचार संहिता का पालन कर मां लक्ष्मी का विसर्जन


**बेमेतरा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए बेमेतरा जिला के मोहभठ्ठा वार्ड नंबर 06 में जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति के द्वारा सेवा गीत गाते हुए विसर्जन किया गया।

## अंबिका फ्यूल में मनाया दीवाली मिलन

**बेमेतरा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। ए.वी.एम. कवर्धा जिले के एरिया सेल्स मैनेजर श्री फणेंद्र चंद्राकर सर द्वारा अंबिका फ्यूल्स कोबिया चौक बेमेतरा में दिवाली मिलन का कार्यक्रम रखा था जिसमें कवर्धा जिले बेमेतरा जिले के समस्त डीलर ए.वी.एम. स्टाफ उपस्थित थे सर के द्वारा इंडियन ऑयल परिवार के तरफ से सभी को उपहार देकर दिवाली की शुभकमनाये दी।



# दूसरे चरण के चुनाव में लोगों में भारी उत्साह









**भिलाईनगर** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के मतदान आज सुबह 8 से शुरु हुआ। आज शुक्रवार को सुबह से ही मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतारें लगा कर खड़े हैं। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 5 के बूथ में मतदान किया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने गृहग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यामिक स्कूल ग्राम पंचायत पाऊवारा में सुबह 8 बजे बुथ क्रमांक. 206 में सुबह सुबह मतदान किया। पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने सेक्टर 9 मिडिल स्कूल के मतदान किया। निगम कमिश्नर

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदा में शाम 5 बजे तक लगभग 65 प्रतिशत मतदान किये जाने की जानकारी मिली है। शासकीय आकड़ों की बात कही जाये तो इसमें कुछ परिवर्तन हो सकता है। वैशाली नगर में 63 प्रतिशत, पाटन में 67 प्रतिशत, तथा अहिवारा में लगभग 68 प्रतिशत मतदात हुआ है। अपन अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथों में आम जनता के साथ कई जन प्रतिनिधियों ने वोट डाला हैं। राजनीतिक पार्टी के नेता, प्रत्याशी समेत अधिकारी-कर्मचारी भी आम जनता के बीच कतार में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





जिले में मुख्य मुकाबला कांग्रेस, भाजपा और जोगी कांग्रेस के बीच है। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक द्वितीय चरण के मतदान में कई हाई प्रोफाइल सीटें भी शामिल हैं। जहां सीएम भूपेश बघेल, सासंद विजय बघेल,भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी पूर्व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, रिकेश सेन, मुकेश चन्द्राकर, मनीष पाण्डेय, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, भिलाई के प्रत्याशी जहीर खान, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण अग्रवाल व उनकी पत्नि श्रीमती अनिता अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अहिवारा के पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, वर्तमान अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, हैवी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के संचालक इंद्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह सहित निगम आयुक्त भिलाई रोहित ब्यास, रिसाली आयुक्त अशीष देवांगन, भिलाई चरोदा आयुक्त श्री त्रिपाठी सहित पुलिस अधिकारियों ने अपने मत का उपयोग किया। । चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे।

उल्लेखनीय है कि मतदान क्रमांक-65 भिलाई नगर के लिए 167 मतदान केन्द्र, वैशाली नगर विधानसभा के लिए 242 मतदान केन्द्र एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लिए 259 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 14 लाख मतदाता तथा तृतीय लिंग 55 मतदाता है।



विधानसभा क्षेत्र पाटन के कुल मतदाता 2,16, 661 है जिसमें पुरूष मतदाता 1,07,574 एवं महिला 1,09,086 तथा भिलाई नगर में कुल मतदाता 1,68,345 है। जिसमें मतदाता पुरूष 84,500 एवं महिला 83,842 तथा मतदाता है। विधानसभा वैशाली नगर में कुल मतदाता 2,50, 471 है। जिसमें पुरूष 1,25,410 एवं महिला 1,25,050 तथा अन्य 11 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र अहिवारा में कुल मतदाता 2,44,255 है। जिसमें मतदाता पुरूष 1,20,942 एवं महिला 1,23,301 व अन्य 12 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र पाटन, भिलाई नगर, वैशाली नगर एवं अहिवारा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग कर्मियों द्वारा



प्रबंधित मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केंद्र व युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की गई है।

भिलाई निगम के वार्ड.1 खम्हरिया के बूथ क्रमांक में मशीन खराब होने की वजह से मतदान शुरू नहीं हो पाया । स्थानीय लोगों की माने तो 100 से ज्यादा लोग कतार में खड़े हैं। मतदान कर्मियों से मशीन को सुधरा तब जाकर मतदान शुरु हो सकता। वही भिलाई विधानसभा क्षेत्र के छावनी क्षेत्र के स्कूल विधायक देवेन्द्र यादव के भाई धर्मेन्द्र यादव नें पक्षपात का आरोप लगाते हुए मतदान स्थल पर ही धरने पर बैठ गये। उन्होनें कहा कि उनकी मांग थी की, किसी को भी मतदान स्थल पर 10 मीटर की दूरी पर रखा जाये। उनकी बातों को वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने मान लिया जिसके बाद उन्होनें अपना धरना लगभग आधे घंटे के बाद समाप्त कर दिया। वही खुर्सीपार जोन-2 में आपसी विवाद के कारण तानव की स्थिति निर्मित हो गई थी। किन्तु पुलिस बल ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को सामान्य किया। आज हुए चुनाव शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ। पुरे मतदान केन्द्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिलाधीश डॉ पुष्पेन्द्र मीणा वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक राम गोपाल गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, ग्रामीण अनंत साहू सहित नगर पुलिस अधिक्षक, थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में गश्त लगाते रहे। वरिष्ठ श्रमिक नेता एच.एस.मिश्रा ने व्हील चेयर में मतदान किया।

## पूर्ण बहुमत के बनेगी कांग्रेस की सरकार : भूपेश

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान में जिले की पाटन विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने यहां के शासकीय प्राथमिक शाला कुरूदडीह में मतदान किया। इस दौरान कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने कहा, हमारे पास 75 से ज्यादा सीटें हैं। यहां लड़ाई एकतरफा है। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सीएम बघेल के साथ उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, बेटी स्मिता बघेल, दीप्ति बघेल, पुत्र चैतन्य बघेल एवं बहू भी मतदान करने पहुंची हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल ने कहा, कांग्रेस की सरकार बन रही है जैसे हमारे मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोल रहे हैं कि 75 पार होगा तो बिल्कुल 75 ही पार होगा। चैतन्य बघेल अपने पिता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ, मां मुक्तेश्वरी बघेल, बहन स्मिता बघेल, दीप्ति बघेल, एवं पत्नी के साथ मतदान करने पाटन के प्राथमिक शाला कुरूदडीह में मतदान करने पहुंचे। वहीं इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेटी स्मिता बघेल ने कहा, लोग काफी उत्साहित हैं और सरकार के काम से खुश हैं और इसीलिए मैं बहुत आश्वस्त हूं। आज छत्तीसगढ़ में किसान खुशहाल हैं, उन्हें धान का अच्छा दाम मिल रहा है। कांग्रेस सरकार ने भरोसा कमाया है। उन्होंने जो वादा किया है वो पूरा किया है। भूपेश बघेल ने कहा कि पुरे प्रदेश में लोगों ने मतदान में जो हिस्सा लिया है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। उन्होनें कहा कि इस बार भी कांग्रेस की प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार आयेगी। आम जनता भाजपा को चुनाव में करारा जवाब देगी।

## नहाय खाया के साथ छठ महापर्व शुरु

**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश और बिहार का सबसे बड़ा त्यौहार छठ पूजा होती खरना कार्तिक मास की पंचमी को नहा, खा, के बाद आता है खरना को लोहंडा भी कहा जाता है। खरना खास होता है क्योंकि इसमें दिनभर व्रत रखकर रात में खीर प्रसाद ग्रहण करते हैं चार दिन का त्यौहार होता है छठ। छठ का पर्व केवल व्रत ही नहीं बल्कि एक कठिन तपस्या है या बी वर्त केवल एक.दो दिन का नहीं बल्कि चार दिन का होता है। इसमें पहला दिन नहा, खा, दूसरा दिन खरना तथा तीसरा दिन शाम को अर्घ्य के और चौथे दिन सुबह आर्ध्य देकर ग्रहण किया जाता है। व्रत रखने वाली महिलाएं बहुत पवित्रता से व्रत करती है और उन्हें पर्ववैतिन कहा जाता है है और इसकी शुरुआत आज नहाय खाय के साथ शुक्रवार को लोक आस्था के महापर्व की शुरुआत हो गई। शुक्रवार को महिलाओं ने व्रत रखा और शाम को मिट्टी के चूल्हे पर प्रसाद बनाया। अरवा चावल, चने की दाल, कद्दू, लौकी की सब्जी लहसुन प्याज रहित तैयार की गई। व्रती लोगों ने परिवार के साथ भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को खरना पूजन के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व की समाप्ति होगी। मान्यता है कि जो महिलाएं छठ के नियमों का पालन करती हैं, छठी माता उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। छठ पूजा में सूर्य देव का पूजन किया जाता है। आज महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम को खरना पूजन करेंगी। चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी। खीर को स्टील के बर्तन में ना बनाकर केवल मिट्टी तथा पीतल के बर्तन में बनाया जाता है।



प्रसाद बनाते समय चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाई जाती है। खाना पकाया जाता है दूसरे पेड़ों की लकडियोंका इस्तेमाल नहीं किया जाता है ठेकुआ का प्रसाद कुल देवता और छठ मइया को अर्पित किया जाएगा। घरों में छठ मइया का अखंड दीप जलाकर मनौती की जाएगी। सूर्य षष्ठी पर छठ मइया की पूजा की जाएगी। घाटों पर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ महापर्व में महिलाएं व घर का हर सदस्य चार दिन तक सात्विक भोजन ग्रहण करता है।

## निगम का मतदान के लिए जागरुकता अभियान सफल रहा

**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत निगम द्वारा गली मोहल्लो तथा सार्वजनिक खुले स्थान पर जागरुकता अभियान चलाया गया था। जो आज हुई भारी मतदान के बाद सफल माना जा रहा है। जागरुकता अभियान के तहत अलग अलग तीथि में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से जुड़े भिलाई निगम क्षेत्र के महिला स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने पंक्तिबद्ध होकर अन्य महिलाएं उनसे जुड़ने लगी जो एक मानव श्रृंखला का रूप लेकर सभी ने शपथ लिए कि भव मुक्त होकर बिना किसी भेदभाव के जाति वर्ग से उपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करेगे। सैंकड़ों युवाओं ने रन फॉर वोट के लिए दौड़ लगाई। खुर्सीपार श्रीराम चौक स्थित मैदान में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भिलाई नगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यासए एसडीएम जागेश्वर कौशलए खेल विभाग के एक्का, के नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने वोट लिखे हुए आकृति में खड़े होकर अनिवार्य रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र को मतबूत करने में अपना सहयोग करने हेतु मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य है हम निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को मतदान करने का शपथ लिए। लगभग 2 किलोमीटर की दौड़ लगाई इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने नारे भी लगा रहे थे। मतदान करने तथा अपने घर परिवार के सभी सदस्यों व रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ लिए। बाईक रैली, मतदान केन्द्रों में श्रमदान सिविक सेंटर में निर्वाचन के थीम पर कल्चरल इवनिंग का आयोजन, मशाल यात्रा महिलाओं एवं युवतियों के द्वारा रंगोली बनाने व दीपोत्सव का आयोजन किया गया था। जिससे यह प्रतीत होता है, कि निगम आयुक्त रोहित ब्यास व निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन का प्रयास लगभग पूर्ण रुप से सफल रहा।

## लाईन लगाकर मुख्यमंत्री भूपेश ने किया मतदान



**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव में आज हुए मतदान में लगभग सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लम्बी लाईन देखी गई। मतदान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा अपने गृह ग्राम कुरूदडीह में परिवार के साथ लम्बी लाईन लगाकर मतदान किया। इसके अलावा लोकसभा सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे भिलाई नगर कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने कतार पर खड़े होकर मतदान किया। प्रदेश के दिग्गज राजनेताओं को लाईन में खड़ा देखकर उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। आज हुए चुनाव के दौरान कांग्रेस व भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया। मतदान के लिए अपनी बारी का कतारबद्ध हो इंतजार करते नेताओं ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने भिलाई में मतदान किया। कांग्रेस भिलाई जिला अध्यक्ष और वैशाली नगर विधानसभा प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर ने नेहरू नगर में अपना मतदान किया तो रिकेश सेन ने वैशालीनगर में अपना मतदान किया। जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रिजेश बीजपुरिया ने स्मृति नगर में मतदान किया। स्मृति गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष राजीव चौबे ने स्मृति नगर में अपना मतदान किया। मतदान केन्द्र के बाहर भाजपा व कांग्रेस को छोड़कर किसी भी पार्टी का पंड़ाल नही देखा गया। जिसमें लोगों की भीड़ भी देखी गई।

## सेल ने छमाही व दूसरी तिमाही के जारी किए परिणाम



**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल ने 30 सितंबर को समाप्त हुए मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही और दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के परिणाम पर एक नजर क्रूड स्टील उत्पादन आसाधारण वस्तुओं एवं कर से पूर्व लाभ करोड़ रुपया कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही और दूसरी तिमाही में उत्पादन और बिक्रय में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुक़ाबले, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान क्रूड स्टील उत्पादन और विक्रय की मात्रा में क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसी तरह, सेल ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के मुक़ाबल मौजूदा वित्त 2023-24 की दूसरी तिमाही के दौरान क्रूड स्टील उत्पादन और विक्रय की मात्रा में क्रमश: 11.6 प्रतिशत और 13. 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हासिल की है। बाज़ार में कीमतों में गिरावट के बावजूद भी कंपनी की अपनी उत्पादन बढ़ाने के लगातार प्रयासों की रणनीति ने वित्तीय प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। कंपनी डी.कार्बोनाइजेशन प्रयासों के अलावा क्षमता उपयोग, मूल्य संवर्धन और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दूसरे दिन लक्ष्मी-गणपति पूजा से हुई यज्ञ की शुरुवात

**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। स्कंदाश्रम द्वारा स्कंद षष्ठी 2023 के दुसरे दिन प्रात: श्री लक्ष्मी गणपती पूजा से हुई जो धन प्राप्ति, उन्नत वितीय स्थिती, सदभाव और पारिवारिक मामलो मे सफलता, सभी बधाओ को दूर करने, केतु दशा समस्याओ के लिए शक्तिशाली उपाय हेतु सम्पन हुआ। तत्पश्चात धनधन्य वृद्धि परिवार मे संकट को दूर करने तथा शांति बहाल करने हेतु हवन आयोजित किया गया। इसके बात श्री सुदर्शन हवन हुआ जो उत्कृष्ट औधोगिक विकास, अत्यधिक सफ्ल लाभ, शक्तिशाली शत्रुओ, श्रम मुद्दो और प्रतिस्पराधों के कारण तीव्र समस्या से राहत हेतु आयोजित हुआ। इसके बाद शीघ्र विवाह के लिए विवाह बाधा से मुक्ति हेतु स्वयंबर पार्वती हवन किया गया। दोपहर 12 बजे नक्षत्र हवन हुआ जो बुद्धि प्राप्ति जीवन शक्ति, आत्मविश्वास और अनुकूल परिणाम प्राप्त करने हेतु ग्रहो के दुषप्रभाव रोकने के लिए किया गया। आज 17 नवम्बर सकल मनोकामना प्राप्ति, शत्रु बाधा निवर्ति सर्वकार्य वृद्धि, सभी सरकारी कार्यो मे सफ्लता के लिए वितीय मामलो मे वार्षिकवृद्धि, नए व्यवसाय विकास, सभी कानूनी मामलो मे विजय अभिशापों को दूर करने के लिए परिवार मे अंतहीन प्यार और स्नेह हेतु श्री नवचंडी प्ररायण हवनए वसुंधरा हवन का आयोजन हुआ। 18 नवम्बर को श्री शिप्रा गणपती हवन से होगा, जो कार्य शिद्धि, दीर्घयु, वृद्धि एवं मन की शांति हेतु होगा। इसके पश्च्यात् शत्रु संहार सुबरमानया त्रिसदी हवन, श्री सुबरमानया पंचाक्षरी मूलमंत्र हवन होगा। दोपहर 1 बजे वदूगरजा एवं पूर्ण आहुति होगी पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्च्यात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण करगे। इसके बाद संध्या 7 पी टी उल्लासजी के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सुरेन्द्र सिंह केम्बो मीडिया प्रभारी, स्कंदाश्रम भिलाई ने दी है।



## शांतिपूर्ण मतदान में लोगों में भारी उत्साह



**भिलाईनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। पाटन में 75.54 प्रतिशत, भिलाई नगर में 63.54, वैशालीनगर में 53 प्रतिशत तथा 67 अहिवारा में 67.77 अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट में दर्ज किया।

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने सलिहा एफएसटी के कार्यों का जांच किया

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलिहा स्थैतिक निगरानी दल (एफएसटी) और वनोपज जांच चौकी के कार्यों का जांच किया। इस दौरान श्री सिंह ने एफएसटी दल के कर्मचारियों से जांच के संबंध में जानकारी लिया।



# जिले में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह



### राजिम में 71.23 प्रतिशत, बिन्द्रानवागढ़ में 71.02 प्रतिशत, जिले में कुल 71.23 प्रतिशत

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसके साथ ही गरियाबंद जिले के दो विधानसभा राजिम ओर बिन्द्रानवागढ़ के 17 प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो गया। बड़े गोबरा के मतदान केन्द्र को छोड़कर शेष 572 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। राजिम विधानसभा के कुछ मतदान केन्द्रो में आखिरी समय में अधिक भीड़ आने के चलते देर रात आठ बजे तक मतदान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक जिले में शाम बजे की स्थिति में 71 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

इसके पहले मतदान को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह आठ बजे लोकतंत्र का महापर्व शुरू होते ही लोग उत्साह के साथ वोटिंग करने पहुँचे। अपनी बारी का इंतजार करते हुए लोगों ने मतदान किया। मतदान करने के बाद लोगों ने अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया, ताकि बाकी लोग भी मतदान करने प्रेरित हो सकें।

जानकारी के मुताबिक जिले के दोनो विधानसभाओं में मतदान की धीमी शुरूआत हुई, लेकिन धीरे-धीरे वोटिंग का प्रतिशत बढ़ता चला गया। कतारबध्द होकर लोगो ने मतदान किया। इस दौरान महिलाओ, युवाओ, किसानो हर वर्ग में काफी उत्साह नजर आया। पहले घंटे में मतदान का औसत कम रहा है। लेकिन बढ़ते दिन के साथ इसमें तेजी से इजाफा हुआ। दोपहर 11 से 3 के बीच सर्वाधित मतदान हुआ। देर शाम होते आकड़े में फिर कमी आ गई।

**पिछले बार से इस बार मतदान के प्रशिशत में आई कमी**

जिले में 2018 के चुनाव के भांति इस वर्ष भी जिले के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लेकिन आकड़ो के मुताबिक पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस वर्ष मतदान के प्रतिशत में कमी आई। जिले के दोनो विधानसभा में आठ से दस प्रतिशत प्रतिशत मतदान कम हुआ। जानकारी के मुताबिक राजिम विधानसभा में 71.23 प्रतिशत मतदान हुआ है, वहीं बिन्द्रानवागढ विधानसभा में 71.02 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। वही जिले में शाम पांच बजे तक 71.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जबकि 2018 में राजिम विधानसभा में 78 और बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में 83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**देखे कहा कितना मतदान हुआ –**

| समय | राजिम | बिन्द्रानवागढ़ | कुल |
|---|---|---|---|
| 09 बजे तक | 9.7 | 11.3 | 10.5 |
| 11 बजे तक | 18.6 | 18.8 | 18.7 |
| 01 बजे तक | 41.84 | 44.57 | 43.20 |
| 03 बजे तक | 56.16 | 59.16 | 57.66 |
| 05 बजे तक | 71.23 | 71.02 | 71.13 |

# विस चुनाव के दूसरे चरण में शांति पूर्ण मतदान मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा



**सिमगा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान करने के उपरांत सेल्फी जोन में फोटो खिचाकर खुशी जाहिर किया। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने उत्साहित नजर आए 91 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने धनमत साहू ने मतदान किया।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 17 नवबंर को नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के सभी 12 बूथों में देर शाम तक मतदान संपन्न हुआ। नगर के कुल 12 बूथों में 12287 मतदाता है। इनमें से 6256 महिला एवं 6131 पुरूष मतदाता है। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी भीड़ देखी गई। बूथ क्रमांक 36 में ईवीएम मशीन खराब होने के कारण लगभग 1 घंटे तक मतदान प्रभावित रहा उक्त मतदान केंद्र में 3 बजे तक 36 प्रतिशत ही मतदान हो पाया था। बूथ क्रमांक 31 में आधे घंटे तक ईवीएम मशीन खराब होने की जानकारी मिली है। विकलांग युवती चित्ररेखा का मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण वह मतदान करने एक बूथ से दूसरे बूथ में भटकते नजर आई अंततः वह मतदान करने से वंचित रह गई। वहीं लकवा बिमारी से पीड़ित लव कुमार यादव ने मतदान में हिस्सा लिया। संबंधित अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक अनुमानित कुल 8275 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके है जिसका प्रतिशत लगभग 67 होता है समाचार लिखें जाने तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था कि गई थी। जिससे कि नगरीय निकाय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

## भाटापारा विस में 74.23 प्रतिशत मतदान



**भाटापारा,** 17 नवंबर। सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ मतदान के लिए पहुंचने लगी थी। मतदान स्थलों में महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गई। जिसे देखकर लग रहा था कि। मानो उन्हें महतारी वंदन योजना पसंद आ गई हो पसंद आ गई हो। मतदान के दौरान शहर पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद थी एसडीओपी आशीष अरोड़ा एवं नगर निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे स्वयं सुबह से मतदान स्थल ऑन में भ्रमण करती रही। भाजपा प्रत्याशी शिव रतन शर्मा ने भी अपनी सहधर्मिणी सीमा शर्मा के साथ मतदान किया।

## सरायपाली विस क्षेत्र में 80 फीसदी से अधिक मतदान

**सरायपाली,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से निपट गया कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है चुनाव लड़ने वालों का भाग्य वोटिंग मशीन में कैद हो गया कांग्रेस से चातुरी नंद भाजपा से सरला कोसरिया जोगी कांग्रेस के किस्मत लाल नंद सहित कुल 8लोग चुनाव मैदान में थे पहले तो त्रिकोणी संघर्ष की स्थिति बन रही थी लेकिन आखरी समय में कांग्रेस व भाजपा के बीच हो गई जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अंतिम 3दिनों में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गए प्रचार प्रसार के अंतिम समय में जोगी कांग्रेस के तीन वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए हार जीत अब भाजपा कांग्रेस के मध्य में होगी दोनो पार्टी के कार्यकर्ता जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा के लोग पांच से दस हजार के बीचजीत का दावा कर रहे हैं तो कांग्रेसी क्लीन स्वीप की बात कर रही है 35हजार से अधिक से जीत का दावा कर रहे हैं आज मतदान केंद्रों में सुबह से ही लोग लाइन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे नगर केमतदान केंद्र क्रम 132में वोटिंग मशीन में खराबी के कारण मतदाताओं की लम्बी लाइन लग गई जो कि अंतिम समय तक रही भाजपा केदूवा सेक्टर में दो से तीन हजार से लीड का दावा कर रही है सरायपाली क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 71.12प्रतिशत मतदान होने की खबर है लिमगांव में 91 फीसदी 677601मत पड़े हैं 677/601इसी प्रकार घाटकाछार में89पड कीपाली88 खैरझिटकी 86बालसी 85सिंघोड़ा 82.42टिभू पाली 875/752राफेल 1058/855पैकिन 774/579कालीदारहा 87त्नचिवराकुटा 711/612चट्टी गिरोला 911/798दुलार पाली 81.96 फीसदी पलसापाली 86.51 फीसदी।



**भाजपा कांग्रेस दोनो पार्टी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं जोगी कांग्रेस दौड़ में शामिल नहीं**

## कलेक्टर ने मतदान दल के ईवीएम मशीनों के संग्रहण व्यवस्था का जायजा लिया



**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी और रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री वापसी के बाद संग्रहण व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान समाप्ति के बाद कलेक्टोरेट के बाजू मंडी परिसर सारंगढ़ में दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का निर्वाचन सामग्री ईव्हीएम, वीवीपैट का संग्रहण कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण उपरान्त स्ट्रांग रूम में सील किया जाएगा। सारंगढ़ के समीपस्थ ग्राम चंवरपुर मतदान केन्द्र से मतदान दल का सामग्री के साथ वापसी का पहला आगमन हुआ है। इसके साथ-साथ अन्य मतदान केन्द्रों से भी मतदान दलों का निर्वाचन सामग्री के साथ वापसी लगातार हो रहा है।

## वोटर टर्न आउट एप से मिला विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और मिजोरम के विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान प्रतिशत का रिकार्ड प्रति दो घंटे में अपडेट मिला। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाताओं के द्वारा किए गए मतदान का प्रतिशत सुबह 11 बजे तक जिले में 18.01 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 18.19 प्रतिशत और सारंगढ़ में 17.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे तक जिले में 42.44 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 39.16 प्रतिशत और सारंगढ़ में 46.20 प्रतिशत मतदान हुआ। अपरान्ह 3 बजे तक जिले में 59.28 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 57.23 प्रतिशत और सारंगढ़ में 61.62 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक जिले में 73.31 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 69.18 प्रतिशत और सारंगढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान हुआ।

## कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव सहपरिवार पहुंचे पैतृक गांव फुटगुना किया मतदान



**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु)। महासमुंद जिले की खल्लारी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव आज सहपरिवार अपने पैतृक गांव फुनगुना पहुंचे जहां उन्होंने मतदान किया।

पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए श्लोक एवं सूक्ति मतदान करने अपने पैतृक ग्राम फुनगुना पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी श्री यादव के साथ-साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती विनीता यादव सहित उनके सुपुत्र देव आदित्य(श्लोक)एवं सुपुत्री देवपूर्णा (सूक्ति) अपनी माता-पिता की गोद में पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। मतदान करने के पश्चात मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव ने बताया कि च्कांग्रेस है तो भरोसा हैज्। हम इसी मूल मंत्र को लेकर चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार की गारंटी और भरोसे के आधार पर मतदान कर रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में फिर से संपूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

वहीं श्री यादव ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी की। इस दौरान श्री यादव के अनुज व पिथौरा जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव भी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी यादव के साथ मतदान करने पहुंचे थे जिनके गोद में उनकी पुत्री आद्या भी नजर आई।

# खल्लारी क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु) ।खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में आज शुक्रवार को अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। इस क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदाताओं की लम्बी लाईन लगी हुई थी। मतदान करने महिला एवं पुरुष मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदान को शांतिपूर्वक कराने सभी मतदान केंद्रों में पुलिस एवं बटालियन जवानों की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था शासन द्वारा किया गया था। क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने की जानकारी नहीं मिली है। बल्कि मतदान सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। जिसमें सभी लोगों का सहयोग रहा। ग्रामीण अंचल के मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक खेतिहर किसान मजदूरों की लाईन मतदान करने लगी हुई थी। इस क्षेत्र में कुल 70 ? प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,17,323 मतदाता है। जिसमें 1,09877 मतदाता पुरुष हैं। वहीं 1,10,438 मतदाता महिला हैं। तथा 8+66 मतदाता अन्य सेवा मतदाता हैं। इस क्षेत्र में कुल 277 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिनमें से पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसे फ्लैक्स बोर्ड के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने सजाया गया था।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर, जोगी कांग्रेस प्रत्याशी रेखराम बाघ, बसपा प्रत्याशी सुफल राम साहू, आप प्रत्याशी नीलम ध्रुव समेत कुल 15 प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटियों में कैद हो गई है। बागबाहरा नगर में 18 मतदान केंद्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में 259 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें से अधिक मतदाताओं की संख्या 1255, मतदान केंद्र क्रमांक 21 पतेरापाली में थे। इस बार मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारी के साथ तीन सहयोगी की टीम ने मतदान कार्य को पूर्ण कराया। इसमें 30 ऐसे मिक्स बूथ है जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला कर्मी ने मतदान कराया। 10 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहाँ सभी कर्मी महिलाएं थी। इनमें पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिन्हें विशेष रूप से आकर्षित करने विशेष सजावट किया गया था। इसके अलावा एक मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किया गया था। तथा एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहाँ सभी कर्मी युवा हैं। मिक्स बूथ जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला वर्ग कर्मचारी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराया। वे क्रमशः बूथ क्रमांक 20 कसहीबाहरा, 21 पतेरापाली, 22 आँवराडबरी, 24 खल्लारी, 25 खल्लारी, 28 मरार कसही बाहरा, 30 ओंकारबंद, 89 हरनादादर, 90 हरनादादर, बूथ क्रमांक 91,92,93,94 तेंदूलोथा कला, 95 नवागाँव, 96 तेंदूलोथा कला, 97 लालपुर, 98 भानपुर, 99 सुनसुनिया, 111,112 लमकेनी, 116 सिर्री पठारीमुड़ा, 127 सराईपाली, 130,131 तेंदूकोना, 193,194 सम्हर, 197 बिहाझर, 198 कसही बाहरा, 199 फुलवारीकला शामिल है। इसी प्रकार 10 संगवारी मतदान केंद्र के रूप में ऐसे हैं जहाँ पीठासीन अधिकारी समेत तीनों सहयोगी कर्मी महिलाएं हैं। यह मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित हैं। जिनमें मतदान केंद्र क्रमांक 81,82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 104, 109 लालपुर, 114 सिर्री पठारीमुड़ा, 115 दारगांव एवं 117, 118 सुखरीडबरी केंद्र हैं। इनमें से बूथ क्रमांक 82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 115 दारगांव, 118 सुखरीडबरी को आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



## प्रादेशिकी का शेष...

### भारी उत्साह के साथ...

वजह दीपावली, भाई दूज इत्यादि होना था। कार्यकर्ताओं का लगभग एक पूरा सप्ताह त्यौहारों में लग गया जिसकी वजह से चुनाव के कार्य प्रभावित हुए।

आज जो लोग मतदान करने, मतदान केन्द्र पहुंचे यहां उन्हें अपनी मतदाता पर्चियां स्वयं तलाशनी पड़ी। मतदाता सूचियों में नाम भी बिनी किसी क्रम के दर्ज थे। पूर्व के वर्षो एक परिवार के चार पांच मतदाता सदस्यों का नाम एक ही क्रम में मिल जाया करता थे। इस बार यह क्रम भी नहीं था। इसलिए लोगों को नाम तलाशने में ही आधा पौन घंटा लग गया। मतदाता सूची में नाम मिल जाने के बाद मतदाता पर्ची बनाने और फिर वोट डालने के लिये लाईन लगाने तक लोगों को लगभग डेढ़ से दो घंटे लग गये। कुछ लोगों ने एक दूसरे पर यह काम छोड़कर घर लौट गये कि पर्ची बन जाये तो बुला लेना तब तक चाय नाश्ता कर लेते है। यह नजारा दोनों पार्टियां कांग्रेस व भाजपा दोनों में ही देखा गया। इस तुलना में ग्रामीण परिवेश के वार्डो पोटियाकला बघेरा, करहीडीह, सहित अन्य वार्डो की अच्छी रहीं। यहां पर श्रमिक वर्ग के मतदाताओं ने सुबह पहुंचकर वोट डाल दिया।

सुरक्षा के रहे भारी इंतजाम : विधानसभा चुनाव मतदान के लिये सभी मतदान केन्द्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था थी। स्थानीय पुलिस के अलावा सीएसआरएफ के सशस्त्र जवान भी मौजूद थे। इसके अलावा अलग अलग जीप से पुलिस के अधिकारी भी शहर में गश्त दे रहे थे।

# अधिकारी-कर्मचारी समिति ने मिलकर किया गांव में पारंपरिक आयोजन



**नवापारा राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को बचाये रखने के उद्देश्य से ग्राम दादरझोरी के सभी शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारीयों ने एक समिति बनाकर गाँव में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघ के सचिव शिक्षक हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि उनके गाँव में सरकारी एवं प्राइवेट मिलाकर लगभग 70 कर्मचारी है जिन्होंने एक अभिनव पहल करते हुए गोवर्धन पूजा के दिन जय बजरंग अखाड़ा मौरीकला लगभग 40 युवाओं ने हैरतअंगेज़ करतब से ग्रामवाशियों का खूब मनोरंजन किया जबकि मातर के दिन धरती के श्रृंगार, सुवा मंडली सेर ज़िला महासमुंद और जय माँ काली सुवा नृत्य मंडली लभराकला ज़िला महासमुंद का पारंपरिक सुवा नृत्य ,बारामाशी गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति दिए एवं हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का अभिनव कार्य कर रहे है।

अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघ के समस्त पदाधिकारियों ने पूरे आयोजन के सफल संचालन एवं व्यवस्था में भरपूर सहयोग प्रदान किया समिति के सचिव के अनुसार आने वाले समय में हांके समिति के द्वारा गाँव के होनहार विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग,मार्गदर्शन दिया जाएगा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनके भविष्य के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा ,ग्राम विकास में सहयोग एवं कार्ययोजना बनाकर आगे की रणनीति तैयार किया जाएगा। इस आयोजन में अध्यक्ष तुका राम साहू (व्याख्याता),श्याम लाल साहू कार्यकारी अध्यक्ष ,इन्द्रसेन साहू कोषाध्यक्ष ,हेमन्त साहू सचिव,चन्द्रहास साहू उपाध्यक्ष,केदारनाथ साहू संरक्षक,हीरालाल साहू संरक्षक,शशिकांत साहू भारतीय रेलवे ,लोक साहू भारतीय रेलवे ,शिवकुमार साहू शिक्षक,नंदू राम साहू शिक्षक ,भगवती प्रसाद साहू आयकर विभाग,समारू राम साहू शिक्षक ,लोकनाथ साहू सचिव ,रिखमचंद साहू छ.ग.पुलिस ,चंदन साहू शिक्षक ,टाँकेश्वरी साहू शिक्षिका,लोचन साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,हेमराज़ साहू ,कामता प्रसाद साहू ,भीखमचंद साहू,जीवन साहू ,मनाराम साहू ,टिकेश्वर साहू,नेहरू साहू,होरीलाल साहू ,लक्ष्मीकान्त साहू ,गिरधारी साहू समेत समिति के सभी सदस्यगण एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थित रही।

## मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह



**पलारी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के दुसरे फेज का विधानसभा का चुनाव हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र कसडोल मे चुनाव शाँतीपूर्ण ढँग से सम्पन्न हुआ कही अप्रिय घटना का समाचार सुनने को नही मिला वही मतदान को लेकर पलारी नगर मे गजब का उत्साह देखने को मिला नगर मे मतदान के उत्सुक लोगो की कतारे लगी रही वही पहली बार वोट कर रहे युवाओ मतदान पश्चात सेल्फी जोन मे सेल्फी लेकर इस यादगार लम्हो को सँजोया, एजेँटो से जानकारी के मुताबिक पलारी के 9 बुथो मे करीब 80 फिसदी मतदान हुआ वही जानकारी के मुताबिक पलारी के दतान प, मुसवाडीह, रोहाँसी, सोनारदेवरी सहित कई गाँवो मे 80 फिसदी से भी अधिक वोट पड़े हैं।वही ओव्हर आल 5 बजे तक कसडोल विधानसभा में 67.19 फिसदी मत पड़े है। वही पूर्व सांसद पी आर खूंटे ने भी लाइन में शामिल होकर अपना मतदान किया।नगर के लोगो से मतदान की अपील करते रहे वही दिव्याँग और वृद्ध जनो को मतदान केंद्र तक ले जाने मे चुनाव में तैनात सुरक्षाबल सहित स्काऊट गाईड एनसीसी कैडेट ,नगर पँचायत के कर्मचारी और भाजपा काँग्रेस के एजेँटो का भरपूर सहयोग देखने को मिला।वही चुनाव को लेकर मतदाता खामोश रहे ,ऊट किसके तरफ करवट लेगी ये अनुमान लगाने मे प्रमुख दलो के नेता भी असहाय नजर आए, 3 दिसंबर को ही नतीजे के दिन ही परिणाम के पटापेक्ष होने पर परिणाम का पता चलेगा।

**3 दिसंबर मतगणना के दिन**

**कवर्धा**, 17 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर से जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 03 दिसंबर 2023 मतगणना के दिन जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है।



# डौण्डीलोहारा विधानसभा में 75 प्रतिशत से ज्यादा हुआ मतदान

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को डोडी व दल्लीराजहरा आंचल में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ चुनाव के लिए नगर पंचायत डोंडी व नगर पालिका दल्ली राजहरा के सभी केंद्रों में सुबह से दोपहर तक भीड़ मध्यम रही परंतु शाम को 4 बजे अपने कार्यों व गांव के ग्रामिणों के खेती काम से लौटने के बाद भीड़ बढ़ी जहां पर डोंडी के मतदान केंद्र क्रमांक 245 मे महिलाओं वोटरों की लंबी लाइन लगी रही। चुनाव को लेकर लोगों में इतनी उत्सुकता देखी गई कि शाम 6 बजे के बाद भी डोडी क्षेत्र के पटेली गांव के मतदान केंद्र में 338 लोग मंगलतराई में 178 और घोटिया में 90 लोग मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहे पटेली गाँव में वोट करने के लिए लोग 9 बजे के बाद आए इसलिए भीड़ बड़ी और मतदान दल भी सक्रिय रूप से काम नहीं कर पा रहा था।जिसके बाद अफसरों द्वारा अतिरिक्त बल लगाकर चुनाव लगाया गया।वहीं डोडी के मतदान केंद्र क्रमांक 245 में माकपोल के बाद सुबह 8 बजे ईवीएम मशीन में खराबी आ गई उस समय तक ईवीएम मे एक भी वोट नही हुई थे। जानकारी होने पर तुरंत दूसरा मशीन लगाकर चुनाव कार्य संपन्न कराया गया मशीन में खराबी के चलते करीब 45 मिन तक मतदान बंद रहा डोडी सेक्टर के खैरवाही अवारी छिंदगांव बम्हनी के अलावा डोडी के पांचो मतदान केंद्र में शाम 6 बजे तक 76त्न मतदान हुआ था वैसे मतदान से जुड़े अफसर कयास लगा रहे हैं कि डोंडी ब्लॉक में ऑल ओवर 80त्न मतदान होने का अनुमान है।वही डौण्डी लोहारा विधानसभा चुनाव में लगभग 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने की खबर है।



- महिला वोटरों ने जम कर किया मतदान
- डौण्डी केन्द्र 245 में ईवीएम मशीन में खराबी आने से 1 घंटे देर से शुरू हुआ मतदान

# बाजारो से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी घुमका पुलिस की गिरफ्त मे

**राजनांदगांव,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी मूलचंद साहू पिता स्व भुनेश्वर साहू उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम पटेवा थाना घुमका के द्वारा लिखित सूचना दिया कि दिनांक घटना 10.11.2023 के शाम प्रार्थी घुमका के सासाहिक बाजार मे सब्जी खरीद रहा था उसी दौरान किसी अज्ञात चोर के द्वारा उसके शर्ट के जेब मे रखे एंड्राइड मोबाइल फोन ऋद्गस्त्रद्वद्ब 11 श्वह्लद्वद्द 5त्र को चोरी करके भाग गया था प्रार्थी की सूचना पर थाना घुमका मे अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 16.11.2023 को ही आरोपी आनंद राम गोंड को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया आरोपी के द्वारा अपने मेमोरेंडम कथन मे बताया कि उसके द्वारा घुमका सप्ताहिक बाजार से प्रार्थी के 01 नग एंड्राइड मोबाइल चोरी करने के अलावा घुमका, तिलई, डोंगरगढ़, सुकुलदेहान आदि सासाहिक बाजार से विभिन्न कंपनियों की अन्य 08 नग और एंड्रॉइड मोबाइल फोन को चुराकर अपने घर मे छीपाकर रखा है जिस पर आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का चुराया हुआ 01 नग ह्द्गस्त्रद्वद्ब 11 5त्र मोबाइल फोन के साथ साथ विभिन्न कंपनियों की अन्य 08 नग एंड्राइड मोबाइल फोन कुल कीमती 1,00,000 रूपये को जप्त किया गया7 आरोपी को दिनांक 16.11.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आज दिनांक 17.11.23 को न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक विक्रांत सिंह, प्रधान आर. बिसेलाल साहू, आरक्षक यशवंत साहू, गौतम सिंह, सी.पी. साहू की भूमिका सराहनीय रही।



आरोपी के कब्जे से कुल 9 नग विभिन्न कंपनियों के एंड्रॉइड मोबाइल फोन कीमती जुमला एक लाख रूपये जप्त

# बाल दिवस जागरूकता शिविर का आयोजन

**डोंगरगढ़,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। बाल दिवस के उपलक्ष में बाल दिवस जागरूकता शिविर दिनांक 17 नवंबर 23 माननीय सालसा बिलासपुर राजनांदगांव जिले के विधिक सेवा अध्यक्ष आलोक कुमार तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनीश दुबे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आज 17 नवंबर 23 को शासकीय मिडिल स्कूल खरकाटोला, प्राइमरी स्कूल खरकाटोला तथा प्राइमरी स्कूल एवं आंगनबाड़ी चौथाना में बाल दिवस के उपलक्ष में बाल दिवस शिविर का आयोजन किया गया क्योंकि यह दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है किंतु स्कूली अवकाश होने के कारण 17 नवंबर को मनाया गया यह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री दिवंगत श्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है श्री नेहरू जी का जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था नेहरू की स्वतंत्रता सेनानी एवं आदर्श नेता थे। वह बच्चों को देश की उन्नति और भविष्य का आधार मानते थे उनका कहना था कि बच्चे कुमार की तरह कच्ची मिट्टी के बने होते हैं। बच्चों को उन्नति के अनुसार आकार और आकृति देने की जरूरत होती है। बच्चों का जीवन निश्चल और निर्मल होता है। पहले यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था 1964 में चाचा नेहरू के देहांत के पश्चात प्रतिवर्ष 14 नवंबर को या दिवस मनाया जाने लगा। नेहरू जी बच्चों से बहुत प्यार करते थे। प्रधानमंत्री होने के पश्चात भी उनका जीवन व्यस्त रहते हुए भी वे बच्चों से जुड़े रहते थे उनके अनुसार उचित देश का भविष्य उनके वर्तमान बच्चों पर निर्भर करता है यदि उनका विकास उचित तरीके से नहीं होगा तो भविष्य के योगदान में सहयोगी नहीं होगा बच्चे ही देश का भविष्य की दिशा तय करते हैं कभी भी अपने बच्चों को अपेक्षा नहीं करेंगे गरीब बच्चों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कारण बाल श्रम तथा बाल बाल शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाना चाहिए।बाल दिवस के दिन जरूरतमंद बच्चों को भोजन, खिलौने ,पुस्तक और अन्य वस्तुएं दी जाती है। हमें इस बात की शपथ देने चाहिए कि बच्चों का सर्वांगीण विकास में योगदान करें इस सरकार बनाने हेतु समाजसेवी शिक्षक राज्य सरकार से जुड़े राजनेता अधिकारी कर्मचारी सभी एक जूट होकर बच्चों के भविष्य के प्रति सजग रहे। सभी देश का भविष्य कायम रहेगा उपरोक्त शिविर को पैरालिगल वालंटियर अशोक कुमार पांडे तथा पवन कुमार ने संबोधित किया।



# जुआ सट्टा खेलने वाले आरोपियों के कब्जे से 4215 रुपए नगद व 52 पत्ती तास बरामद किया गया

**खैरागढ़,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस चौकी जालबांधा के द्वारा 15 नवम्बर को जुआ सट्टा खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध जालबांधा पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही किया गया आरोपी के कब्जे से नगद 4215 रुपए व 52 पत्ती तास बरामद कर आरोपियों को जमानत पर मुचलका मे छोड़ा गया पुलिस चौकी जालबांधा प्रभारी उप प्रशिक्षु उप पुलिस अधिकारी प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में क्षेत्र मे जुआ सट्टा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करते हुए 15 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी जालबाँधा के द्वारा एक टीम गठित कर रवाना किया गया मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी का नाम 1 होमन वर्मा पिता ताराचंद वर्मा उम्र 25 वर्ष 2 शिशुपाल कुर्रे पिता दयाराम कुर्रे उम्र 39 साल दोनों निवासी ग्राम रेंगाकठेरा का रहने वाला है. आरोपी के पास से 4215 रूपए नगद व 52 पत्ती तास् जप्त किया गया आरोपी को हिरासत मे लेकर आरोपी के कृत्य जुआ एक्ट पाये जाने पर पुलिस चौकी जालबाँधा मे 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम क़ायम कर प्रकरण जमानती होने से आरोपियों को जमानत पर मुचलका में छोड़ा गया उक्त कार्यवाही मे चौकी जालबाँधा मे पदस्त सउनि एम एल भांडेकर, आर के ठाकुर, प्रधान आरक्षक रघुनाथ सिदार आर सूरज शर्मा, दौलत मरकाम, राजेन्द्र नेताम, डोमार सिंह सहित अन्य स्टॉफ की अहम भूमिका रही है.

# कलेक्टर ने धान खरीदी, टोकन व बारदाना पंजी का निरीक्षण कर दिया निर्देश

## उपार्जन केन्द्र भोरमपुर कला में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किया किसानों से बातचीत

**खैरागढ़,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन केंद्र भोरमपुर कला में किसानों से वार्तालाप कर विभागीय अधिकारियों व समिति प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिया कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित करें इस दौरान समिति प्रबंधक महेश कुमार वर्मा द्वारा खरीदे गए धान के बोरे का स्टाक व भौतिक सत्यापन के योग्य को व्यवस्थित करने के निर्देश दिया गोपाल वर्मा ने धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए जोरातरई के किसान बिसाहू राम वर्मा से चर्चा कर धान ऊपज व बिक्री से संबंधित जानकारी प्राप्त की श्री वर्मा ने किसानों को धान बेचने के लिए प्रेरित किया अधिकारियों को कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस वर्ष जिले में 39 समितियों के 51 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी किया जा रहा है. गुरुवार की स्थिति में सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य किया गया शासन द्वारा इस वर्ष जिले के 40 लाख चिंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. विभागीय जानकारी के अनुसार अभी तक कुल 2 लाख 63 हजार चिंटल धान खरीदी कर लिया गया है. जिसके अंतर्गत मोटा धान 63 हजार चिंटल, पतला धान 1 लाख 72 हजार चिंटल, सरना धान 26 हजार 96 चिंटल खरीदी कर ली गई है. निरीक्षण के दौरान खाद्य अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, फूड इंस्पेक्टर विनोद सागर, डॉ. मकसूद समिति प्रबंधक महेश वर्मा, उमेश वर्मा सहित समिति के स्टॉफ व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे.



# शिक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन कर दी जानकारी

**डोंगरगढ़,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष में शिक्षा जागरूकता शिविर मानवी सालसा बिलासपुर राजनांदगांव जिले के विधिक सेवा अध्यक्ष माननीय आलोक कुमार जी तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री अनीष दुबे जी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के आज 11 नवंबर 23 को ग्राम चौथना में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष में शिक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि आज शिक्षा दिवस है। इस शिक्षा के न्यू आजादी के पूर्व भारत के शिक्षा मंत्री श्री मौलाना अब्दुल कलाम ने नीव रखी इनके द्वारा कहा गया की शिक्षा एक उपकरण है सभी को शिक्षा पाने का बुनियादी अधिकार है प्रत्येक व्यक्ति 14 वर्ष तक शिक्षा मुक्त में प्राप्त कर सकेगा शिक्षा सभी के लिए शांति, न्याय ,स्वतंत्रता, समानता हासिल करने का साधन है। शिक्षा मनुष्य की बुद्धि को घोषित कौशल एवं मेहनती विकसित बनाने में सक्षम होती है। शिक्षा के व्यापक विस्तार के लिए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो पूर्व राष्ट्रपति थे टीचर्स डे की नीव रखी उनके अनुसार शिक्षा को तीन प्रकार से पूर्ण करने का मंत्र दिया पहला स्कूल परिसर दूसरा बुनियादी शिक्षा तीसरा व्यापार कौशल शिक्षा यह तीनों मंत्र छात्र के जीवन से लेकर अंत तक महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता एवं करियर सुनने में सफल बनाती है। शिक्षा बोली कौशल को बेहतर शारीरिक विकास भाषा संचार प्रणाली को बेहतर बनाती है। जो भावी जीवन में शिक्षा का उपयोग करने में मददगार साबित होती है। अंत में ग्रामीणों को शिक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा हर किसी के लिए प्रमुख तत्व है। जिसमें लोगों को मूल्यवान ज्ञान से भरपूर बनाने में मदद करती है आप लोग अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने में कोई कमी ना आने दें यदि आप लोग भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए इच्छुक हैं। तो शिक्षा प्राप्त करके ज्ञान का अर्जन कर सकते हैं शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती उपरोक्त सिविर को परालेगर वॉलिंटियर अशोक कुमार पांडे तथा पवन कुमार मंडावी ने संबोधित किया।




# दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में सीबीएसई नेशनल बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज टीम के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव में चल रहे सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में देश-विदेश एवं विभिन्न प्रान्तों से आए हुए प्रतिभागी टीमों का शानदार प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में युनाइटेड इडियन स्कूल 20 अंक बनाम विद्या भारती टेलको 47 अंक, सन् बीम वाराणासी 47 अंक बनाम गुरूनानक मिशन पब्लिक स्कूल हिमाचल 41 अंक, अवर ओवन दुबई 18 अंक बनाम ऑक्सफोर्ड सेन्ट्रल स्कूल केरला 39 अंक, डीपीएस राजनांदगांव 81 अंक बनाम डीपीएस हैदराबाद 39 अंक, आरपीएसएस हरियाणा 16 अंक बनाम स्प्रिंगडेल अमृतसर 53 अंक, आर्मी पब्लिक स्कूल असम 57 अंक बनाम नवरचना स्कूल बड़ोदा 36 अंक, भवन्स विद्या मंदिर नागपुर 20 अंक बनाम चिरेक स्कूल हैदराबाद 58 अंक, स्प्रिंगडेल दुबई 28 अंक बनाम संस्कार स्कूल 55 अंक, वाईपीएस राजनांदगांव 69 अंक बनाम आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कॉन्ट 33 अंक, वेलेमल इंटरनेशनल स्कूल चेन्नई 56 अंक बनाम द मान स्कूल दिल्ली 68 अंक, एसपीएस अलीगढ़ 61 अंक बनाम डी ए वी लुधियाना 72 अंक, सेन्ट्रल एकेडमिक कोटा 57 अंक बनाम इमराल्ड वैली पब्लिक स्कूल तमिलनाडु 29 अंक हासिल करके अपने प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। शाला के प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि देश-विदेश से आए हुए खिलाड़ियों ने अपने टीम को शिखर तक पहुँचाने के लिए भरपुर प्रयासरत है। सभी टीमें खेल भावना के साथ अनुशासन का भरपुर पालन कर रही है। निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया फैसला सर्वसम्मति से स्वीकार किया जा रहा है। सीबीएसई आब्जर्वर श्री संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन सराहना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# स्वास्थ्य विभाग ने नवीन बाजार वार्ड नं 26 में त्वरित कार्यवाही की

**कवर्धा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार नवीन बाजार वार्ड न 26 कवर्धा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर घर-घर भ्रमण कर स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। तथा डेंगू के बचाव की जानकारी स्वास्थ्य दल के द्वारा दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूजॉय मुखर्जी एवं डीपीएम सृष्टि शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए है। नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई और फागिंग मशीन से मच्छर विरोंधी धुआं से क्षेत्र को मच्छर से बचाव का प्रयास कर रहें है। आज दो लोगों का एलिजा टेस्ट के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। आज एक भी संभावित मरीज नहीं हैं। छ: लोगों का रेपिड टेस्ट किया गया है जिसमें सभी का रिपोर्ट निगेटिव है। डेंगू के संभावित मरीज को मच्छरदानी में ही रहने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में डॉ आशुतोष अभिषेक, एन आर साहू, जयंत कुमार सलाहकर, राजेश सोनी सुपरवाइजर, राजेन्द्र साहू एलटी, सूरूचि, अनिल मेरावी, मुकेश चंद्रवंशी, विमल जोशी,सत्यभामा साहू सेवाएं दे रहे है।



डॉ. सूजॉय मुखर्जी ने डेंगू के बचाव के लिए सजग रहने और लक्षण पाये जाने पर स्वास्थ्य टीम की तत्काल जानकारी देने के लिए अपील की है। मच्छर के द्वारा संचारित होने वाला यह बुखार कभी-कभी घातक भी सिद्ध होता है। इसके तीव्र लक्षण कभी-कभी कुछ समय बाद देखे या महसूस किए जाते हैं हालांकि यदि इनकी समय पर पहचान कर ली जाये तब इससे बचाव या उपचार करने में मदद भी मिल सकती है। अक्सर डेंगू के लक्षण सामान्य फ्लू या वायरल बुखार से मिलते जुलते लगते हैं। इसलिए निम्न लक्षणों के आधार पर इनकी पहचान कर ली जानी चाहिए और सही पहचान के लिए तुरंत एक ब्लड टेस्ट करवा लेना चाहिए।

**सामान्य रूप से देखे जाने वाले डेंगू के लक्षण**

1.मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द।2.शरीर पर पड़ने वाले लाल निशान जो थोड़े समय बाद ठीक होने के बाद पुन: वापस भी आ जाते हैं।3.तेज़ बुखार।4.बहुत तेज़ सिर दर्द आँखों के पीछे दर्द।5.उल्टी आना और चक्कर महसूस होना। यदि इनमें से कोई भी लक्षण महसूस करते हैं तब तुरंत सलाह के लिए डॉक्टर के पास जाएँ और आवश्यक इलाज शुरू करवा दें।

**डेंगू से बचाव के उपाय**

अपने रहने की जगह और उसके आस पास के इलाकों में सम्पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। अपने आसपास की जगहों को साफ करके रखने से आप मच्छरों को सरलता से दूर रख सकते हैं। पानी को किसी जगह इकठ्ठा न होने दें। किसी जगह पर रुके हुए पानी में मच्छर पनप सकते हैं और इसी से डेंगू भी फैल सकता है। जिन बर्तनों का लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं होना हो उनमें रखे हुए पानी को नियमित रूप से बदलते रहें। गमलों के पानी को हर हफ्ते बदलते रहें। मेनहोलए सेप्टिक टैंकए रुकी हुई नालियाँ और कुएं आदि जगहों को नियमित रूप से चेक करते रहें।

मच्छर मारने वाली मशीन और जाली का उपयोग करना चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए सबसे पहले तो जब भी आप घर से बाहर जाएँ मच्छर से बचाव वाली क्रीम का उपयोग करें और सोने से पहले मच्छरदानी को अच्छी तरह से सेट कर लें। प्रारम्भिक लक्षणों को अनदेखा न करें। यदि आप यहाँ बताए गए किसी भी लक्षण को देखते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और बताए गए उपचार का निर्देशानुसार पालन करें।

# तीन चौथाई के साथ प्रदेश में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार: मेहुल मारू

**राजनांदगांव,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने दुसरे चरण के मतदान के बाद कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिये छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था लेकिन वो असफल रही।



प्रदेश के जागरूक मतदाता नागरिक भाजपा के बहकावे में नहीं आए। मेहुल मारू ने कहा कि कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुन: सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला।

विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले और कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा। मोदी की गारंटी एवं भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है।

मेहुल मारू ने आगे कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। केन्द्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानो एवं जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया, षडयंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है। इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये। जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पक्ष में मतदान किया है। पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

उल्टा पुल्टा

चिंटू (मोनू से)- तुम्हें अपने पापा से पिटे हुए कितने दिन हो गये?
मोनू- अगर पापा ने आज शाम को होमवर्क करते समय मुझे चांटा नही मारा, तो पूरा एक दिन हो जाएगा।



# बलौदाबाजार जिले में 70.70 प्रतिशत मतदान

## लोकतंत्र में सहभागिता निभाने हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह



- स्काउट–गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में किया सहयोग
- सेल्फी जोन में मतदाताओं ने फोटो खींच कर खुशी जाहिर की

**बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्वक मतदान संपन्न हुआ। नगर सहित ग्रामींण क्षेत्र में भी उत्साह पूर्ण लोगों ने मतदान किया। बलौदाबाजार जिले में लगभग 70.70 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। इस बार नये मतदाताओं के अलावा महिलाओं में मतदान करने हेतु जागरूकता दिखाई दी। अधिकांश मतदान केन्द्रों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने हेतु लम्बी लाईन लगी रही। बुजुर्ग मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे। जहां उपस्थित एनएसएस, स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा मतदान स्थल पहुंचानें में सहयोग प्रदान करते हुए देखा गया। नगर के कन्या उ.मा. विद्यालय, चक्रपाणी शुक्ला विद्यालय, रघुनाथ प्रसाद वैष्णव स्कूल के मतदान केन्द्र में महिलाओं की लम्बी लाइने देखी गयी। मतदान के अंतिम समय समाप्त हो जाने के बाद भी लोगों की लाइने रही जिन्हे टोकन देकर कैम्पस अंदर प्रवेश दिया गया जो देर समय तक मतदान किये। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतिजाम था। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने गृह ग्राम पाहंदा (बलौदाबाजार) में मतदान किया। जबकि भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने अपने गृह ग्राम चांपा (सैहा बलौदाबाजार) में मतदान किया।

17 नवम्बर को जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी–बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 70.70 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है। अंतिम आंकड़े के अनुसार कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 67.19 प्रतिशत, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 72 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 74.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 68 आदर्श एवं 35 40 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए। संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान दल संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1–1 दिव्यांग एवं में 1–1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ थे, उन्हें चिन्हांकित कर होम वोटिंग की सुविधा दी गई। इसके बाद भी मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आयोग द्वारा ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट–गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। इसीतरह दिव्यांग मतदाताओं ने भी कठिनाईयों को दरकिनार कर मतदान केन्द्रों में पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नये मतदाताओं ने पहली बार किया मतदान–18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था जिनमे अधिकांश कॉलेज के छात्रों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पर उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी।

'विशेष थींम पर बने मतदान केंद्र रहे आकर्षण का केंद्र– इस बार आदर्श मतदान केंद्रों को विशेष थींम पर सजाया गया था जो मतदाताओ के लिए आकर्षण का केंद्र रहा जहां सेल्फी पॉइंट में मतदाता उत्साह के साथ फोटो खिंचाए। महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए संगवारी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची। संगवारी मतदान केन्द्रों के महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत हुआ मतदान

**बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को स्थापना के एक वर्ष के दौरान ही विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने का अवसर प्राप्त हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में और सामान्य प्रेक्षक तापस राय, पवन कुमार, पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा और व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह के जिले में उपस्थिति, सहयोग और मार्गदर्शन में मतदान कार्य शांति पूर्वक संपन्न हुआ। 17 नवंबर को शाम 5 बजे की स्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 73.31 प्रतिशत, सारंगढ़ विधानसभा–17 में 78.04 प्रतिशत और बिलाईगढ़ विधानसभा–43 में 69.18 प्रतिशत मतदान हुआ।

# मतदान में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों का दिखा भारी जोश



**राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। इस बार मतदान के लिए मतदाताओं में जमकर उत्साह देखा गया। खासतौर से युवा एवम महिला मतदाता ज्यादा उत्साहित थे। मतदान केन्द्रों में सुबह 8 बजे के पहले ही वोटरों की लाईन लगनी शुरू हो गई थी। अनेक ऐसे मतदान केन्द्र रहे, जहां बुजुर्गों–बुढो को मतदान के प्रति उत्सुकता देखा गया। मतदान कराने के लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित कुछ अन्य दलों के प्रत्याशियों के समर्थकों को भी सक्रिय देखा गया। पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त व्यवस्था की गई। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेन्द्री में सुबह ईवीएम मशीन खराब हो गईथी यह भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू का गृह ग्राम है। मतदाताओं और प्रत्याशी भी वोट डालने पहुंचे थे, लेकिन खराबी के चलते मतदान के लिए इंतजार करना पड़ा।. मामले की जानकारी अभनपुर एसडीएम को दी। एसडीएम ने तकनीकी इंजीनियर को मतदान केंद्र जल्द ही पहुंचने का आदेश दिया। कुछ क्षणो बाद मशीन सुधार लिया गया है और मतदान सुचारू रूप से चलू हो गया।

### हरिहर हाई स्कूल में अव्यवस्था की बीच मतदान करने आया व्यक्ति हुआ बेहोश



**नवापारा–राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। हरिहर हायर हाई स्कूल में मतदान के लिए आया वार्ड नंबर 10 का मतदाता संतोष तारक धूप और प्यास के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा वहां उपस्थित लोगों ने तत्काल उपचार की व्यवस्था की।

## भाजपा नेता बजाज ने गृहग्राम में किया मतदान



**नवापारा राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में अपने गृह ग्राम खोलहा के बूथ क्रमांक 113 में मतदान किया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी तथा अभनपुर क्षेत्र में प्रचंड मतों से जीतेगें।

## धनेंद्र साहू ने तोरला, इन्द्रकुमार साहू ने गृहग्राम बेन्द्री, अमितेश शुक्ल किरवई और रोहित साहू ने गृहग्राम पीपरछेड़ी में किया मतदान



**राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने अपने गृहग्राम पीपरछेडी मे मतदान किया मतदान के पूर्व। श्री साहू परिवार सहित भगवान राजीव लोचन का दर्शन करने पहुंचे। फिर उसके बाद सपरिवार ने मतदान किया। क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू ने आज सुबह अपने निर्वाचन क्षेत्र के गृहग्राम बेन्द्री में अपने मतदाधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। उसी प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी धनेन्द्र साहू ने अपने गृहग्राम तोरला में मतदान किया।

## थर्ड जेंडर ने भी निभाई भागीदारी



**महासमुंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में तृतीय लिंग के 20 मतदाता है। वे इस बार मत डालने के लिए काफी उत्सुक दिखाई दे रहे हैं। बागबाहरा की रहने वाली सारिका ने कहा कि हमने इस बार वीडियो के माध्यम से न केवल थर्ड जेंडर से बल्कि सभी से मतदान करने की अपील की है। निश्चित रूप से इसका असर देखने को मिलेगा। हमने सभी अपने साथियों को मत देने का आग्रह किया है। लोकतंत्र के इस पर्व में हमारी भी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# 53 प्रत्याशियों के भाग्य ईव्हीएम में कैद, फैसला 3 दिसंबर को



**महासमुंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे जिले के चारों विधानसभाओं के 53 प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम मशीन में कैद हो गया। उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला अब 3 दिसंबर को होगा। जिले के सरायपाली विधानसभा से 8, बसना से 10, खल्लारी से 15 और महासमुंद से 20 प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमा रहे है। सुबह से ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की उत्साह देखा गया। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया वैसे–वैसे मतदान क्रेदों में कतारें लगनी शुरू हो गई। कही–कहीं पर लंबी कतारें देखी गई। जिले में 70.06 प्रतिशत मतदान का अनुमान शाम 5 बजे तक लगाया गया। बाहर मतदाताओं की मदद के लिए कांग्रेस–भाजपा के एजेंट बैठे हुए थे वही निर्वाचन आयोग द्वारा भी अलग से मतदान केंद्र में व्यवस्था की गई थी। जिले में मतदान कार्य शांति पूर्ण रहा। कही से अप्रिय वारदात की खबर नही है। मतदान केंद्रा में चाकचौबंद व्यवस्था सुरक्षा बलों की रही और सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों द्वारा मतदान पर्ची की जांच के बाद ही मतदान केंद्रों में प्रवेश दिया जा रहा था। कही–कहीं पर देर शाम तक वोटिंग चलने की संभावना है। निर्वाचन आयोग ने सुबह 8 से शाम 5 बजे तक का समय वोटिंग के लिए निर्धारित किया था शाम 5 तक जो मतदाता मतदान केंद्र के भीतर पहुंच गए थे उन्हें वोटिंग करने दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली विधानसभा में शाम 5 बजे तक 71.12, बसना में 70.3, खल्लारी में 70.69 व महासमुंद विधानसभा में 68.16 प्रतिशत वोटिंग होने का अनुमान लगाया गया है। वोटिंग परसेंटेज बढ़ने की संभावना है। सुबह 9 बजे की स्थिति में महासमुंद विधानसभा में महज 5.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसी तरह खल्लारी में 6.46, बसना में 6.2 व सरायपाली में 6. 2 प्रतिशत वोटिंग हुआ था। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया वैसे–वैसे मतदाता भी घरों से निकलकर कतारबद्ध होते रहे।

### मतदान केंद्रों में दिखा मतदाताओं का उत्साह, जिले में हुआ 70 फीसदी

### मशीन खराब 50 मिनट रूका रहा मतदान

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक शाला पिटियाझर के बूथ क्रमांक 209 में मतदान के दौरान दोपहर 1.40 बजे एक मशीन खराब हो गया। जिसके कारण मतदान 50 मिनट तक प्रभावित रहा। नए मशीन लाने के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान जोनल को जैसे ही सूचना मिली वैसे ही नई मशीन लेकर दोपहर 2.13 बजे पहुंचे और बंद मशीन को सील किया गया। यहां 1009 मतदाता में से 413 मतदाताओं ने वोट किया था। और बाहर लंबी कतार लगी हुई थी। जैसे ही ईव्हीएम मशीन बंद होने की जानकारी कतार में लगे लोगों को हुई वे वापस जाने लगे। बाद में दूसरे मशीन शुरू होने के बाद मतदाताओं ने वोट डाले। इस विधानसभा से 20 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे है लेकिन केवल कांग्रेस और भाजपा के पोलिंग एजेंट ही मतदान केंद्रों में नजर आए। अन्य प्रत्याशियों ने अपना पोलिंग एजेंट नियुक्त नही किया था।

### भाजपा प्रत्याशी ने भगवान गणेश की तो कांग्रेस प्रत्याशी ने मां खल्लारी की पूजन कर किया मतदान

लोकतंत्र के महापर्व में जहां मतदाताओं ने उत्साह से भाग लिया वही प्रत्याशियों ने भी आराध्य देवों की पूजा–अर्चना कर दिन की शुरूवात की। कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि चंद्राकर ने सुबह बेमचा की मां खल्लारी की पूजा अर्चना कर बेमचा स्कूल में मतदान किया और घर से दलिया खाकर अन्य मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई। वे नगर के सभी मतदान केंद्रा में निरीक्षण करते हुए बरोंडा, खट्टी जोन के अन्य क्षेत्रों में भी भ्रमण करती रही। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा ने गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना कर हनुमान मंदिर, शनि मंदिर व महामाया मंदिर में दर्शन पूजन के बाद अपने पोलिंग बूथ डीएमएस स्कूल में मतदान कर पोलिंग बूथों के निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इसी स्वाभिमान मंच के प्रत्याशी पंकज साहू अपनी सुबह की यात्रा मोरधा से शुरू किया वे बिना जलपान के ही गांव पहुंच गए थे जहां जायजा लेने के बाद एक स्थान पर चना–मुर्रा के लिए उनसे आग्रह किया जहां उन्होंने जलपान स्वीकार कर यात्रा शुरू की। निर्दलीय प्रत्याशी जुगनू चंद्राकर ने बताया कि वे बकमा में सबसे पहले मंदिर में पूजा अर्चना की और मतदान के बाद चौसेला तिवरा भाजी से जलपान कर चुनावी जायजा लेने निकले है। जनता कांग्रेस छग जे के प्रत्याशी अशवंत तुषार साहू ने झलप क्षेत्र में मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए बाहर मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे थे। इस विधानसभा में 20 प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमा रहे है।

## जैन तीर्थ रेशंदी गिरी सिद्ध क्षेत्र के निर्माण में छत्तीसगढ़ के तीन लोगों द्वारा सहयोग करने पर किया गया उनका सम्मान



**नवापारा–राजिम,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। जैनतीर्थ रेशंदि गिरी सिद्धक्षेत्र म प्र छतरपुर जिला में स्थित है जहाँ भगवान श्री पार्श्वनाथ जी का समवशरण पंधारा था, और उस समय मनुष्यों, पशुओं एवं देव–देवियों ने समवशरण में प्रभु का मंगल उपदेश श्रवण कर अनेकों जीवों ने अपना आत्म कल्याण किया था उस पावन भूमि पर देशना मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके पंचकल्याणक भी 04–दिसम्बर 2023 से 10 दिसम्ब12023 तक आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के सामिध्य में संपन्न होते जा रहा है। इसके निर्माण के लिए छग से दानदाता निर्मलकुमार, अभयकमार राकेश कुमारजी द्वारा नवापारा–राजिम, द्वितीय वेदिका के निर्माण हेतु भिलाई दि. दुर्ग निवासी राजेशकुमार मुकेश , वेदिका निर्माण हेतु सुनील कुमार सुजीत कुमार डोंगरगांव जि. राजनांदगांव में सहयोग राशी दी गई। इन सभी तीनों परिवारों का सम्मान समाज के अनेको सदस्यों के समक्ष पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य पं. ऋषभ शास्त्री च्च्पंकजज्ज नवापारा–राजिम द्वारा किया गया जिससे अन्य लोग प्रेरणा लेकर धर्म लाभ लें इन तीनों परिवारों के उज्जवल भविष्य की सभी ने प्रार्थना की।

## 10 प्रकरणों में 797.82 लीटर मदिरा तथा 9450 किलो महुआ लहान जप्त



### शुष्क दिवस के दौरान आबकारी विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)।। जिले में विधानसभा निर्वाचन कार्य निर्विघ्न तथा निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रभात मलिक द्वारा घोषित शुष्क अवधि दिवस में बंदी के दौरान जिले की आबकारी टीम अलर्ट मोड में रही। आबकारी टीम द्वारा निरंतर गश्त कर देशी मदिरा वेयरहाउस, बार तथा मदिरा दुकानों की सीलिंग तथा सुरक्षा गाड्र्स की तैनाती की आकस्मिक जांच की गयी। इस अवधि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रखने के उद्देश्य से होटल, ढाबे तथा संदिग्ध परिसरों की तलाशी जांच की गयी तथा अवैध मदिरा विक्रय का प्रकरण प्रकाश में आने पर आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए। इस अवधि में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु कुल 35 छापेमारी करते हुए 10 प्रकरणों में कुल 797.82 लीटर अवैध मदिरा तथा 9450 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। ओड़िशा के सीमावर्ती क्षेत्र में आबकारी स्टॉफ बरगढ़ नुआपाड़ा तथा आबकारी स्टॉफसराईपाली बागबाहरा द्वारा सीमा समन्वय कर संयुक्त रेड कार्यवाही करते हुए 161 पाउच 32.20 लीटर ओड़िशा निर्मित मदिरा जप्त की गयी। सीमापार मादक पदार्थों के चौर्यनयन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले की सीमावर्ती जाँच चौकी खम्हारपाली तथा टेमरी में स्थैतिक निगरानी दल तथा उड़नदस्ता दल के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए वाहनों की सघन जाँच की गयी।

जन्म दिन की बधाई



कुमकुम पटेल (काब्या)
बलौदाबाजार को आज जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...

शुभेच्छु- त्रिदेव भाई पटेल (पापा), मीनाक्षी पटेल (मम्मी), रामाधार पटेल (नाना), दुलारी पटेल (नानी), सिया बाई (दादी), सावन पटेल-वंदना पटेल (मामा-मामी), बहन चंचल पटेल, घनश्याम-अनिला पटेल, शंकर रेखा पटेल (नाना-नानी), धर्मेन्द्र-संध्या पटेल (मामा-मामी) एवं समस्त बलौदाबाजार, अमेरा, तिल्दा के पटेल परिवार

प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं
वोट करने जरूर जाएं

इंडियनऑयल
IndianOil

जे.एन. फ्युल्स
दरचुरा

डॉ. शिवकुमार भृगु फ्युल्स, भाटापारा
श्री शिवानी धर्मकांटा श्री शिवानी इंडस्ट्रीज



डॉ. शिवकुमार भृगु फ्युल्स, लिंक रोड, भाटापारा | पेट्रोल पंप, दरचुरा



शरद भृगु
पूर्व अध्यक्ष
शहर युवक कांग्रेस

शुभ दीपावली



वसंत भृगु
पूर्व नपा अध्यक्ष

- जे.एन. फ्युल्स, नेशनल हाइवे मार्ग, दरचुरा
- डॉ. शिवकुमार भृगु फ्युल्स, लिंक रोड, भाटापारा
- श्री शिवानी धर्मकांटा, लिंक रोड, भाटापारा
- श्री शिवानी इंडस्ट्रीज, लिंक रोड, भाटापारा



दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...



हेमलता वर्मा
अध्यक्ष
देवरी सोसायटी, भाटापारा

मनीष दीवान
प्रबंधक
देवरी सोसायटी, भाटापारा



दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...



सन्तुराम ध्रुव
अध्यक्ष
टेहका सोसायटी, भाटापारा

अभिषेक पाण्डे
प्रबंधक
टेहका सोसायटी, भाटापारा



अपनी ही सरकार है
मत देना अधिकार है



दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

ग्राम पंचायत खपराडीह
विकासखण्ड–भाटापारा
जिला–बलौदा बाजार–भाटापारा

लक्ष्मणदास मानिकपुरी
सरपंच

राजेन्द्र कोशले
सचिव

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण



दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

ग्राम पंचायत देवरी
विकासखण्ड–भाटापारा
जिला–बलौदा बाजार–भाटापारा

खेदू सेवकराम साहू
सरपंच

सतीश कुमार वर्मा
सचिव

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण



देवांगन जी बादल पानी पाउच भाटापारा वाले की सोनालिका ट्रेक्टर शो रूम

नवरात्र, दशहरा व दीपावली की हार्दिक शुभकामना

हाइड्रोलिक ट्राली का सम्पूर्ण कार्य किया जाता है।
अधिकृत विक्रेता
पुराना ट्रेक्टर लाओ नयी सोनालिका ट्रेक्टर ले जाओ।
पुरानी ट्रेक्टर व ट्राली एक्सचेंज की जाती है।

सोनालिका ट्रेक्टर्स

हाइड्रोलिक ट्राली
हाइड्रोलिक ट्राली
थ्रेसर
रोटावेटा
हार्वेस्टर
नागर
केजव्हील

सभी कंपनी के पुराने ट्रेक्टर के खरीदी बिक्री केन्द्र उचित मूल्य पर पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।

कम ब्याज दर पर फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
सम्पूर्ण कृषि यंत्र के विक्रेता

बादल ट्रेक्टर्स
मो.9300325462, 9827160681
डीलर: लिंक रोड, अग्रसेन भवन के बाजू, भाटापारा (छ.ग.)
सबडीलर : रामकिंकर हास्पिटल के बाजू, मेन रोड, सिमगा



दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं छठ पर्व पर
आप सभी को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई




मॉडर्न इंग्लिश स्कूल
छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त



- सभी कक्षाओं के लिए स्मार्ट क्लास की सुविधा
- कक्षा पहली से आठवीं तक कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
- अनुशासन पर विशेष महत्व
- सर्वोत्तम शिक्षण व्यवस्था
- सर्वसुविधायुक्त
- भवन व खेल प्रांगण
- प्रत्येक कक्षा में सीमित छात्र
- विभिन्न गतिविधियों द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास
- अध्ययन में कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं
- सी.सी.टी.वी. नियंत्रित शाला

तरेंगा रोड भाटापारा फोन नं. 9827963700 | प्रिंसिपल, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, भाटापारा



दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

ग्राम पंचायत
चिचपोल
विकासखण्ड–भाटापारा
जिला–बलौदा बाजार–भाटापारा



श्रीमती ज्योति लखेश्वर वैष्णव
सरपंच

मयाराम ध्रुव
सचिव

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण

## व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने सलिहा एफएसटी के कार्यों का जांच किया

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलिहा स्थैतिक निगरानी दल (एफएसटी) और वनोपज जांच चौकी के कार्यों का जांच किया। इस दौरान श्री सिंह ने एफएसटी दल के कर्मचारियों से जांच के संबंध में जानकारी लिया।

# जिले में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह



### राजिम में 71.23 प्रतिशत, बिन्द्रानवागढ़ में 71.02 प्रतिशत, जिले में कुल 71.23 प्रतिशत

**गरियाबंद,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इसके साथ ही गरियाबंद जिले के दो विधानसभा राजिम ओर बिन्द्रानवागढ़ के 17 प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में कैद हो गया। बड़े गोबरा के मतदान केन्द्र को छोड़कर शेष 572 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। राजिम विधानसभा के कुछ मतदान केन्द्रो में आखिरी समय में अधिक भीड़ आने के चलते देर रात आठ बजे तक मतदान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक जिले में शाम बजे की स्थिति में 71 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

इसके पहले मतदान को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह आठ बजे लोकतंत्र का महापर्व शुरू होते ही लोग उत्साह के साथ वोटिंग करने पहुँचे। अपनी बारी का इंतजार करते हुए लोगों ने मतदान किया। मतदान करने के बाद लोगों ने अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया, ताकि बाकी लोग भी मतदान करने प्रेरित हो सकें।

जानकारी के मुताबिक जिले के दोनो विधानसभाओं में मतदान की धीमी शुरूआत हुई, लेकिन धीरे-धीरे वोटिंग का प्रतिशत बढ़ता चला गया। कतारबध्द होकर लोगो ने मतदान किया। इस दौरान महिलाओ, युवाओ, किसानो हर वर्ग में काफी उत्साह नजर आया। पहले घंटे में मतदान का औसत कम रहा है। लेकिन बढ़ते दिन के साथ इसमें तेजी से इजाफा हुआ। दोपहर 11 से 3 के बीच सर्वाधित मतदान हुआ। देर शाम होते आकड़े में फिर कमी आ गई।

**पिछले बार से इस बार मतदान के प्रशिशत में आई कमी**

जिले में 2018 के चुनाव के भांति इस वर्ष भी जिले के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लेकिन आकड़ो के मुताबिक पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस वर्ष मतदान के प्रतिशत में कमी आई। जिले के दोनो विधानसभा में आठ से दस प्रतिशत प्रतिशत मतदान कम हुआ। जानकारी के मुताबिक राजिम विधानसभा में 71.23 प्रतिशत मतदान हुआ है, वहीं बिन्द्रानवागढ विधानसभा में 71.02 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। वही जिले में शाम पांच बजे तक 71.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जबकि 2018 में राजिम विधानसभा में 78 और बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में 83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

**देखे कहा कितना मतदान हुआ -**

| समय | राजिम | बिन्द्रानवागढ़ | कुल |
|---|---|---|---|
| 09 बजे तक | 9.7 | 11.3 | 10.5 |
| 11 बजे तक | 18.6 | 18.8 | 18.7 |
| 01 बजे तक | 41.84 | 44.57 | 43.20 |
| 03 बजे तक | 56.16 | 59.16 | 57.66 |
| 05 बजे तक | 71.23 | 71.02 | 71.13 |

# विस चुनाव के दूसरे चरण में शांति पूर्ण मतदान मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा



**सिमगा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान करने के उपरांत सेल्फी जोन में फोटो खिचाकर खुशी जाहिर किया । साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने उत्साहित नजर आए 91 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने धनमत साहू ने मतदान किया ।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज 17 नवबंर को नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के सभी 12 बूथों में देर शाम तक मतदान संपन्न हुआ । नगर के कुल 12 बूथों में 12287 मतदाता है । इनमें से 6256 महिला एवं 6131 पुरूष मतदाता है। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी भीड़ देखी गई। बूथ क्रमांक 36 में ईवीएम मशीन खराब होने के कारण लगभग 1 घंटे तक मतदान प्रभावित रहा उक्त मतदान केंद्र में 3 बजे तक 36 प्रतिशत ही मतदान हो पाया था । बूथ क्रमांक 31 में आधे घंटे तक ईवीएम मशीन खराब होने की जानकारी मिली है । विकलांग युवती चित्ररेखा का मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण वह मतदान करने एक बूथ से दूसरे बूथ में भटकते नजर आई अंतत: वह मतदान करने से वंचित रह गई । वहीं लकवा बिमारी से पीड़ित लव कुमार यादव ने मतदान में हिस्सा लिया । संबंधित अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक अनुमानित कुल 8275 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके है जिसका प्रतिशत लगभग 67 होता है समाचार लिखें जाने तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था कि गई थी। जिससे कि नगरीय निकाय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

## भाटापारा विस में 74.23 प्रतिशत मतदान



**भाटापारा,** 17 नवंबर। सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ मतदान के लिए पहुंचने लगी थी। मतदान स्थलों में महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गई। जिसे देखकर लग रहा था कि। मानो उन्हें महतारी वंदन योजना पसंद आ गई हो पसंद आ गई हो। मतदान के दौरान शहर पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद थी एसडीओपी आशीष अरोड़ा एवं नगर निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे स्वयं सुबह से मतदान स्थल ऑन में भ्रमण करती रही। भाजपा प्रत्याशी शिव रतन शर्मा ने भी अपनी सहधर्मिणी सीमा शर्मा के साथ मतदान किया।

## सरायपाली विस क्षेत्र में 80 फीसदी से अधिक मतदान

**सरायपाली,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण ढंग से निपट गया कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है चुनाव लड़ने वालों का भाग्य वोटिंग मशीन में कैद हो गया कांग्रेस से चातुरी नंद भाजपा से सरला कोसरिया जोगी कांग्रेस के किस्मत लाल नंद सहित कुल 8लोग चुनाव मैदान में थे पहले तो त्रिकोणी संघर्ष की स्थिति बन रही थी लेकिन आखरी समय में कांग्रेस व भाजपा के बीच हो गई जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अंतिम 3दिनों में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गए प्रचार प्रसार के अंतिम समय में जोगी कांग्रेस के तीन वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए हार जीत अब भाजपा कांग्रेस के मध्य में होगी दोनो पार्टी के कार्यकर्ता जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा के लोग पांच से दस हजार के बीचजीत का दावा कर रहे हैं तो कांग्रेसी क्लीन स्वीप की बात कर रही है 35हजार से अधिक से जीत का दावा कर रहे हैं आज मतदान केंद्रों में सुबह से ही लोग लाइन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे नगर केमतदान केंद्र क्रम 132में वोटिंग मशीन में खराबी के कारण मतदाताओं की लम्बी लाइन लग गई जो कि अंतिम समय तक रही भाजपा केदूवा सेक्टर में दो से तीन हजार से लीड का दावा कर रही है सरायपाली क्षेत्र में शाम पांच बजे तक 71.12प्रतिशत मतदान होने की खबर है लिमगांव में 91 फीसदी 677601मत पड़े हैं 677/601इसी प्रकार घाटकाछार में89पड कीपाली88 खैरझिटकी 86बालसी 85सिंघोड़ा 82.42टिभू पाली 875/752राफेल 1058/855पैकिन 774/579कालीदारहा 87त्रचिवराकुटा 711/612चट्टी गिरोला 911/798दुलार पाली 81.96 फीसदी पलसापाली 86.51 फीसदी।



**भाजपा कांग्रेस दोनो पार्टी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं जोगी कांग्रेस दौड़ में शामिल नहीं**

## कलेक्टर ने मतदान दल के ईवीएम मशीनों के संग्रहण व्यवस्था का जायजा लिया



**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी और रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री वापसी के बाद संग्रहण व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान समाप्ति के बाद कलेक्टोरेट के बाजू मंडी परिसर सारंगढ़ में दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ का निर्वाचन सामग्री ईव्हीएम, वीवीपैट का संग्रहण कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण उपरान्त स्ट्रांग रूम में सील किया जाएगा। सारंगढ़ के समीपस्थ ग्राम चंवरपुर मतदान केन्द्र से मतदान दल का सामग्री के साथ वापसी का पहला आगमन हुआ है। इसके साथ-साथ अन्य मतदान केन्द्रों से भी मतदान दलों का निर्वाचन सामग्री के साथ वापसी लगातार हो रहा है।

## वोटर टर्न आउट एप से मिला विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत

**बिलाईगढ़,** 17 नवंबर (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और मिजोरम के विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान प्रतिशत का रिकार्ड प्रति दो घंटे में अपडेट मिला। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मतदाताओं के द्वारा किए गए मतदान का प्रतिशत सुबह 11 बजे तक जिले में 18.01 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 18.19 प्रतिशत और सारंगढ़ में 17.80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार दोपहर 1 बजे तक जिले में 42.44 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 39.16 प्रतिशत और सारंगढ़ में 46.20 प्रतिशत मतदान हुआ। अपरान्ह 3 बजे तक जिले में 59.28 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 57.23 प्रतिशत और सारंगढ़ में 61.62 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक जिले में 73.31 प्रतिशत, विधानसभा बिलाईगढ़ में 69.18 प्रतिशत और सारंगढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान हुआ।

## कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव सहपरिवार पहुंचे पैतृक गांव फुटगुना किया मतदान



**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु)। महासमुंद जिले की खल्लारी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव आज सहपरिवार अपने पैतृक गांव फुनगुना पहुंचे जहां उन्होंने मतदान किया।

पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए श्लोक एवं सूक्ति मतदान करने अपने पैतृक ग्राम फुनगुना पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी श्री यादव के साथ-साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती विनीता यादव सहित उनके सुपुत्र देव आदित्य(श्लोक)एवं सुपुत्री देवपूर्णा (सूक्ति) अपनी माता-पिता की गोद में पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। मतदान करने के पश्चात मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी द्वारकाधीश यादव ने बताया कि च्कांग्रेस है तो भरोसा हैज्। हम इसी मूल मंत्र को लेकर चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार की गारंटी और भरोसे के आधार पर मतदान कर रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में फिर से संपूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

वहीं श्री यादव ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी की। इस दौरान श्री यादव के अनुज व पिथौरा जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव भी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी यादव के साथ मतदान करने पहुंचे थे जिनके गोद में उनकी पुत्री आद्या भी नजर आई।

## खल्लारी क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**बागबाहरा,** 17 नवंबर (देशबंधु) ।खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में आज शुक्रवार को अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। इस क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक मतदाताओं की लम्बी लाईन लगी हुई थी। मतदान करने महिला एवं पुरुष मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदान को शांतिपूर्वक कराने सभी मतदान केंद्रों में पुलिस एवं बटालियन जवानों की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था शासन द्वारा किया गया था। क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने की जानकारी नहीं मिली है। बल्कि मतदान सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। जिसमें सभी लोगों का सहयोग रहा। ग्रामीण अंचल के मतदान केंद्रों में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक खेतिहर किसान मजदूरों की लाईन मतदान करने लगी हुई थी। इस क्षेत्र में कुल 70 ? प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,17,323 मतदाता है। जिसमें 1,09877 मतदाता पुरुष हैं। वहीं 1,10,438 मतदाता महिला हैं। तथा 8+66 मतदाता अन्य सेवा मतदाता हैं। इस क्षेत्र में कुल 277 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिनमें से पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसे फ्लैक्स बोर्ड के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने सजाया गया था।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर, जोगी कांग्रेस प्रत्याशी रेखराम बाघ, बसपा प्रत्याशी सुफल राम साहू, आप प्रत्याशी नीलम ध्रुव समेत कुल 15 प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटियों में कैद हो गई है। बागबाहरा नगर में 18 मतदान केंद्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में 259 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें से अधिक मतदाताओं की संख्या 1255 , मतदान केंद्र क्रमांक 21 पतेरापाली में थे। इस बार मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारी के साथ तीन सहयोगी की टीम ने मतदान कार्य को पूर्ण कराया। इसमें 30 ऐसे मिक्स बूथ है जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला कर्मी ने मतदान कराया। 10 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहाँ सभी कर्मी महिलाएं थी। इनमें पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिन्हें विशेष रूप से आकर्षित करने विशेष सजावट किया गया था। इसके अलावा एक मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किया गया था। तथा एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहाँ सभी कर्मी युवा हैं। मिक्स बूथ जहाँ दो पुरुष एवं दो महिला वर्ग कर्मचारी मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराया। वे क्रमश: बूथ क्रमांक 20 कसहीबाहरा, 21 पतेरापाली, 22 आँवराडबरी, 24 खल्लारी, 25 खल्लारी , 28 मरार कसही बाहरा, 30 ओंकारबंद, 89 हरनादादर, 90 हरनादादर, बूथ क्रमांक 91,92,93,94 तेंदूलोथा कला, 95 नवागाँव, 96 तेंदूलोथा कला, 97 लालपुर, 98 भानपुर, 99 सुनसुनिया, 111,112 लमकेनी, 116 सिर्री पठारीमुड़ा, 127 सराईपाली, 130,131 तेंदूकोना, 193,194 सम्हर, 197 बिहाझर, 198 कसही बाहरा, 199 फुलवारीकला शामिल है। इसी प्रकार 10 संगवारी मतदान केंद्र के रूप में ऐसे हैं जहाँ पीठासीन अधिकारी समेत तीनों सहयोगी कर्मी महिलाएं हैं। यह मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित हैं। जिनमें मतदान केंद्र क्रमांक 81,82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 104, 109 लालपुर , 114 सिर्री पठारीमुड़ा, 115 दारगांव एवं 117, 118 सुखरीडबरी केंद्र हैं। इनमें से बूथ क्रमांक 82 घूंचापालीकला, 84,85 खोपली, 115 दारगांव, 118 सुखरीडबरी को आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं।




## राजिम विस के लिए फिंगेश्वर में मतदान



**फिंगेश्वर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। फिंगेश्वर मैं मतदान केंद्रों मैं प्रारंभ से पुरुषों ने मतदान की शुरुआत की युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लगभग 4:00 बजे से 5:00 बजे के बीच महिलाओं की संख्या सभी बुथ में अधिक थी मतदान केंद्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल मतदाता 6313 जिसमें मतदान 5100 मतदाताओं ने मतदान किया इनमें महिलाओं की संख्या 2654 अधिक थी एवं पुरुषों की संख्या 2446 बताई गई अधिकृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी चुनाव आयोग द्वारा सभी बूथ केद्रो में मतदाताओं के सहयोग हेतु पानी की व्यवस्था व्हीलचेयर की व्यवस्था और भी अनेक सुविधाएं की गई थी पुलिस बल सभी जगह मुस्तादी से मतदाताओं को मार्गदर्शन कर रहे थे फिंगेश्वर में कुल 8 केंद्र बनाए गए थे भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मतदाताओं को लाने ले जाने में लग रहे मतदान के अंतिम चरण में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होने को कांग्रेसी अपने पक्ष में मतदान अधिक होने का दवा करते पाए गए सभी केंद्रों में सेल्फी जोन लगाया गया था मतदान पश्चात युवा मतदाता सेल्फी जोन का लाभ ले रहे थे पूरे दिन किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं हुई मतदान प्रक्रिया पूर्णतया शांतिपूर्वक रही।

## अधिकारी-कर्मचारी समिति ने मिलकर किया गांव में पारंपरिक आयोजन

**नवापारा राजिम**, 17 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को बचाये रखने के उद्देश्य से ग्राम दादरझोरी के सभी शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारीयों ने एक समिति बनाकर गाँव में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघ के सचिव शिक्षक हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि उनके गाँव में सरकारी एवं प्राइवेट मिलाकर लगभग 70 कर्मचारी है जिन्होंने एक अभिनव पहल करते हुए गोवर्धन पूजा के दिन जय बजरंग अखाड़ा मौरीकला लगभग 40 युवाओं ने हैरतअंगेज़ करतब से ग्रामवाशियों का खूब मनोरंजन किया जबकि मातर के दिन धरती के श्रृंगार, सुवा मंडली सेर ज़िला महासमुंद और जय माँ काली सुवा नृत्य मंडली लभराकला ज़िला महासमुंद का पारंपरिक सुवा नृत्य ,बारामाशी गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति दिए एवं हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का अभिनव कार्य कर रहे है ।




अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघ के समस्त पदाधिकारियों ने पूरे आयोजन के सफल संचालन एवं व्यवस्था में भरपूर सहयोग प्रदान किया समिति के सचिव के अनुसार आने वाले समय में हांके समिति के द्वारा गाँव के होनहार विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग,मार्गदर्शन दिया जाएगा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनके भविष्य के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा ,ग्राम विकास में सहयोग एवं कार्ययोजना बनाकर आगे की रणनीति तैयार किया जाएगा । इस आयोजन में अध्यक्ष तुका राम साहू (व्याख्याता),श्याम लाल साहू कार्यकारी अध्यक्ष ,इन्द्रसेन साहू कोषाध्यक्ष ,हेमन्त साहू सचिव,चन्द्रहास साहू उपाध्यक्ष,केदारनाथ साहू संरक्षक,हीरालाल साहू संरक्षक,शशिकांत साहू भारतीय रेलवे ,लोक साहू भारतीय रेलवे ,शिवकुमार साहू शिक्षक,नंदू राम साहू शिक्षक ,भगवती प्रसाद साहू आयकर विभाग,समारू राम साहू शिक्षक ,लोकनाथ साहू सचिव ,रिखमचंद साहू छ.ग.पुलिस ,चंदन साहू शिक्षक ,टाँकेश्वरी साहू शिक्षिका,लोचन साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,हेमराज़ साहू ,कामता प्रसाद साहू ,भीखमचंद साहू,जीवन साहू ,मनाराम साहू ,टिकेश्वर साहू,नेहरू साहू,होरीलाल साहू ,लक्ष्मीकान्त साहू ,गिरधारी साहू समेत समिति के सभी सदस्यगण एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थित रही ।


## मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह




**पलारी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के दुसरे फेज का विधानसभा का चुनाव हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र कसडोल मे चुनाव शाँतीपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ कही अप्रिय घटना का समाचार सुनने को नही मिला वही मतदान को लेकर पलारी नगर मे गजब का उत्साह देखने को मिला नगर मे मतदान के उत्सुक लोगो की कतारे लगी रही वही पहली बार वोट कर रहे युवाओ मतदान पश्चात सेल्फी जोन मे सेल्फी लेकर इस यादगार लम्हो को सँजोया, एजेंटो से जानकारी के मुताबिक पलारी के 9 बुथो मे करीब 80 फिसदी मतदान हुआ वही जानकारी के मुताबिक पलारी के दतान प, मुसवाडीह, रोहाँसी, सोनारदेवरी सहित कई गाँवो मे 80 फिसदी से भी अधिक वोट पड़े हैं ।वही ओव्हर आल 5 बजे तक कसडोल विधानसभा में 67.19 फिसदी मत पड़े है। वही पूर्व सांसद पी आर खूंटे ने भी लाइन में शामिल होकर अपना मतदान किया ।नगर के लोगो से मतदान की अपील करते रहे वही दिव्याँग और वृद्ध जनो को मतदान केंद्र तक ले जाने मे चुनाव में तैनात सुरक्षाबल सहित स्काऊट गाईड एनसीसी कैडेट ,नगर पँचायत के कर्मचारी और भाजपा काँग्रेस के एजेंटो का भरपूर सहयोग देखने को मिला ।वही चुनाव को लेकर मतदाता खामोश रहे ,ऊट किसके तरफ करवट लेगी ये अनुमान लगाने मे प्रमुख दलो के नेता भी असहाय नजर आए, 3 दिसंबर को ही नतीजे के दिन ही परिणाम के पटापेक्ष होने पर परिणाम का पता चलेगा।


आप सभी को
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY Diwali
महेन्द्रा स्पंज एवं पावर लिमिटेड यूनिट-II
सरोरा (तिल्दा)


समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
खुशी हॉस्पिटल
डॉ. जोगेश विशनदासानी
M.B.B.S., MD, DM (Cardiology)
Interventional Cardiologist
& Physician
प्रत्येक रविवार
समय 11 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ. भोजराज मोहनानी
(एम.बी.बी.एस., एम.एस.) सोनोलॉजिस्ट
पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. अमित नाशा
(बी.डी.एस. एमडीएस)
दंत रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
डॉ. शिल्प वर्मा
एम.बी.बी.एस, एम.एस.
आर्थोपेडिक्स (गोल्डमेडेलिस्ट)
एफ.जे.आर.एस.
सी.पी.सी.आर., सी.पी.डी.एम. (यु.के.)
डॉ. राहुल सिंग
(अन्कोलजिस्ट) कैंसर रोग विशेषज्ञ
माह के चौथे रविवार को प्रातः 11 से 2 बजे तक
24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध
सम्पर्क : 7089064367, 7693064367
पता : गायत्री मंदिर, पेट्रोल पंप रोड
संत कंवरराम चौक के पास, तिल्दा-नेवरा


चौदह वर्ष के वनवास को पूरा कर
रामलला के अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में
मनाये जाने वाले दीपों के पर्व
दीपावली
की आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं
समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उन्नति के लिए
हाईटेक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड
परसदा (तिल्दा)


झिलमिलाते दीपों की रोशनी से प्रकाशित,
ये दीपावली आपके घर में
सुख-समृद्धि और आशीर्वाद ले कर आए!
आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त देशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उन्नति के लिए
संभव स्पंज पॉवर प्रा. लिमिटेड
ग्राम-सरोरा की ओर से

# कसडोल विधानसभा में शांतिपूर्ण रहा मतदान

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। कसडोल विधानसभा के 20 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। जिसका परिणाम आगामी 3 दिसंबर को मिलेगा। जिले में 70.70 प्रतिशत तो कसडोल की मतदान प्रतिशत पर बात करें तो लगभग समाचार लिखे जाने तक 67.19 प्रतिशत आकलन किया गया। वही देर शाम तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर देर शाम 5 बजे तक मतदाताओं का हुजूम लगा रहा। उल्लेखनीय है कि इस बार किसी भी प्रत्याशी के द्वारा शराब वितरण करते हुए देखा नही गया और न ही लोग मतदान दिवस पर शराब पिकर दिखाई दिए। जिसे आम मतदाताओं में खुशी का माहौल रहा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्रों की बात करे तो सभी केंद्रों में प्रशासन की शक्ति देखी गई, और लगातार मतदाता बूथों तक पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे थे। गौरतलब है विधानसभा चुनाव होने के नाते वोटिंग के प्रति सुबह-सुबह झुकाव देखने को मिल रहा था। लेकिन यही प्रक्रिया देर शाम तक कम होने लगी। प्रशासन भी मतदान व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रशासनिक अमला सभी बूथों पर रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से नजर बनाए रखा था। वही देर शाम तक कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की खबर नहीं मिली है। कतार में खड़ी महिला की हार्ट अटैक से मौत कसडोल विधानसभा के मतदान क्रमांक 76 मल्दा में सुबह 10:30 बजे करीब 58 वर्षीय सहोदरा नामक महिला की मौत मतदान केंद्र में प्रवेश के बाद खड़े-खड़े जमीन पर गिरी और हार्ट अटैक से मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने उक्त महिला का शव सीएचसी कसडोल लाकर पोस्ट मार्टम करवा लिया है। अब रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

सभी ने निर्भीक होकर मताधिकार का किया उपयोग-इधर मतदान कर रहें नगर के शंकर तलरेजा ने लोगों को सबसे पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देकर जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। लोकतंत्र के महायज्ञ में



- 20 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद
- लाईन में लगी महिला की हार्ट अटैक से मौत
- 402 बूथों में प्रशासन की रही पैनी नजर

मतदाताओं ने स्व स्फूर्त होकर भाग लिया। सुबह 8 बजे से देर शाम तक मतदान केंद्रों में लोगों की भारी भीड़ रही। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भी भारी मतदान हुआ। यहाँ का मतदान प्रतिशत 67.19 प्रतिशत आका गया। कसडोल क्षेत्र में 20 प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बन्द हो गए। मतदान को लेकर इस बार के चुनाव में प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए थे जिससे मतदान पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में 70 सीटों के चुनाव में छत्तीसगढ़ के जितने हाईप्रोफाइल सीटें है उनमें से एक कसडोल विधानसभा क्षेत्र भी है, यह सीट इसलिए भी हाईप्रोफाइल सीटों में गिनी जा रही है क्योंकि एक तरफसत्ता संसाधन सम्पन्न तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू है, तो दूसरी तरफसंसाधन विहीन भाजपा के प्रत्याशी धनीराम धीवर है तो निर्दलीय की ओर से चुनावी रणनीति के माहिर गोरेलाल साहू चुनावी मैदान में थे। इस सीट में हुए चुनाव में आम मतदाता स्वस्फूर्त होकर मतदान करने के लिए सुबह से ही अपने घर से निकलने लगे थे। मतदान को लेकर जहाँ पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया तो वहीं महिला मतदाताओं में भी गजब का उत्साह को देखने को मिला। वहीं वृद्ध लोगों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने के लिए एनसीसी, स्काउट गाइड की टीम व्हील चेयर से मतदान केंद्र पहुँचा रही थी। कसडोल सीट हाईप्रोफाइल सीट है इस लिहाज से चुनाव आयोग द्वारा यहाँ पर सीआईएसएफके 2400 जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किए थे, साथ ही 1500 पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे जिससे पूरे क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इधर प्रशासन ने वेबकास्टिंग के जरिये सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही थी ताकि कही भी मतदान में गड़बड़ी न हो सकें। इसके अलावा प्रशासन ने लगभग मतदान केन्द्रों में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था।

# जिला बदर की कार्रवाई के बाद भी थाना क्षेत्र में घूम रहे 2 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को जिला बदर की कार्यवाही किया गया है जिन्हे सीमावर्ती जिला से बाहर रहना है यदि थाना क्षेत्र में घुमते मिलने पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक श्री हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था।



दिनांक 15.11.2023 को टाउन भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना मिला कि ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव निवासी धुरंधर वार्ड भाटापारा का जिसका 3/11/2023 को कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिला बदर किया गया है, वह धुरंधर वार्ड भाटापारा में एक किराना दुकान के पास गली मे घुम रहा है एवं राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू निवासी के0के वार्ड भाटापारा का जिसका दिनांक 03/11/2023 को कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिला बदर किया गया है वह के0के0 वार्ड भाटापारा मे तालाब के पास घुम रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी *ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव एवं राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू* को पकडा गया, जिनको गवाहो के समक्ष जिला बदर की कार्यवाही न्यायालय जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा से होने के बाद भी यहां घुमने का कारण पुछने पर अनावेदकगण मालूम है लेकिन हम किसी के आदेश को नही मानते है, अपनी मर्जी का मालिक है, अपने मर्जी से घुम रहे है, किसी से डरते नही जहां चाहे घुम सकते है। बोलने पर जिन्हे धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस देकर स्थगन आदेश के संबंध मे न्यायालय की अनुमति पेश करने के संबंध मे नोटिस दिया गया जिस पर इनके द्वारा कोई अनुमति नही है लिखकर दिया गया। कि आरोपी राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू के विरूद्ध अप.क्र. 419/2023 धारा-14,15 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि0 एवं आरोपी ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव के विरूद्ध अप. क्र. 420/2023 धारा-14,15 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि0 के तहत अपराध पंजीबद्व कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया *उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह प्र.आर. भूखन वर्मा, जेठूराम मनहरे आरक्षक उमेश वर्मा, सीताराम ध्रुव, त्रिलोकीनाथ वर्मा, महेन्द्र साहू, का विशेष योगदान रहा।

आरोपीयों का नाम- राहुल यादव ऊर्फ जैकर ऊर्फ सोनू पिता हीरालाल यादव ऊर्फ कल्लु यादव उम्र 26 वर्ष साकिन के0के0 वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर। ठाकुर राम ध्रुव ऊर्फ मोन्टू ध्रुव पिता जय ध्रुव उम्र 26 साल निवासी धुरंधर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

# दृष्टिबाधित ओमन ने ब्रेल मतपत्र का प्रयोग कर किया मतदान



**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में इस बात मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाता वर्ग अपने कामों को छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दे रहे है। जहां एक ओर सामान्य वर्ग अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केन्द्रों तक पहुंच रहे है। वही दूसरी ओर दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाता भी एक कदम आगे आकर मतदान में अपनी सहभागिता निभा रहे है। जिला धमतरी नि:शक्त पुर्नवास केन्द्र में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में काम करने वाले ओमन सिन्हा जो दृष्टि बाधित दिव्यांग है, वह अन्य मतदाताओं का स्वयं सेवक बन उनकी सहायता कर रहा है। ओमन स्वयं दृष्टि बाधित है और उसने ब्रेल मतपत्र के जरिये मतदान केन्द्र क्रमांक 66 नवीन प्राथमिक शाला भवन तेलीनसत्ती मतदान किया है।

# मातर उत्सव में रंगारंग प्रस्तुति ने मन मोहा

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। सोरिद वार्ड में यादव समाज के तत्वाधान में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों और युवक-युवतियों की राउत नाचा टोली का नृत्य आकर्षक रहा। स्कूली विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को प्रभावित किया।

सोरिद वार्ड में शीतला मंदिर परिसर के सामने स्थित सहाड़ा देव स्थल परिसर में दीपावली पर्व मनाया गया। यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा, भाईदूज मातर उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड के राधा कृष्ण मंदिर से यादवों की टोली ने गडवा बाजा की धुन में राउत नाचा के साथ भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली। जो प्रमुख मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। बच्चों और युवक-युवतियों के पारम्परिक परिधान में दोहा सुनाते हुए राउत नाचा की प्रस्तुति मनमोहक रहा, जिसका वार्डवासियों के अलावा आसपास से आये नागरिकों ने भरपूर लुत्भ उठाया। राउत नाचा के अतिरिक्त सोरिद प्राथमिक शाला के छात्राओं द्वारा कर्मा गीत, बस्तरिया गीत पर मंच पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम स्थल पर मनमोहक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को उपस्थित दर्शकों ने नगद राशि पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में लालाराम मगेन्द्र,पार्षद दीपक गजेन्द्र, शिक्षक बसंत देवांगन, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, रामनाथ



**सोरिद में यादव समाज द्वारा भाईदूज कार्यक्रम का आयोजन**

यादव, दयाशंकर सोनी, आशिष रात्रें, रामेश्वर यादव, यशवंत यादव, नरेन्द्र यादव, प्रीतम सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, कुशल देवांगन, ईतवारीराम ठाकुर, मोहित राम यादव, धनेश यादव, दीपक यादव, रामजीवन यादव, महेन्द्र यादव, राजाराम यादव, मोहित राम यादव, यशवंत यादव, राजकुमार यादव, रामाधीन यादव, राजू यादव,पोखराज पप्पू यादव, सुकलाल यादव, चन्दू यादव, नरेन्द्र यादव, श्रीमती शीतल यादव, आशाबाई यादव,बृजलाल यादव, संजीव यादव कोमल यादव, रामरतन यादव, विक्की यादव नन्द किशोर यादव आदि उपस्थित थे।

**सोहई बांधने की रस्म पूरी की**

मातर उत्सव के पूर्व बुधवार कों सोहई बांधने की परम्परा निभाई गई। यादवों बन्धुओं की टोली बाजे-गाजे के साथ घर-घर पहुंचकर गोधन की पूजा कर सोहई बांधने का रस्म पूरा किया। संध्या बेला में सहाड़ा देव स्थल में गोवर्धन पूजा किया गया। गोबर का तिलक लगाकर वार्डवासियों ने एक-दुसरे को गोवर्धन पूजा की बधाई दी।

**खीर-खिचड़ी का प्रसाद बंटा**

भाईदूज के दिन कार्यक्रम स्थल पर समाजिकजनों द्वारा गोधन को खिचड़ी खिलाई गई। कार्यक्रम समाप्ति के बाद नागरिकों को खीर-खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मातर उत्सव में शामिल होने आये महिला-पुरूष बच्चों ने देर शाम तक कार्यक्रम का आनंद लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

# लोकतंत्र का महापर्व, मतदान के लिए लगी लंबी कतार



**खरोरा,** 17 नवंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के 70 सीटों पर आज मतदान चल रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट ही एक ऐसा अधिकार है,जिससे जनता अपनी मनचाही सरकार चुनती है, इसलिए आवश्यक है कि सभी को इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए । अपने मताधिकार का उपयोग ऐसे प्रतिनिधि के लिए करें जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे। सुबह से ही क्षेत्र के मतदान केंद्र में मतदाताओं की लंबी कतार देखने में मिली पुरुष मतदाताओं के साथ महिलाएं भी सुबह से मतदान के प्रति जागरूक दिखी।

# दिव्यांगजनों व 80 + के मतदाताओं के लिए की गई नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक-24, माध्यमिक शाला भवन ग्राम भोथीपार को ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' बनाया गया है। इस केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने आए दिव्यांगजन लोमन और लिलेश ने कहा की हम पहले भी वोट डालने मतदान केन्द्र में आते थे, लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग और प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए सुविधा प्रदान की गई है। दिव्यांगजन और वृद्धजनों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसलिए वाहन, व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। वहीं दिव्यांजनो हेतु बनाये गये इस बूथ में दिव्यांगजनों का स्वागत फूलमाला पहना कर किया गया, जो कि बहुत है हर्ष की बात है। इस बूथ की खासियत यह है की बूथ में आने वाले दिव्यांगजन और वृद्धजनों को मतदान में प्राथमिकता भी दी जा रही है। इसके साथ ही इस बूथ में सभी मतदान कर्मी दिव्यांग महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' के रूप में सुसज्जित किया गया है। उल्लेखनीय है की लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं थर्ड जेण्डर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और उनके माध्यम से अन्य सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से ''दिव्यांगजन मतदान बूथ'' का निर्माण समाज कल्याण विभाग धमतरी द्वारा किया गया है, साथ ही 80 वर्ष के अधिक उम्र वाले मतदाताओं हेतु (मांगे जाने पर) नि:शुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। नि:शुल्क परिवहन स्थानीय स्तर पर बीएलओ/पंचायत सचिव के द्वारा परिवहन की मांग किये जाने पर उपलब्ध करायी जा रही है। ऐसे दिव्यांग मतदाता जो कि मतदान के लिए पोलिंग बूथ तक पहुंचने में असमर्थ होते है या नहीं पहुंच पाते है तथा 80 वर्ष के अधिक उम्र के वृद्धजन मतदाताओं को उनके निवास स्थान से पोलिंग बूथ तक लाने एवं मतदान कराकर वापस छोड़ने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस कार्य में जिले के शैक्षणिक संस्थाओं के एनसीसी, एनएसएस के कैडेट, स्काउट गाईड के स्वयंसेवक मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं। वृद्धजन मतदाताओं को मतदान में होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुये ''दिव्यांगजन एवं वृद्धजन रथ'' चलाया जा रहा है जिसमें ''दिव्यांग मतदान केन्द्र'' के द्वारा वृद्धजन हेतु वाहन व्यवस्था, दिव्यांगजन हेतु व्हील चेयर एवं वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है कि जिले में 80 साल से अधिक आयु के कुल 4 हजार 412 वृद्धजन मतदाताओं में से सिहावा विधानसभा में 1 हजार 124, कुरूद विधानसभा में 1 हजार 351 और धमतरी विधानसभा में 1 हजार 934 मतदाता हैं। इसी तरह कुल 5 हजार 990 दिव्यांग मतदाताओं में सिहावा विधानसभा में 1 हजार 557, कुरूद विधानसभा में 2 हजार 283 और धमतरी विधानसभा में 2 हजार 150 मतदाता हैं।



# धमतरी जिले में रिकार्ड मतदान 78.80 प्रतिशत पड़े

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 753 मतदान केंद्रों में मतदाताओं द्वारा सुबह से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे तक हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि मतदाता अब जागरूक हो गए हैं।सिहावा विधानसभा के आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। 17 नवम्बर को सुबह से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जिसका परिणाम है कि दोपहर 1 बजे 43 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया। धमतरी जिले का 1 बजे तक का रिपोर्ट देखे तो सिहावा विधानसभा में 41.7, कुरुद विधानसभा- 41.8 और धमतरी विधानसभा- 43.3 प्रतिशत मतदान हो चुका है। यहां तक कि यह स्थिति है कि कई मतदान केंद्रों में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है।



**जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक हो रहा मतदान**

# स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं मतदान केन्दों में कर रहे हैं सेवा कार्य

**खरोरा,** 17 नवंबर। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड की छात्र, छात्राएं खरोरा, केशला, बुढेरा मांठ, के विभिन्न मतदान केंद्रों में सेवा कार्य का सुचारू व व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 67, 68, 69, 70 , 71, 72, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 में विद्यालय के छात्र प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में यह शुभ कार्य संचालित है।



# मतदान करने युवाओं में दिखा उत्साह

**युवा मतदाताओं ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में आहूति डालने का मिला मौका**



**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता इस बात काफी उत्साहित नजर आये। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केन्द्रों में पहली बार मतदान करने युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर वोटिंग की और उत्साहित होकर सेल्फी प्वाइंट में जमकर सेल्फी भी ली। मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर पहली बार वोट करने वाले युवक-युतवियां आज बूथ पर पहुंची। पहुंचे। इस अवसर पर हटकेशर वार्ड की देवांशी गढ़वी और कनिका सिन्हा ने कहा कि पहली बार वोट देकर मुझे काफी खुशी हुई है। वहीं कुमारी मनीषा साहू, कुमारी कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हमें भी अब आहूति देने का अधिकार मिल गया है।

# विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के मतदाताओं में भारी उत्साह

**धमतरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव हेतु 56-सिहावा विधानसभा के जनपद पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलभदर के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 को विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु ट्राइबल मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है। जिसमें कुल मतदाता की संख्या 1039, कमार मतदाता की संख्या 37 है। यह मतदान केन्द्र चुनई तिहार के आधार पर तैयार करते हुए कमार जनजाति हेतु झोपड़ी नुमा सेल्फी जोन बनाया गया है। कमार जनजाति के लोग पारम्परिक औजार जैसे तीर-धनुष, पारम्परिक अनाज रखने हेतु टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुचे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्रायसाईकल की व्यवस्था की गई है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास एवं सहयोग किया जा रहा है।

विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु निर्मित मतदान केन्द्रों में कमार मतदाताओं में भारी उत्साह देखी। इन मतदान केन्द्र में पहुंच कर कमार जनजाति के लोगों ने सफलता एवं सरलतापूर्वक मतदान की और सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

**विधानसभा निर्वाचन सिहावा** - 56 का पोलिंग बूथ क्रमांक- 143, माध्यमिक शाला भवन ग्राम बिलभदर विकासखण्ड नगरी को 'आदर्श बूथ' के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बूथ में सभी मतदान कर्मी आदिवासी, पिछड़ी जनजाति (कमार) महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत 'विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को आदिवासी विकास विभाग द्वारा 'आदर्श मतदान केन्द्र' के रूप में सुसज्जित किया गया है। इस बूथ के माध्यम से कमार मतदाताओं के जीवन को आदर्श बनाने तथा लोकतंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी कराने हेतु उनको मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु शिक्षा से जोड़ने हेतु सामाजिक जन जीवन के स्तर को उंचा उठाने के उद्देश्य से इस बूथ का निर्माण किया गया है। यहां के कमार मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान कराया जाना है और उनके साथ-साथ विधानसभा सिहावा के समस्त मतदाताओं को अपील करने के उद्देश्य से 'आदर्श मतदान केन्द्र' का निर्माण किया गया है। यहां के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये भी प्रोत्साहित किया गया है एवं परिवार के सभी सदस्यों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा चुका है। यहां के मतदाता एक मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान करने हेतु तैयार हैं।



**विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने मतदान कर ली सेल्फी**

# धूमधाम से किया लक्ष्मी विसर्जन




**खरोरा,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम मुड़पार के समाजसेवी संस्था वीआईपी ग्रुप्स मुड़पार द्वारा दीपावली के सुअवसर पर लक्ष्मी चौक पर मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु का प्रतिमा स्थापित किया गया था, जिसके उपलक्ष्य में संस्था द्वारा मातर के दिन रंगोली प्रतियोगिता व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखा गया था। तत्पश्चात अगले दिन गुरुवार को महालक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से डीजे के साथ विसर्जन रैली निकाल कर किया गया, विसर्जन यात्रा मे संस्था अध्यक्ष प्रमोद कुर्मी, भगवती सपहा, अरविंद वर्मा, वेद वर्मा, सोनू देवांगन, जितेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र यदू, केतन धीवर, रोशन वर्मा, छोटू धीवर, अनिल वर्मा, हीरा धीवर, पप्पु यादव, हिरेन्द्र देवांगन, सुर्या धीवर, नीरज वर्मा व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोना धीवर राजेश्वरी वर्मा,साम धीवर, रोशनी धीवर, मनीषा, मोनिका शालू सहित ग्रामवासी बडी संख्या में शामिल रहे।


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भोलू राम कुर्रे


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नीम पेड़ वाली दुकान
सुपर बुक डिपो
पुस्तक कॉपी, स्टेशनरी समान व
ऑफिस से संबंधित आर्डर, सप्लायर
आजाद चौक, सिनेमा लाईन भाटापारा


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
न्यू
प्रकाश मेटाडोर
एण्ड केन सर्विस


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...
मोहन बांधे
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
भाटापारा


आदि कलेक्शन की पेशकश
आदि किड्स
Boys Zone
जींस, टीशर्ट, फुलसूट, बाबा सूट, लोवर, कैपरी, कार्गो, वेस्टकोट, ओवर साईज, इनर वियर्स और भी बहुत कुछ...
अरिजय मोदी
7999577849
द्वारिका ज्वेलर्स के बाजू,स्टेशन रोड भाटापारा
विनोद मोदी
7000330991


दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...
गौरीशंकर अग्रवाल
सरपंच
ग्राम पंचायत गुर्रा
थानुराम यदु
सचिव
ग्राम पंचायत गुर्रा
उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्राम वासी ग्रा.पं. गुर्रा


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


दीपावली, देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अग्रवाल सेनेटरीज
डॉ. महिलांग के बाजू
सिविल लाईन, भाटापारा


दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...
शुभ दिवाली
कन्हैया वर्मा
मीडिया प्रभारी
ब्लाक कांग्रेस कमेटी
भाटापारा